ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इतने रन और ... पेज 12 पर



www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • कार्तिक कृष्ण पक्ष 04 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 01 नवम्बर 2023 • वर्ष-30 • अंक-17 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

## गागर में सागर

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 3 को

**रांची।** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक तीन नवंबर को होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शाम चार बजे प्रोजेक्ट भवन में होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है। कैबिनेट की बैठक में राज्य कर्मियों को चार प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की घोषणा की जा सकती है। इसके अलावा पेसा नियमावली की भी मंजूरी मिल सकती है। कैबिनेट में हरमू फ्लाईओवर निर्माण की भी स्वीकृति देने की तैयारी हो रही है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं संबंध में विभाग में सभी विभागों को पत्र लिखा है और कैबिनेट से जुड़े संलेख मांगे हैं।

### दुमका में 3.7 तीव्रता का भूकंप

**रांची।** झारखंड में मंगलवार तड़के भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.7 रही। इसका केंद्र उप राजधानी दुमका से 24 किलोमीटर उत्तर-उत्तर पूर्व इलाके में जमीन से पांच किलोमीटर की गहराई पर रहा। फिलहाल किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के रांची केंद्र के निदेशक डॉ. अभिषेक आनंद ने दुमका में भूकंप के झटके महसूस होने की पुष्टि की है। उधर, भूकंप के झटके महसूस होते ही दुमका में लोग घरों से निकलकर बाहर मैदान में आ गए।

### विधायक कमलेश सिंह हेमंत सोरेन सरकार से आज लेंगे समर्थन वापस

**रांची।** हुसैनाबाद से एनसीपी (अजीत गुट) विधायक कमलेश सिंह बुधवार को राज्य सरकार से समर्थन वापस लेंगे। कमलेश सिंह ने हुसैनाबाद जिला बनाने की मांग राज्य सरकार से रखी थी, इसके लिए उन्होंने 31 अक्तूबर का डेडलाइन राज्य सरकार को दिया था। ऐलान नहीं होने की स्थिति में उन्होंने एक नवंबर से समर्थन वापसी की बात कही थी। बुधवार को रांची स्थित आवास पर प्रेस कांफ्रेंस कर कमलेश सिंह औपचारिक रूप से राज्य सरकार से समर्थन वापसी का ऐलान करेंगे। उन्होंने दिसंबर 2019 में राज्य सरकार को अपना समर्थन दिया था।

### रिम्स से फिर हुआ कैदी फरार

**रांची।** रांची के रिम्स अस्पताल में इलाज आते कैदी पुलिस की सुरक्षा को भेद फरार हो गया। मामले की जानकारी मिलने के बाद रिम्स में अफरा तफरी मच गई। बरियातू पुलिस सहित कई टीम में फरार कैदी की तलाश में जुटी हुई है। कैदी को रांची जेल से इलाज के लिए रिम्स में भर्ती करवाया गया था। बरियातू पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सूरज मुंडा नाम का कैदी रिम्स से फरार हुआ है। सूरज को 10 अक्टूबर को रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से रिम्स में इलाज के लिए लाया गया था। सीसीटीवी फुटेज जांच में पुलिस को यह जानकारी मिली है कि सूरज मुंडा 31 अक्टूबर की सुबह 2 से 3 के बीच फरार हुआ है। रांची के चुटिया थाना क्षेत्र से सूरज मुंडा नाम को दो माह पूर्व चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार करने के बाद उसे रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया था।

### हाईकोर्ट ने ईडी को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का दिया निर्देश

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट को चाईबासा में मनरेगा घोटाले मामले में दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान ईडी ने बताया कि मामले में ईडी ने एक ईसीआईआर केस दर्ज किया गया है, जिसका अनुसंधान जारी है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मंगलवार को चार सप्ताह में ईडी को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। चाईबासा में मनरेगा घोटाला कि सीबीआई जांच को लेकर मतलूब आलम की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने पैरवी की। वही याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की।

### आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप-2023

पाकिस्तान - 205/3 ( 32.3 ओवर)

बांग्लादेश - 204/10 ( 45.1 ओवर)

**आज का मैच**

न्यूजीलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका : पुणे (2:00 बजे से)

## पलामू की धरती को सीएम हेमंत ने किया नमन, रोजगार मेले में बीजेपी पर हमला

# पहले सत्ता से बाहर किया अब राज्य से बाहर करेंगे : हेमंत सोरेन

- कार्यक्रम में 5100 युवक युवतियों को मिला जॉब ऑफर लेटर
- मौके पर सरकार के मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, मिथिलेश ठाकुर, विधायक बैजनाथ राम व रामचंद्र सिंह मौजूद रहे

संजय कुमार पांडेय





**मेदिनीनगर।** पलामू के पुलिस स्टेडियम में मंगलवार को प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेला सह जॉब ऑफर लेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता व मिथिलेश ठाकुर समेत विधायक बैजनाथ राम एवं रामचंद्र सिंह के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान करीब 5100युवाओं को अलग अलग राज्यों की कंपनियों से जुड़े जॉब ऑफर लेटर प्रदान किये गये । हालांकि तत्काल 1500 युवक व युवतियों को सांकेतिक रूप से ऑफर लेटर दिये गये। इस अवसर पर अपने सम्बोधन के दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने सरकार के विकास कार्यों की चर्चा करते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की दुहाई देने वाले लोगों ने 20वर्षो में राज्य को दीमक की तरह चाट दिया है। ऐसे लोगों को अभी सत्ता से बाहर किया गया है, लेकिन आने वाले दिनों में इन्हें राज्य से बाहर कर दिया जायेगा। सीएम श्री सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार के दामन पर कोई दाग नहीं लगने वाला है। कुछ लोग कोयला, लोहा, गिट्टी व बालू के नाम पर सरकार को सिर्फ बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं। झारखण्ड में खनिज सम्पदाओ की प्रचूरता के बावजूद हमारे लोगों को रोजगार नहीं मिला। झारखण्ड के कोयले से देश रौशन होता है। उन्होंने विकास के क्षेत्र में सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों के साथ कई योजनाओं की चर्चा करते हुए केंद्र सरकार पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। कहा कि हमने राज्य के गरीबों को आवास देने का आग्रह केंद्र सरकार से किया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद सरकार ने योजना बनाई और राज्य के आठ लाख से अधिक परिवारों को अबुआ आवास योजना से जोड़ने का निर्णय लिया है। यह आवास केंद्र की प्रधानमंत्री आवास से बड़ा होगा। इतना ही नहीं राज्य के कलाकारों के लिए भी सरकार नीति बना रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने युवाओं को रोजगार से जोड़ने की मुहीम चला रखी है। राज्य के युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 30 हजार से अधिक युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी दी गई है। उन्होंने कहा की झारखण्ड में एशियन हॉकी चेम्पीयनशिप पहली बार आयोजित हो रहा है। इससे राज्य के खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा है। खेलों के विकास के लिए सरकार गांव गांव में खेल का मैदान तैयार करा रही है। कार्यक्रम को मंत्री आलमगीर आलम एवं सत्यानंद भोक्ता ने सम्बोधित करते हुए राज्य के विकास के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही कई योजनाओं की चर्चा की। मौके पर सीएम के प्रधान सचिव बिनय चौबे, पलामू के आयुक्त मनोज जायसवाल, आईजी राजकुमार लकड़ा, डीसी शशि रंजन, एसपी रिष्मा रमेशन,गढ़वा डीसी शेखर जमुआर व एसपी दीपक पाण्डेय समेत बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

शेष पेज तीन पर पढ़ें।

## रघुवर दास ने ओडिशा के राज्यपाल पद की शपथ ली

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने ओड़िसा के राज्यपाल के तौर पर मंगलवार को शपथ ली। ओड़िसा उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश डॉ न्यायमूर्ति विद्युत रंजन सारंगी ने राजभवन के न्यू अभिषेक हॉल में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। रघुवर दास ने हिंदी में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के बाद मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्यपाल रघुवर दास को बधाई दी। शपथ ग्रहण समारोह के तुरंत बाद कमिश्नरेट पुलिस की टुकड़ी द्वारा राज्यपाल रघुवर दास को गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, ओडिशा विधानसभा की अध्यक्ष प्रमिला मल्लिक, रांची के सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह, बिरंची नारायण, समरी लाल, किशुन दास, पूर्व सांसद अजय मारू, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, प्रकाश राम, पूर्व मेयर आशा लकड़ा, मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की मंत्रिपरिषद के सदस्य, जन-प्रतिनिधि, विभागों के सचिव एवं आमंत्रित सदस्य उपस्थित थे।

### हाईकोर्ट ने दारोगा रूपा तिर्की मौत मामले में ट्रायल पर लगी रोक को हटाया

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में साहिबगंज की दिवंगत महिला थाना प्रभारी रूपा तिर्की की आत्महत्या के आरोपित दारोगा शिव कुमार कनौजिया की क्रिमिनल रिवीजन पर मंगलवार को सुनवाई हुई।याचिका में उन्होंने यह आग्रह किया था कि पुलिस ने इस केस में जो चार्जशीट दाखिल की है, उसे स्वीकार नहीं किया जाए, बल्कि सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार किया जाए। सुनवाई के दौरान अदालत ने ट्रायल पर लगी रोक हटाते हुए शिव कुमार कनौजिया की याचिका निष्पादित कर दिया। हाई कोर्ट के आदेश पर रूपा तिर्की की मौत के केस का ट्रायल रुका हुआ था। जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। शिव कुमार की ओर से अधिवक्ता शेष पृष्ठ 11 पर

## बूढ़ा पहाड़ को मुक्त कराने वाली पूरी टीम को स्पेशल ऑपरेशन मेडल

**ऑपरेशन ऑक्टोपस के जरिए हुआ था बूढ़ापहाड़ पर कब्जा**



**रांची।** झारखंड में भाकपा माओवादियों के खिलाफ ऑपरेशन ऑक्टोपस चलाकर उनके कब्जे से 32 सालों बाद बूढ़ापहाड़ को मुक्त कराने वाली पुलिस व सीआरपीएफ की पूरी टीम को केंद्रीय गृह मंत्री का स्पेशल ऑपरेशन मेडल दिया गया है। केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय ने मंगलवार को राष्ट्रीय गौरव दिवस के मौके पर मेडलों का ऐलान किया। राज्य पुलिस के 16 पदाधिकारी व कर्मियों के साथ साथ सीआरपीएफ के 51 पदाधिकारियों को मेडल से सम्मानित किया गया है।

**किस-किस को किया गया सम्मानित :** वर्तमान में मणिपुर के डीजीपी व तत्कालीन सीआरपीएफ आईजी राजीव सिंह व सीआरपीएफ मध्य जोन के एडीजी अमित कुमार को भी मेडल से सम्मानित किया गया है। दोनों पदाधिकारियों ने राज्य में सेक्टर आईजी रहने के दौरान बूढ़ापहाड़ और बुल बुल जंगल क्षेत्र को माओवाद मुक्त करने में योगदान दिया।

**राज्य के इन अधिकारियों को मिला मेडल :** एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाठकर, आईजी अभियान व जगुआर आईजी अमोल विनुकांत होमकर, आईजी पलामू राजकुमार लकड़ा, डीआईजी रांची व तत्कालीन डीआईजी शेष पृष्ठ 11 पर

## सिविल कोर्ट में नौकरी लगाने के नाम पर 5.85 लाख की ठगी, केस दर्ज

**रांची।** हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के नदी टोला के रहने वाले अमित लिंडा से सिविल कोर्ट में चपरासी की नौकरी दिलाने के नाम पर 5.85 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। ठगी का आरोप हिंदपीढ़ी लाह फैक्ट्री रोड निवासी टूना लकड़ा पर लगा है। इस संबंध में अमित ने टूना लकड़ा के खिलाफ हिंदपीढ़ी थाने में सोमवार को प्राथमिकी दर्ज करायी है। अमित की ओर से दिए गए आवेदन में कहा गया है कि 2018 में वह बेरोजगार था। इस वजह से वह नौकरी की तलाश कर रहा था। इसी दौरान चचेरे भाई लालू लकड़ा के माध्यम आरोपी टूना से उसकी मुलाकात हुई। टूना ने उससे कहा कि वह कई लोगों को सरकारी नौकरी लगा चुका है। तब अमित ने उसे सरकारी नौकरी लगाने का प्रस्ताव दिया। आरोपी ने नौकरी लगाने के एवज में पैसे की डिमांड की तो अमित ने उसे आश्वासन दिया कि जो भी रकम लगेगा वह भुगतान करेगा। इसी क्रम में आरोपी ने अमित को रांची सिविल कोर्ट में चपरासी की नौकरी लगाने की बात कही। जिसपर वह तैयार हो गया। इस एवज में अक्तूबर से नवंबर 2018 के बीच अमित ने आरोपी को 5.85 लाख रुपए नगद दिया। निर्धारित अवधि बीतने के बाद न तो आरोपी ने अमित की नौकरी लगायी और न ही पैसे ही वापस किए। दबाव बनाने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है।

## रेलवे राज्य के यात्रियों को 11 दिसंबर से करायेगा दक्षिण भारत का सफर

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) राज्य के यात्रियों को 11 दिनों का दक्षिण भारत सफर करने का विशेष अवसर देगा। इसके तहत भारत गौरव ट्रेन से ग्यारह दिनों के यात्रा की सुविधा दी जा रही है। इसमें यात्रियों को दक्षिण भारत के तिरुपति, मीनाक्षी मंदिर, रामेश्वर, कन्याकुमारी, त्रिवेंद्रम और मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराये जायेंगे। यह यात्रा 11 दिसंबर से शुरू होकर 22 दिसंबर को समाप्त होगी। मालदा स्टेशन से खुलने वाली इस ट्रेन में यात्रा करने वाले इच्छुक यात्री रांची, बोकारो, जामताड़ा, जसीडीह, धनबाद, न्यू फरक्का, पाकुड़, रामपुर हाट, दुमका, हंसडीहा, भागलपुर, सुल्तानगंज, शेष पृष्ठ 11 पर

**तीन श्रेणियों में टिकट उपलब्ध**

इकोनॉमी स्लीपर क्लास में यात्रा के लिये 22,750 रुपये, स्टैंडर्ड थर्ड एसी से यात्रा के लिये 36,100 रुपये और थर्ड एसी से यात्रा शुल्क 39,500 रुपये है। भारत गौरव ट्रेन योजना के तहत रेल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रेलवे टिकट की दर में 33 प्रतिशत की रियायत भी दे रही है।

### कम लागत के कारण देश के 26 टियर-2 शहर आईटी हब बनकर उभर रहे

## रांची तेजी से उभरता हुआ शहर

**जमशेदपुर भी हो सकता है आईटी हब**

ब्यूरो



**नई दिल्ली।** नैसकॉम-डेलॉय इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार बेंगलुरू,मुंबई, हैदराबाद,दिल्ली जैसे टियर एक शहरों में विकसित आईटी केंद्रों की तुलना में टियर-2 शहरों में प्रतिभा(आईटी कर्मियों) की लागत लगभग 25%से 30% कम हैं, रियल एस्टेट किराये भी 50% तक कम हैं। देश के 15%आईटी टैलेंट इन शहरों से हैं, 60%स्नातक इन शहरों से हैं, 39% स्टार्टअप इन शहरों से हैं। जिसके कारण अब आईटी केन्द्रों का रूझान देश के 26 टियर-2 शहरों की तरफ होने लगा है। जैसे झारखंड की राजधानी रांची आईटी हब के रूप में गति पकड़ रहा है, लेकिन सरकार यदि रणनीति बनाकर कोशिश करें तो जमशेदपुर भी हब हो सकता है।

नैसकॉम व डेलॉय इंडिया की एक नई रिपोर्ट से पता चलता है कि बुनियादी ढांचे के विकास, कौशल, स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र से , 26 टियर-2 शहर प्रौद्योगिकी केंद्रों की अगली लहर के रूप में उभर रहे हैं। इनमें चंडीगढ़, जयपुर, लखनऊ, भोपाल, रांची, गुवाहाटी, भुवनेश्वर, विजयवाड़ा, मदुरै, त्रिची, कोयम्बटूर, मैसुरू और कोच्चि जैसे शहर शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि परिपक्व आईटी केंद्रों की तुलना में टियर-2 शहरों में प्रतिभा की लागत लगभग 25%-30% कम हैं। परिपक्व हब की तुलना में नए शहरों में रियल एस्टेट किराये में भी 50% की बचत होती है। लागत बचत के साथ ये उभरते टियर-2 शहर वैश्विक डिजिटल प्रतिभा केंद्र के रूप में भारत के विकास में योगदान देने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। टायर टू शहर हैं- चंड़ीगढ़, जयपुर, लखनऊ, कानपुर, भोपाल, इंदौर, रायपुर, रांची, गुवाहाटी, अहमदाबाद, नासिक, नागपुर, भुवनेश्वर, वारंगल, विशाखापत्तनम, विजयवाड़ा, हुबली, मंगलुरू, मैसुरू, तिरूपति, वेलोर, कोयंबटोर, मदुरई, तिरूचिरापल्ली, कोची, तिरूवनंथपुरम। फिलहाल भारत की 11% से 15% आईटी क्षेत्र वाली प्रतिभाएं टियर -2 व टियर-3 शहरों में रहती हैं । जैसे-जैसे काम का विकेंद्रीकरण शेष पृष्ठ 11 पर

## समस्याओं का अंबार, नगर निकाय चुनाव के नहीं हैं आसार

- छह माह बाद भी जन प्रतिनिधि विहीन हैं झारखंड के नगर निकाय

अखिलेश चौबे




**मेदिनीनगर।** कार्यकाल समाप्त होने के छह माह बाद भी झारखंड में नगर निकाय चुनाव के कोई आसार नहीं दिख रहे हैं। नगर निकायों के जनप्रतिनिधि विहीन होने के कारण शहरवासियों के समक्ष समस्याओं का अंबार लगा है। शहरों में आम नागरिकों को बुनियदी सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से 74वें संविधान संशोधन अधिनियम के तहत 1992 में नगर पंचायतों की व्यवस्था की गई है। त्रिपक्षीय व्यवस्था के तहत आबादी के आधार पर नगर निगम, नगरपालिका व नगर पंचायतों का गठन किया गया। झारखंड के 15 नगर निकायों का कार्यकाल तो वर्ष 2020 में ही समाप्त हो गया था। कोविड व अन्य कारणों से वहां का चुनाव लगातार टलता रहा। शेष 34 नगर निकायों का कार्यकाल भी 28 से 30 अप्रैल 2023 के मध्य समाप्त हो चुका है। पूर्व में नगर विकास विभाग ने ओबीसी आरक्षण के बगैर ही वर्ष 2023 में नगर निकायों का चुनाव कराने का निर्णय लिया था। बकायदा इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई थी। किंतु 16 मार्च को हुए प्रदेश कैबिनेट की बैठक में विभागीय अधिसूचना को रद्द करते हुए हेमंत सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में ट्रिपल टेस्ट के बाद ही निकाय चुनाव कराने का फरमान जारी कर दिया। तब से प्रदेशवासी नगर निकाय चुनाव के इंतजार में बैठे हैं। किंतु इस दिशा में शासकीय शिथिलता को देखते हुए कब चुनाव कराये जाएंगे। इस संबंध में कोई भी कुछ कहने की स्थिति में नहीं है।

**उम्मीदवारों ने शुरू कर दी थी तैयारी :** नगर विकास विभाग द्वारा जारी निकाय चुनाव की अधिसूचना के तहत 27 अप्रैल तक सूबे में शहरी सरकार शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### पर्यावरणविद् ने दूरदर्शन केंद्र परिसर में कपूर का पौधा किया रोपित



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के दूरदर्शन केंद्र में सोमवार को पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल ने हिमाचल के कपूर का पौधा रोपित कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ उन्होंने उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि मानवीय भूलों के कारण धरती के कई जीव समाप्त हो गए वहीं कई समाप्ति के कगार पर हैं। बढ़ते तापमान व घटते जल स्तर के कारण अकेले भारत में 1372 प्रजाति के पौधे असुरक्षित और संकट की दौर से गुजर रहे हैं। धरती पर रहने वाले जीवों की 37 फीसदी प्रजातियां, पानी में रहने वाले जीवों की 47 फीसदी और 1147 प्रजातियों की मछलियों पर विलुप्त होने का खतरा मंडरा रहा है। अगर लोग समय रहते पर्यावरण बचाने की मुहिम में शामिल नहीं हुए तो मानव जाति का अस्तित्व भी संकट में आ जाएगा। पर्यावरण संबंध में उनके संदेश का डीडी झारखंड पर दो नवम्बर की शाम 4:30 बजे प्रसारण भी किया जाएगा। इस अवसर पर अनुज कुमार सिंह, सायंतन चक्रवर्ती, मोहम्मद अजीम, धर्मेंद्र मेहता, महेंद्र, पंडित विश्वजीत कुमार, श्याम किशोर पांडेय, संतोष कुमार, बिरथ कुमार आदि मौजूद थे।

### चिराग पासवान का मना जन्मदिन

**हरिहरगंज।** लोजपा आर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का जन्म दिन मंगलवार को प्रखंड के अंबा गांव स्थित श्रीशंकर क्लिनिक परिसर में केक काटकर व मिठाइयां बांटकर धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रखंड अध्यक्ष पंकज पासवान ने कहा कि चिराग पासवान सिर्फ पार्टी के ही पूरे देश के युवाओं के नेता हैं। इस मौके पर डायरेक्टर डॉ. दीपक कुमार पासवान, समाजसेवी डॉ. अमरजीत यादव, पंकज पासवान, राजू पासवान, अभिजीत पासवान, संजीत कुमार, पंकज कुमार, कमलेश कुमार, दीपक कुमार, शिशुपाल कुमार, बबलू कुमार, बाबू डॉन, विकास यादव, शिक्षक नवनीत, लाइसेंसी पासवान, पंकज, विक्की पासवान, अविनाश शामिल थे।

### जीसीपीए कॉलेज में धूमधाम से मनी लौह पुरुष की जयंती

**छतरपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती उत्साह व उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के संस्थापक सचिव सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल, माँ सरस्वती एवं लौह पुरुष के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो राजकिशोर लाल ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल को भारत को एकजुट करने वाले व्यक्ति के रूप मे उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। उपस्थित कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। परीक्षा नियंत्रक अमित कुमार सिंह एवं प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने उनके जीवन को युवाओं का प्रेरणास्रोत बताया। धन्यवाद ज्ञापन योगेंद्र विश्वकर्मा ने किया।

### जेएससीसी परीक्षा में धांधली से रोष

# भाजयुमो ने फूंका सीएम का पुतला

**अन्य राज्यों में पूर्व से ही काम कर रहे लोगों को नियुक्ति पत्र देकर सरकार भोली-भाली जनता की आँखों में धूल झोंकने का कार्य कर रही है**




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जेएससीसी परीक्षा में धांधली का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू द्वारा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मोर्चा के जिलाध्यक्ष ज्योति पांडेय ने जेएससीसी की विभिन्न पदों हेतु अयोजित परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली को लेकर राज्य भर के प्रतियोगी छात्रों में काफी रोष व्याप्त है। युवा मोर्चा राज्य के युवाओं की आवाज बन निकम्मी युवा विरोधी सोरेन सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करती रहेगी। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों में पूर्व से ही काम कर रहे लोगों को नियुक्ति पत्र देकर सरकार भोली-भाली जनता की आँखों में धूल झोंकने का कार्य कर रही है। सीएम के आगमन पर स्कूल-कालेजों को बंद कराकर स्कूल बसों से बच्चों को राजनीतिक कार्यक्रम में बुलाकर वाहवाही बटोरी जा रही है। इनकी सोच शैक्षणिक व्यवस्था को ध्वस्त करने का कार्य कर रही है। भाजपा नेता परशुराम ओझा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा राज्य भर में घूम-घूम कर ऑफर लेटर बांटने का नाटक केवल आई वास है। अविनाश वर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा अब तक किसी भी पद के लिए कोई भी नियुक्ति नहीं लेना हास्यस्पद है। पुतला दहन में विपुल गुप्ता, रोहित शर्मा, सत्यवान तिवारी, चन्दन केसरी, रोहित पाठक, राजकुमार वर्मन, सोमेश सिंह, जितेंद्र तिवारी, अविनाश सिन्हा, विकास सिंह, रंजीत चंद्रवसी, प्रधान कुमार, पंकज शर्मा, अमित आनंद समेत कई शामिल हुए।

## भाकपा ने बनाई डीसी के घेराव की रणनीति

नवीन मेल संवाददात

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के हरिहरगंज अंचल इकाई ने सिमरवार गांव में बैठक कर आगामी 9 नवंबर को डीसी के घेराव की रणनीति बनाई। जनेश्वर राम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भाकपा जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने आम लोगों की समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि एक तरफ जिला भीषण सूखे की चपेट में है। राशन की कालाबाजारी व बेरोजगारी चरम पर है। दूसरी तरफ शासन-प्रशासन अपनी ही धुन में मस्त है। घर बनाने के लिए बालू चालू कराने, जिले में नया उद्योग लगाने, बंदोबस्त गैरमजरूआ जमीन की रसीद कटाने एवं भ्रष्टाचार के सवाल पर आगामी 9 नवंबर को पलामू डीसी का घेराव किया जाएगा। इसमें इलाके से 500 लोग शिरकत करेंगे। वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि आज केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है वहीं छात्र नौजवान बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। जहां खाद्य पदार्थों में भी जीएसटी लगा दिया गया है वहीं मनरेगा में कोई काम नहीं है। ग्राम सिमरवार में आम जनता की कृषि भूमि को टाटा कंपनी ने खरीद लिया है व दोहरी रसीद व्यवस्था कायम हो गई है। ऐसी स्थिति में आम जनता को अपनी समस्याओं के निदान के लिए सड़क पर उतरना होगा। एआइएसएफ के जिला सचिव मृत्युंजय तिवारी ने रोजगार के सवाल पर छात्र नौजवानों को भी 9 नवंबर को डीसी के समक्ष प्रदर्शन में आने का आह्वान किया। बैठक में राज परिषद सदस्य सुरेश ठाकुर, ललन पासवान, पप्पू राम, जनेश्वर पासवान, प्रयाग भुइंया, शत्रुघ्न भुइंया, सनोज कुमार, मुकेश पासवान उपस्थित थे।

### आजसू ने मनायी सरदार पटेल की जयंती

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के वनस्पति गांव स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय परिसर में मंगलवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आजसू जिला सचिव जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा तथा विशिष्ट अतिथि प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की दूरदर्शी सोच के कारण ही अनेक रियासतों को देश में विलय कराया जा सका। जिसके कारण उन्हें लौह पुरुष की उपाधि से सम्मानित किया गया था। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अरुण राम के अलावा उपस्थित थे।

## गर्भवती महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर एक स्थित रमेश राम के घर में रहने वाले किराएदार रामदीप कुमार राम की 19 वर्षीय पत्नी प्रिया कुमारी ने सोमवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पति ने घटना की सूचना हरिहरगंज थाना को दी। सूचना मिलते ही एसआई अनूप कुमार व रेणुका टुडू के नेतृत्व में पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेजवाया। मृतका औरंगाबाद बिहार के अंबा थाना अंतर्गत कसौटी गांव की रहने वाली थी। एक वर्ष पूर्व ही प्रिया ने रामदीप से लव मैरिज किया था। बताया जाता है कि पति के देर रात घर लौटने पर सोमवार की रात पति-पत्नी में कहासुनी हुई थी। इससे नाराज होकर प्रिया ने कमरा बंद कर खुदकुशी कर ली।

# विधायक ने तहसील भवन निर्माण का किया शिलान्यास



नवीन मेल संवादाता

**हरिहरगंज।** क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के ढाब कला गांव स्थित तहसील कचहरी सह हल्का कर्मचारी भवन निर्माण का ऑनलाइन शिलान्यास किया। भवन निर्माण विभाग योजना मेदिनीनगर द्वारा भवन निर्माण कराया जाएगा। कार्य स्थल पर विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह तथा हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़ा। उपस्थित लोगों को ऑनलाइन संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि वह क्षेत्र के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील हैं। लगातार क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क सहित विभिन्न विकास योजनाओं को सुदृढ़ करने का प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर संवेदक प्रमोद गुप्ता, एनसीपी प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष उदय सिंह, जनेश्वर भुइयां, जितेंद्र मेहता, मंटू मेहता, अरविंद शर्मा, संतोष कुमार मिश्रा, पुरोहित सुनील मिश्रा, डिप्टी महतो, दीनानाथ पासवान, कुंदन, हिमांशु, अनु, दीपक उपस्थित थे।

## पंचायत स्वयंसेवकों ने किया प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहर के ब्लॉक रोड स्थित पंच सरोवर मंदिर पार्क परिसर में पंचायत स्वयंसेवकों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता हुसैनाबाद इकाई के अध्यक्ष राहुल कुमार सिंह ने किया। बैठक के बाद सर्वसम्मति से लिये गए निर्णय में स्वयंसेवको की चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर चर्चा की गई। साथ ही सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए संघ के आह्वान पर आगामी 7 नवम्बर को नंग-धड़ंग प्रदर्शन की रणनीति बनाई गई। निर्णय लिया गया कि जब तक मांगे पूरी नही कर ली जाती हैं आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से सुधीर कुमार, राकेश कुमार, अमित कांत सिंह, बिक्रम कुमार रंजन, प्रकाश कुमार वर्मा, हर्मेन्द्र कुमार सिंह, सविता सिंह, सतेंद्र कुमार ठाकुर, ममता कुमारी, हेमशीला कुमारी, अक्षय कुमार, दीपक कुमार सिंह, सत्यवन्त पाल, बिजेंद्र कुमार सिंह, बहादुर पासवान मौजूद थे।

### नौजवान सभा ने लगाया सहायता केंद्र

**पाटन।** इंकलाबी नौजवान सभा के जिला सचिव पवन विश्वकर्मा ने प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को पाटन प्रखंड में सहायता केंद्र स्थापित किया। सचिव ने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को संचालित सहायता केंद्र के माध्यम से आम जनता की लगातार मदद की जा रही है। केंद्र पर आये आवेदनों को प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौप कर अविलंब निदान करने की मांग की गई।

### बच्चों ने निकाली एकता रैली, पटेल के नारों से गूंजा क्षेत्र

# स्वतंत्रता सेनानी के वंशज का किया गया सम्मान, विजेताओं को मिला पुरस्कार



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो डालटनगंज द्वारा लौह पुरूष सरदार पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान नीलांबरपुर-पीतांबरपुर (लेस्लीगंज) के राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय में विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। 700 से अधिक बच्चों ने एकता रैली निकाली। अमर रहें सरदार के नारे से संपूर्ण लेस्लीगंज गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम के शुरूआत में अतिथियों ने लौह पुरुष के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। सीबीसी डालटनगंज के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर द्वारा अतिथियों को मोमेंटो देकर उनका स्वागत किया गया। विषय प्रवेश कराते हुए श्री पुष्कर ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात देश की एकता और अखंडता को सुनिश्चित करने में सरदार पटेल की भूमिका अतुलनीय है। कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथि के तौर पर उपस्थित स्वतंत्रता सेनानी सहाय जी के वंशज विंध्याचल प्रसाद को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कोट पंचायत की मुखिया जूली सिंह, सदर लेस्लीगंज की मुखिया रेखा देवी और कुराइन पतरा की मुखिया पूनम देवी ने लोगों को सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेने की सीख दी। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्राचार्य अमरेश कुमार सिंह ने प्रस्तुत किया। संचालन क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार ने किया।

# सरदार पटेल व इंदिरा गांधी को याद किया



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** मंगलवार को मिडिल स्कूल परिसर में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 147वीं जयन्ती व लौह महिला इंदिरा गांधी की 39 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया गया। समारोह का प्रारंभ द्वय विभूतियों के चित्र के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। विभागीय निर्देशानुसार शपथ पत्र पढ़ा गया। प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद, पुष्पा कुमारी, जुबैर अंसारी, राजेश कुमार गुप्ता, आशा कुमारी, सुषमा पांडेय, पूनम कुमारी, राजेश कुमार सिन्हा, प्रमोद मेहता सहित बाल संसद के प्रधानमंत्री सुमंत कुमार ने भी पुष्पांजलि अर्पित किया। इसी क्रम में शहर के पटेल चौक पर स्थापित प्रतिमा के पर राजद प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक संजय सिंह यादव, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुदीन सिद्दीकी, उषा देवी, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, हैदरनगर बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश कुमार सिंह, जाकिर अली उर्फ राज अली, राजकुमार कश्यप, डॉ. एजाज आलम, सुदेश्वर नारायण सिंह, वार्ड पार्षद उमा देवी समेत कई लोगो ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व पटेल विचार मंच के सचिव सूर्यनाथ राम पासवान एवं गौतम पटेल ने किया। आयोजन में अजित चौधरी, प्रवीण चौधरी, प्रदीप पटेल, मोहित पटेल, राकेश पटेल, राहुल पटेल, नीतीश पटेल, प्रवीण पटेल, पवन पटेल, काजू पटेल, संतोष चौधरी, धीरेंद्र पटेल आदि ने महती भूमिका निभाई।


## उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा (मनरेगा कोषांग)

**सूचना**

इस कार्यालय के ज्ञापांक 571/म.को. दिनांक 29.09.2023 द्वारा मनरेगा अंतर्गत तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक, कम्प्यूटर सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक के रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया है, जिसके आलोक में अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्रों में वर्णित अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता तथा अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता प्राप्तांक के आधार पर प्रारम्भिक सूची का प्रकाशन लोहरदगा जिला के वेबसाईट (http://www.lohardaga.nic.in) में कर दिया गया है।

निदेशानुसार सूचित करना है कि किसी अभ्यर्थी को उक्त प्रारम्भिक सूची में यदि कोई आपत्ति हो तो दिनांक 06.11.2023 को अपराह्न 05.00 बजे तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, जिला परिषद भवन, लोहरदगा के कार्यालय में अपनी लिखित आपर्त्ति दर्ज करा सकते है।

वैसे अभ्यर्थियों जिनके आवेदन के साथ संलग्न शैक्षणिक अंक पत्र में प्राप्तांक प्रतिशत के स्थान पर CGPA, DGPA, SGPA, AGPA आदि अंकित है, वे अपने CGPA, DGPA, SGPA, AGPA आदि को प्राप्तांक प्रतिशत में परिवर्तन करने के लिए अपने शैक्षणिक संस्थान का Mark Conversion Certificate संलग्न करते हुए अनिवार्य रूप से दावा आपत्ति समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

वैसे अभ्यर्थियों जिनके द्वारा पी0जी0डी0सी0ए0 प्रमाण पत्र समर्पित किया गया है, वे संबंधित संस्थान का मान्यता (AICTE/NIELIT/UGC etc.) संबंधी प्रमाण पत्र संलग्न करना सुनिश्चित करेंगे।

निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

परियोजना पदाधिकारी
जि.ग्रा.वि.अभि. लोहरदगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, लोहरदगा।

PR.NO.310241 Lohardaga(23-24):D



## कार्यालय, जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा

**(प्रेस विज्ञप्ति)**

कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(सहकारिता प्रभाग) के अंतर्गत निबंधक सहयोग समिति, झारखण्ड राँची के पत्रांक–2405(6), दिनांक–17.10.2023 के आलोक में गढ़वा जिला के बरडीहा तथा रमना प्रखण्ड में दो बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समिति लिमिटेड का गठन किया जाना है।

प्रस्तावित बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समिति लिमिटेड का गठन से संबंधित विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र0 | प्रस्तावित समिति का नाम | पंचायत | प्रखण्ड | कार्यक्षेत्र | संबंधित सहकारिता प्रसार पदाधिकारी का नाम / दुरभाष संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आदर बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समिति लिमिटेड। | आदर | बरडीहा | सम्पूर्ण आदर पंचायत | श्री बिनोद कुमार सहाय 6203046389 |
| 2 | बुल्का बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समिति लिमिटेड। | बुल्का | रमना | सम्पूर्ण बुल्का पंचायत | मो0 हासिम अंसारी 7250233995 |

प्रस्तावित समिति के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत निवास करनेवाले परिवार से अनुरोध है कि प्रत्येक परिवार से एक व्यस्क व्यक्ति 110.00 रू0 देकर समिति के सदस्य बन सकते है। सदस्य बनने के लिए ऊपर अंकित सहकारिता प्रसार पदाधिकारी से सम्पर्क स्थापित कर सकते है, साथ ही साथ जिला सहकारिता पदाधिकारी गढ़वा के कार्यालय में भी अपना आधार कार्ड, फोटो तथा 110.00 रू नगद जमाकर सदस्य बन सकते है।

**नोटः–दिनांक–10.11.2023 तक प्रस्तावित समिति गठन कर लिया जाएगा।**

जिला सहकारिता पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 310300 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 23-24 (D)



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

(E- Mail – ID – rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकाली नई–निविदा सूचना संख्या **RDD/SD/LOHARDAGA/E-06/2023-24 (2nd call)** जिसका पी0 आर0 सं0 **PR 306151 Lohardaga (23-24)D** है, के ग्रुप संख्या 01 को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा।

PR.NO.310286 Lohardaga(23-24):D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –01/2023–24**

**पंचम आमंत्रण**

1. विभाग का नाम – पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड रांची
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय – 02/11/2023 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 09/11/2023 को 5.00 बजे अपराह्न तक
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान) – 10/11/2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल के कार्यालय में।
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय – 10/11/2023 के अपराहन 5.00 बजे से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला
8. प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नम्बर – 7488491963
9. ई–प्राक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नम्बर – 7488491963
10. कार्य की विवरणी

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Operation and maintenance of Gumla urban W/S/S by outsourcing agency including providing all manpower's, chemicals, reagents different materials etc. required for successful operation of the scheme including repair of all civil structures (Intake well, Infiltrati on wells, gallery, WTP, ESR), Rising & Distribution pipelines, mechanical & electrical equipments etc. all complete job on "Turn-key basis" to provide drinking water confirmin g WHO norms for the Year 2023-24 (15-11-23 to 31-3-24) | 18,91,215 | 38,000 | 5000.00 | 31-03-2024 |

निविदा की नियम एवं शर्ते :–कार्यालय सूचना पट पर उपलब्ध है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल गुमला

PR 310270 Drinking Water and Sanitation(23-24)D



## कार्यालयः असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा

पत्रांक .................................। **Walk in interview** दिनांक ................................./

अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 660 (5) दिनांक 07.07.2023 के आलोक में चलन्त ग्राम क्लिनिक के संचालन हेतु आयुश चिकित्सकों की अनुबंध आधारित सेवा प्राप्त किया जाना है। लोहरदगा जिले में शेश बचे अनुसूचित जनजाति वर्ग की एक रिक्ति के लिए Walk in interview के माध्यम से अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक चिकित्सकों से निम्नांकित शर्त्तों के अनुरूप आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र0 सं0 | विवरणी | आवश्यक भार्त्त |
|---|---|---|
| 1 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता (आयुष चिकित्सक पद के लिए) | मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से B.H.M.S./B.U.M.S./B.A.M.S. डिग्री तथा कम्पयुटर प्रयोग करने का ज्ञान। |
| 2 | उम्र सीमा | अधिकतम 60 वर्ष |
| 3 | वर्ग (Category) | अनुसूचित जनजाति |
| 4 | मानदेय (आयुष चिकित्सक पद के लिए) | रू0 21000/– प्रतिमाह। |
| 5 | पद की संख्या | 01 (एक) |

- चयनित चिकित्सक को भुगतेय मानदेय से नियमानुसार T.D.S की कटौती की जाएगी।
- चयनित चिकित्सक द्वारा भविश्य में नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
- Walk in interview में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
- इच्छुक उम्मीदवार Walk in interview के लिए अपने Bio Data के साथ सभी मूल प्रमाण पत्र एवं स्वः– अभिप्रमाणित छाया प्रति के साथ जिला परिशद कार्यालय भवन, लोहरदगा में दिनांक 07.11.2023 को 02:00 बजे अपराह्न तक उपस्थित होना सुनिश्चित् करेंगे। इच्छुक उम्मीदवारों द्वारा जिला के NIC Portal, https://lohardaga.nic.in में Uploaded प्रपत्र में वांछित सूचनाएँ भर कर लाना अनिवार्य होगा। उम्मीदवार इस प्रपत्र को NIC Portal, https://lohardaga.nic.in से प्राप्त कर सकते हैं।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य
चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 310242 (Lohardaga)23-24*D

## गागर में सागर

### ओझा-गुनी को लेकर दबंगों ने मां-बेटी के साथ की मारपीट

**मेदिनीनगर।** ओझा-गुनी के चक्कर में दबंगों ने रामगढ थानाक्षेत्र अंतर्गत नावाडीह गांव निवासी महिला और उसकी बेटी के साथ मारपीट की। घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल राजेश्वरी देवी ने बताया कि सोमवार की दोपहर वह अपने घर में थी। तभी गांव के गरीब बैठा पत्नी गुड्डी देवी और एक अन्य व्यक्ति कंचन रजक उसके घर पर पहुंचे व झगड़ा करने लगे। इसी बीच आरोपितयों ने मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंची उनकी नीतू देवी के साथ भी जमकर मारपीट की गई। परिजनों द्वारा घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद राजेश्वरी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। दोनों की स्थिति अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। परिजनों की सूचना पर पहुंची रामगढ़ थाना की पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### स्कॉर्पियो व बाइक की टक्कर में एक की मौत, दो युवक गंभीर

**मेदिनीनगर।** स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर में नावाबजार थाना क्षेत्र के ग्राम इटको निवासी रहीम अंसारी के पुत्र मोहम्मद रजा उम्र 18 वर्ष की मौत हो गई। जबकि इटको गांव के ही रमजान अंसारी के पुत्र सलाउद्दीन अंसारी उम्र 20 और परवेज अंसारी के पुत्र रूमान अंसारी उम्र 22 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बारे में मृतक के परिजनों ने बताया कि तीनों गांव से प्रतिदिन मजदूरी करने के लिए छतरपुर जाया करते थे। सोमवार की शाम छतरपुर से मजदूरी कर तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर घर आ रहे थे। तभी रास्ते में अनियंत्रित स्कार्पियो ने उन्हें टक्कर मार दी। जिसमें तीनों बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल गए। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल ले आये। जहां इलाज के क्रम में मोहम्मद रजा की मौत हो गई। वहीं रूमान अंसारी की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया है। घटना के बाद चालक घटनास्थल से फरार हो गया। घटना का कारण स्कॉर्पियो का टायर ब्लास्ट होना बताया जा रहा है। पुलिस स्कॉर्पियो को जब्त कर थाना ले आई। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### नौसेना के अधिकारियों को मृत्युदंड विफलता : शत्रु

**मेदिनीनगर।** नौसेना के 8 पूर्व जांबाज अधिकारियों को कथित जासूसी के आरोप में कतर सरकार द्वारा मृत्युदंड की सजा सुनाना मोदी सरकार की विदेश नीति की घोर विफलता है। इससे केंद्रीय विदेश मंत्री व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की कूटनीतिक व राजनयिक विफलता उजागर हो गई है। नावाबाजार स्थित अम्बेडकर ग्राम रबदा में आयोजित लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जयंती समारोह में झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि अगर मोदी सरकार अविलम्ब ठोस कदम उठाते हुए सभी पूर्व अधिकारियों को सही सलामत स्वदेश वापसी नहीं कराई तो देश की जनता उसे माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि संघ के इशारे पर मध्य-पूर्व एशिया की नीति में बदलाव कर इजरायल-फिलिस्तीन युद्व में इजरायल का समर्थन करना गलत कदम है।

### स्टूडेंट्स फेडरेशन ने किया प्राचार्य को सम्मानित

**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने जनता शिवरात्रि के प्राचार्य राणाप्रताप सिंह को उनके विदाई समारोह के दौरान सम्मानित किया। बताते चलें की प्राचार्य श्री सिंह की सेवानिवृत हो गए हैं। फेडरेशन के जिलाध्यक्ष विपिन यादव और सचिव मोहित साहू द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ और शॉल देकर सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि राणा प्रताप सर ने महाविद्यालय का काया कल्प कर दिया। उन्हीं के नेतृत्व में महाविद्यालय ने आशातीत प्रगति करते हुए जिले में अपना नाम रौशन किया है। एक प्राचार्य के रूप में उनका कार्यकाल बहुत ही शानदार रहा है। जिला सचिव मोहित साहू ने कहा कि वे हम सभी के प्रेरणा स्रोत हैं। फेडरेशन उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

### नपं कार्यालय में मना राष्ट्रीय एकता दिवस

**विश्रामपुर।** मंगलवार को विश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल व पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने अपने संबोधन ने कहा की हमें महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके विचारों और सिद्धांतों को अपने जीवन में अंगीकृत करना चाहिए। इस दौरान कर्मियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता व सुरक्षा से संबंधित शपथ ली। कार्यक्रम में नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार,सीटी मिशन मैनेजर जितेंद्र कुमार,दीपक कुमार,सुबोध कुमार मौजूद थे।

## राष्ट्रीय नवीन मेल के कैमरे ने देखा मुख्यमंत्री का कार्यक्रम


युवती को जॉब लेटर देते सीएम


कार्यक्रम का उद्घाटन करते सीएम व अन्य


कार्यक्रम में उपस्थित लोग


चियांकी हवाई अड्डा पर सलामी लेते सीएम


डिजिटल कियोस्क का उद्घाटन करते सीएम


बरखा पुस्तक का विमोचन करते सीएम व अन्य

### हमारे किसानों का खेत -खलिहान व पशुधन ही उनका बैंक खाता है

# राज्य में चारो ओर से रोजगार के दरवाजे खुल चुके हैं : सीएम

**कई चुनौतियों से निपटते हुए विकास को दे रहे रफ्तार**

**20 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र मिल चुका है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय पुलिस स्टेडियम में मंगलवार को आयोजित प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेला सह जॉब ऑफर लेटर वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज राज्य में चारो ओर से रोजगार के दरवाजे खुल चुके हैं। इसी कड़ी में सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों पर व्यापक पैमाने पर नियुक्तियां हो रही हैं। 20 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र मिल चुका है। वहीं जेपीएससी जेएसएससी और अन्य माध्यमों से तकरीबन 40 हजार पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया तेजी से चल रही है। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ युवाओं को रोजगार नहीं दे रहे हैं बल्कि उन्हें प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज करने के लिए सरकारी मदद भी कर रहे हैं। इसके अलावा युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हमारी कोशिश है कि यहां के युवाओं को अपने ही राज्य के अंदर रोजगार उपलब्ध करा सकें।



कहा कि एक ओर सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों पर बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है तो निजी क्षेत्र में भी यहां के स्थानीय नौजवानों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने नियम बनाए हैं। उन्होंने कहा कि अब राज्य में कार्यरत निजी संस्थानों और कंपनियों में 40 हजार रुपए प्रति माह तक की नौकरियों में यहां के आदिवासियों -मूल वासियों को 75 प्रतिशत रोजगार देना अनिवार्य होगा। आज एक साथ पांच हजार से ज्यादा युवाओं को ऑफर लेटर देने पर बहुत ही खुशी और सुखद अहसास हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की गिनती राज्य के पिछड़े राज्यों में होती है ।यहां के किसान- मजदूर गरीब है । उनके पास कोई कोई जमा धन नहीं होता है। वे रोज कमाते हैं और रोज खाते हैं । उनका खेत- खलिहान और पशुधन ही उनका बैंक खाता है। ऐसे में हमारी सरकार किसानों- मजदूरों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रही हैं। ताकि, उनकी आय को बढ़ाने के साथ जीवन स्तर को भी बेहतर बना सकें। मुख्यमंत्री ने किसानों से कहा कि वे बिरसा हरित ग्राम योजना से जुड़ें और अपनी जमीन पर फलदार पौधे लगाकर अपनी आय को बढ़ाएं ।इसमें सरकार आपको पूरा सहयोग कर रही है । उन्होंने कहा कि जब हमारी सरकार बनी तो कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को अपनी गिरफ्त में ले लिया। जब कोरोना से निजात मिली तो सुखाड़ का सामना करना पड़ा । लेकिन, आप सभी के सहयोग से हम इन चुनौतियों से निपटते हुए विकास को रफ्तार दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर, आदिवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक, बुजुर्ग महिला नौजवान और दिव्यांग सभी के लिए योजनाएं हैं। हमारा प्रयास है कि सभी वर्ग और तबका राज्य के विकास में भागीदार बने मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों को शहर और जिला मुख्यालय से सीधा संपर्क और सुलभ आवागमन के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना भी शुरू की जा रही है। इस योजना के तहत लगभग एक करोड़ लोग निःशुल्क यात्रा कर सकेंगे। इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता , विधायक रामचंद्र सिंह और बैद्यनाथ राम, जिला परिषद अध्यक्षा प्रतिमा कुमारी, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे , श्रम सचिव राजेश शर्मा, प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल ,पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा, जेएसएलपीएस के मिशन डायरेक्टर सुनील कुमार और पलामू ,गढ़वा तथा लातेहार जिला के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### मंच पर कुर्सी नहीं मिली तो राजद नेताओं ने मचाया हंगामा

**मेदिनीनगर।** स्थानीय पुलिस स्टेडियम में मंगलवार को प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेला सह जॉब ऑफर लेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य रूप से उपस्थित थे। इनके अलावे सरकार के कई मंत्री भी मौजूद थे। कार्यक्रम शुरू ही हो रहा था कि राष्ट्रीय जनता दल के पलामू व गढ़वा के जिला अध्यक्षो ने हंगामा शुरू कर दिया। राजद जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा एवं सूरज कुमार सिंह की शिकायत थी कि इस कार्यक्रम में उन्हें कोई तरजीह नहीं दी गई। मंच पर उन्हें बैठने तक नहीं दिया गया। नाराजगी ऐसी थी की उक्त राजद नेताओ ने सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। हालांकि स्थिति की नजाकत को देखते हुए पलामू के डीसी एवं एसपी ने दोनों को समझा बुझाकर शांत किया। बाद में उन्हें मंच पर जगह दी गई।

### कार्यक्रम में नहीं पहुंचे भाजपा के सांसद व विधायक

**मेदिनीनगर।** स्थानीय पुलिस स्टेडियम में मंगलवार को आयोजित प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेला सह जॉब ऑफर लेटर प्रमाण वितरण कार्यक्रम में प्रमंडल के पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिले के सांसद व सभी विधायकों को आमंत्रण दिया गया था, लेकिन कार्यक्रम में सिर्फ लातेहार व मनिका के ही विधायक पहुंचे। भाजपा के सांसद एवं विधायकों ने कार्यक्रम से दूरी बनाये रखी। पलामू के सांसद वीडी राम समेत विधायक आलोक चौरसिया, डा. शशिभूषण मेहता, रामचंद्र चंद्रवंशी, पुष्पा देवी व भानुप्रताप शाही इस कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। इनके अलावे हुसैनाबाद के एनसीपी विधायक कमलेश सिंह की भी कार्यक्रम में उपस्थिति नहीं रही।

## अधिकारियों ने किया सीएम का स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का चियांकी हवाई अड्डा पर प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल, जोनल आईजी राजकुमार लकड़ा, पलामू उपायुक्त शशि रंजन एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। हवाई अड्डा परिसर में मुख्यमंत्री को जिला प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्यमंत्री के आगमन के पूर्व ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड के मंत्री सत्यानंद भोक्ता चियांकी हवाई अड्डा पहुंचे थे। प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल एवं उपायुक्त शशि रंजन आदि ने उनका स्वागत किया। उक्त पदाधिकारियों के अलावा मनिका विधायक रामचंद्र सिंह सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, कार्यकर्ता, समाजसेवी उपस्थित थे।



## नियुक्ति पत्र के नाम पर युवाओं को लालीपॉप थमा रही सरकार : एबीवीपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बेरोजगारी के मुद्दे पर प्रदेश सरकार को घेरते हुए आरोप लगाया है कि नियुक्ति पत्र के नाम पर हेमंत सरकार युवाओं को लालीपाप थमा रही है। परिषद के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे ने कहा कि झारखंड प्रदेश में गिरती शिक्षा व्यवस्था सहित महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में अधिकारी एवं पदाधिकारी के भारी संख्या में रिक्त पदों सें छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। झारखंड राज्य के अधिकतर विश्वविद्यालय में कुलपति,परीक्षा नियंत्रक जैसे अहम पद रिक्त हैं। गिरती शिक्षा व्यवस्था का आलम यह है कि मुख्यमंत्री द्वारा स्कूल आफ एक्सीलेंस का दर्जा दिये गये पलामू के सरकारी विद्यालयों में भी नामांकन के नाम पर फर्जीवाडा को अंजाम दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा जांच के बाद दोनों विद्यालयों के प्राचार्यो को पदमुक्त कर दिया गया था। परंतु जिला शिक्षा पदाधिकारी अभी तक पद पर जमे हुए हैं। वर्तमान राज्य सरकार की नीति और नियत को झारखंड के युवा समझ गए हैं।

## एथलेटिक्स में बीसीसी मिशन की शिवानी व सुहानी ने जीते गोल्ड

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बीसीसी मिशन बालिका उच्च विद्यालय की शिवानी व सुहानी ने अपने-अपने वर्ग में गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम होटवार में 27 से 31 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता के अंडर 14 वर्ष बालिका वर्ग के डिस्कस थ्रो स्पर्धा में विद्यालय की शिवानी सिंह ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं अंडर 17 वर्ष आयु वर्ग शॉट पुट में सुहानी सिंह ने गोल्ड मैडल प्राप्त किया। विजयी खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए प्रधानाध्यापिका सिस्टर इग्नेशिया लकड़ा, सहायक शिक्षक सह पलामू जिला ओलंपिक संघ सचिव संजय कुमार त्रिपाठी,सिस्टर अनास्तासिया, सिद्धार्थ कुमार, सिस्टर एड्रियाना बड़ा, सिस्टर सुचिता टोप्पो,शोषण बेक, सुशीला एनिमा कुल्लू,वीणा टोप्पो, शुभा प्रतिमा टोप्पो, अनुभा टोप्पो, रेखा कुमारी आदि ने उनका उत्साहवर्द्धन किया है।






**नमन** | मनाई गई इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि व लौह पुरूष की जयंती

## रक्तदान कर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने इंदिरा व पटेल को किया याद

**पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर देश में एक नई क्रांति लाई थी : वित्त मंत्री**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मंगलवार को पलामू जिला युवा कांग्रेस द्वारा आयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि व लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के मौके पर रक्तदान किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर देश में एक नई क्रांति लाई थी। 1971 के भारत-पाक युद्ध में पाक को चारों खाने चित कर उन्होंने उसका दो फाड़ कर दिया था। जबकि आजाद भारत में सभी रियासतों को जोड़कर एक मजबूत देश बनाने में देश के पहले गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने अहम भूमिका निभाई। युवा कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मुन्ना खान ने कहा की पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने देश में गरीबी व अमीरी की खाई को पाटने का काम किया था। कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक, लोक सभा प्रभारी रूद्र शुक्ला व युवा कांग्रेस के प्रभारी विजय बहदूर सिंह की उपस्थिति में मुन्ना खान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर विश्रामपुर विधानसभा अध्यक्ष गुलाम नबी, हुसैनाबाद विधानसभा के कार्यकारी अध्यक्ष नवीन कुमार पासवान, रोशन कुमार, प्रभात चौरसिया, मोहम्मद राशिद, मोहम्मद कैफ, मणिकांत सिंह, सौरभ तिवारी, शोएब अख्तर, अजय कुमार, कैशर अली मौजूद रहे।



## गागर में सागर

### एसडीओ ने कर्मियों संग की समीक्षा बैठक

**मेराल।** गढ़वा एसडीओ विजय कुमार ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में निर्वाचन संबंधी तैयारी से लेकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिया। विदित हो कि अनुमंडल पदाधिकारी विजय कुमार मेराल प्रखंड के वरीय प्रभारी भी हैं। गढ़वा में पदभार ग्रहण करने के बाद उनका मेराल प्रखंड का पहला दौरा था, जहां बीडीओ जागो महतो तथा अंचल अधिकारी यशवंत नायक ने पुष्प कुछ देकर उनका स्वागत किया। बैठक के दौरान निर्वाचन संबंधित तैयारी, मनरेगा, आवास योजना, जेएसएलपीएस आदि सभी योजनाओं की क्रमवार समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन संबंधित तैयारी पर विशेष फोकस किया तथा फॉर्म 6, लिंगानुपात, 1 जनवरी 24 को 18 वर्ष पूरा करने वालों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने संबंधित कार्यों की समीक्षा की। साथ ही मनरेगा, 15वें वित्त, जेएसएलपीएस से संबंधित कार्यक्रमों के बारे में पूछताछ की गई। एसडीओ ने रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, जन सेवक, जेएसएलपीएस प्रभारी शिक्षा विभाग के बीपीओ इत्यादि को और बेहतर तरीके से कार्य करने को कहा। प्रखंड में बैठक करने के बाद एसडीओ द्वारा संगबरिया पंचायत का दौरा कर मनरेगा, 15वें वित सहित सरकारी योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया गया। उन्होंने मनरेगा से निर्मित हुआ तथा आम बागवानी का निरीक्षण किया तथा लाभुकों से पूछताछ की। बैठक में बीपीओ फिरोज अंसारी एई देवनाथ प्रसाद गौतम जेई धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, आनंद कृष्णा, कोऑर्डिनेटर रश्मि लकड़ा एवं अभिषेक, नाजीर सुनील, शिक्षा विभाग के बीपीओ पूनम, रिजवान अख्तर, बीपीएम पिंकी आदि उपस्थित थे।

### कार्यपालक पदाधिकारी ने नप की सभी दुकानों का किया निरीक्षण



**मझिआंव।** कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने मंगलवार को नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत की सभी दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी ने ट्रेड लाइसेंस की जांच की। ट्रेड लाइसेंस नहीं पाये जाने पर शुल्क प्राप्त कर तत्काल ट्रेड लाइसेंस जारी किया गया। साथ ही कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने सभी दुकानदारों से आग्रह किया कि कार्यालय में स्वयं आकर अपना-अपना ट्रेड लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं और प्रशासन को सहयोग करें अन्यथा इस तरह का अभियान प्रत्येक सप्ताह में चलाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा, नाजिर अमित कुमार पाठक, अनूप तिवारी, जीतेश कुमार, विकास सिंह एवं साथ में प्रशासन के पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

### बीपीओ ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड संसाधन केंद्र अधौरा में मंगलवार को बीआरपी- सीआरपी की बैठक प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन की अध्यक्षता में हुई। इसमें बीपीओ ने विभागीय कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बीपीओ ने कहा कि आगामी 3 नवंबर को होने वाले स्टेट एजुकेशन अचीवमेंट सर्वे के तत्वाधान में प्रखंड के 22 विद्यालयों में वर्ग 3, 6 व 9 में अध्ययनरत विद्यार्थियों की परीक्षा आयोजित की जानी है। सभी प्रधानाध्यापक अपने यहां आयोजित परीक्षा की तैयारी कर लें। उन्होंने कहा कि हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम को प्रखंड के सभी विद्यालयों में लागू किया गया है। इसे अच्छे तरीके से संचालित करें। इस कार्यक्रम के तहत सप्ताह में मंगलवार और शनिवार को सभी बच्चों को स्वास्थ्य सबंधी जानकारी दी जानी है। वैसे विद्यालय जहां पर विद्यालय प्रबंधन समिति का कार्यकाल समाप्त हो गया होगा वैसे विद्यालयों की सूची दें, जिससे कि विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया जा सकें। उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानाध्यापक को बार -बार निर्देश देने के बाबजूद बच्चों का खाता खुलवाने की प्रक्रिया में कोई अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है, इसलिए सभी प्रधानाध्यापक अपने नजदीकी डाकघर से संपर्क करते हुए शत प्रतिशत खाता खोलवाने की प्रक्रिया पूर्ण करें। बैठक में बीआरपी श्रीकांत चौबे, सीआरपी प्रशांत कुमार देव, संजय कुमार सिंह, अजय कुमार, शोभा पांडेय, सुबोध कुमार, शक्तिदास सिन्हा, बीरेंद्र प्रजापति, रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल, बीआरपी प्रकाश कुमार सिंह तथा कंप्यूटर कोडिनेटर मुकेश कुमार उपस्थित थे।

### बाइक चोरी का अभियुक्त गिरफ्तार

**भवनाथपुर।** थाना पुलिस ने चार वर्षों से फरार बाइक चोरी के नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायालय में पेश किया। अभियुक्त अमित कुमार यादव केतार थाना के बांसडीह कलां का निवासी है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

### एक देसी लोडेड पिस्तौल, चार गोली भरी हुई एक मैगजीन, एक खोखा, दो मोबाइल फोन व एक बाइक बरामद

# हथियार के साथ गवाह को धमकाने पहुंचे 3 धरे

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

रंका पुलिस ने एक नाबालिग सहित तीन लोगों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में रंका थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव निवासी रामजी यादव का पुत्र राजेश यादव, चिनिया थाना क्षेत्र के पाल्हे गांव निवासी गोपाल यादव का पुत्र अप्रैल यादव शामिल हैं।

इसकी जानकारी मंगलवार को डीएसपी संतोष कुमार व एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अन्हर गांव में एक बाइक से तीन संदिग्ध लोग हथियार के साथ घूम रहे हैं। सूचना मिलने के बाद एसडीपीओ संतोष कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर अनहर गांव भेजा गया, जहां पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल से एक देसी लोडेड पिस्तौल, चार गोली भरी हुई एक मैगजीन, एक खोखा, दो मोबाइल




फोन व एक बाइक के साथ तीनों युवक को पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान बताया गया कि राजेश यादव के विरुद्ध विजयनगर चौकी छत्तीसगढ़ में पूर्व से लूट कांड का मामला दर्ज है। उन्होंने बताया कि इसमें से कुछ सक्षिगण अनहर गांव के ही हैं। वहीं साक्षी को डराने धमकाने एवं गवाही देने से रोकने के लिए राजेश यादव अपने दो अन्य साथियों के साथ हथियार लेकर अन्हार गांव पहुंचे थे। पुलिस ने रंका थाना में आर्म्स एक्ट के तहत उक्त लोगों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कर ली है। इसके बाद सभी अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापामारी दल में रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार, रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा, पुलिस अवर निरीक्षक पिंकू कुमार, विवेक कुमार, हवलदार कन्हैया यादव, आरक्षी भारत कुमार, चालक आरक्षी हरे कृष्ण कुमार आदि पुलिस के जवान शामिल थे।

## एक हथियार सप्लायर सहित तीन गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

नगर उंटारी व खरौंधी थाना पुलिस ने एक हथियार सप्लायर सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से एक सात चक्रीय रिवाल्वर व दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। उक्त मामले की जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि पुलिस अधीक्षक गढ़वा द्वारा सूचना मिली कि सोसल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर खरौंधी थाना के अरंगी गांव के कसियारवा टोला निवासी नीरज कुमार मेहता द्वारा अवैध आग्नेयास्त्र के साथ फोटो अपलोड किया गया है। इसके बाद मेरे नेतृत्व में एक टीम गठित कर नीरज मेहता से पूछताछ की गई। उसकी



निशानदेही पर थाना क्षेत्र के आरंगी गांव के गटीयरवा टोला निवासी रीति रौशन उर्फ उपेंद्र मेहता के पास से सात चक्रीय रिवाल्वर व दो मोबाइल फोन जब्त किये गये। दोनों अभियुक्तों ने बताया कि सात चक्रीय रिवाल्वर बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के चचेरिया गांव निवासी खलील खां से खरीदा था। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के साथ हथियार सप्लायर खलील खान को भी गिरफ्तार किया गया। मौके पर भवनाथपुर के पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार, खरौंधी थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया, बंशीधर नगर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक जितेंद्र भगत सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे। खरौंधी थाना क्षेत्र के अरांगी गांव के गटियारवा टोला निवासी रीति रौशन उर्फ उपेंद्र मेहता पर खरौंधी थाना में वर्ष 2017 में आर्म्स एक्ट के मामला दर्ज है। वहीं बंशीधर नगर के चचेरिया निवासी खलील खान पर बंशीधर नगर थाना में आर्म्स एक्ट का केस दर्ज है।

## अध्ययन के लिए उपलब्ध होगी बेहतर लाइब्रेरी: मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा में अध्ययन के लिए बेहतर पुस्तकालय उपलब्ध होगा। 73 लाख, 45 हजार, 486 रुपये की लागत से श्री कृष्ण अनुमंडलीय पुस्तकालय भवन का निर्माण किया जाएगा। इसकी निविदा प्रकाशित की जा चुकी है। इसकी जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि श्री कृष्ण अनुमंडलीय पुस्तकालय गढ़वा का बेहतर भवन का निर्माण किया जाएगा। यह पुस्तकालय भवन सभी सुविधाओं से युक्त होगा। लोगों को यहां अध्ययन करने में काफी सहूलियत होगी। पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं सहित अन्य सभी प्रकार की ज्ञानवर्धक पुस्तकें आदि भी उपलब्ध होंगी। अन्य लोगों सहित विद्यार्थी गण इस पुस्तकालय से काफी लाभ प्राप्त कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवकों को भी काफी सुविधा होगी।

मंत्री ने कहा कि गढ़वा में लगभाग सभी सुविधाएं उपलब्ध हो

**मिथिलेश ठाकुर बोले, साढ़े 73 लाख की लागत से बनेगा श्री कृष्ण अनुमंडलीय पुस्तकालय भवन**

गई हैं। यहां एक बेहतर पुस्तकालय की आवश्यकता थी। यह भी अब पूरा हो गया। यथाशीघ्र इसका निर्माण कार्य पूर्ण कर गढ़वा वासियों को समर्पित किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि काफी कम समय में गढ़वा में हर क्षेत्र में काफी बेहतर विकास हुआ है। सड़क, बिजली, पानी, चिकित्सा आदि सहित शिक्षा के क्षेत्र में भी काफी बदलाव आया है। उनका उद्देश्य है कि विद्यार्थियों एवं युवाओं को गढ़वा में ही शिक्षा की भी बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके। इसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। मंत्री ने बताया कि इसकी निविदा प्रकाशित कर दी गई है। निविदा की प्रक्रिया पूर्ण होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। मंत्री ने बताया कि यथाशीघ्र गढ़वावासियों को बेहतर, सुसज्जित व सर्व सुविधा संपन्न पुस्तकालय का तोहफा मिलेगा।

## जयंती पर याद किए गए लौह पुरुष सरदार पटेल

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत विद्यालय के निदेशक तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया।

अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि सरदार पटेल ने महात्मा गांधी से प्रेरित होकर स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया था। पटले ने इस लड़ाई में पहला योगदान खेड़ा संघर्ष में दिया। खेड़ा क्षेत्र सूखे की चपेट में था और वहां के किसानों ने अंग्रेज सरकार से कर में छूट देने की मांग की। अंत में सरकार को झुकना पड़ा और किसानों को कर में राहत दे दी गई। सरदार पटेल को बारडोली कस्बे में सशक्त सत्याग्रह करने के लिए उन्हें पहले बारडोली का सरदार कहा गया। बाद में सरदार उनके नाम के साथ जुड़ गया। आजादी के पश्चात इन्हें प्रथम, उप प्रधान मंत्री और गृह मंत्री का पद सौंपा गया। उस कठिन दौर में सरदार पटेल ने भारत के एकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इतिहासकार इन्हें भारत का विस्मार्क भी कहते हैं। चूंकि भारत के एकीकरण में सरदार पटेल का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण था, इसलिए उन्हें भारत का लौह पुरुष कहा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक उदय प्रकाश, खुर्शीद आलम, संजीव कुमार, मुकेशभारती, अजय कुमार, नीरा शर्मा, रिजवाना शाहिन, सुषमा तिवारी, निलम कुमारी, सुनिता कुमारी, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही।

### कुर्मी महासभा ने मनाई सरदार पटेल की 148वीं जयंती

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड के चौरिया चौराहे पर स्थापित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी 148 वीं जयंती मनाई गई। इसमें मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि परमेश्वरी अस्पताल गढ़वा के सर्जन डॉ. निशांत कुमार सिंह, प्रमुख धर्मराज पासवान तथा कुर्मी महासभा के जिला महासचिव गोरखनाथ चौधरी, उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य उपस्थित रहे। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी तथा पत्नी सह समाजसेवी सविता देवी ने गांव के सैकड़ों, स्वास्थ्य सहिया, जलसहिया, जेएसलपीएस के दीदियों, असहाय, विधवा, गरीब, मजदूर तथा दिव्यांग लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इसके बाद आयोजक समिति ने सभी अतिथियों तथा समाजसेवी को शाल ओढ़ाकर व माला पहनाकर सम्मानित किया। जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने कहा कि सरदार



पटेल ने महात्मा गांधी के साथ देश की आजादी के आंदोलन में अहम भूमिका निभाई। पूरे झारखंड में एकमात्र चौरिया में सरदार पटेल की प्रतिमा स्थापित की गई है। उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी ने कहा चौरिया में 6 वर्षों से समाज के लोगों के सहयोग से पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई जाती है। वहीं गढ़वा से आये मुख्य अतिथि डॉ निशांत कुमार सिंह ने कार्यक्रम की काफी सराहना की। वहीं उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने सभी लोगों को एक सूत्र में लेकर चलने का काम किया था। मंच का संचालन गोरखनाथ चौधरी ने किया। इस दौरान समाजसेवी सविता देवी, विधायक प्रतिनिधि विनोद चौधरी, डॉ.मदन पटेल, अनूप चौधरी, अंतु चौधरी, अवधेश चौधरी, शिवकुमार चौधरी, विमलेश चौधरी, विजय चौधरी, किशोर चौधरी, अर्जुन चौधरी, संतोष कुमार मेहता, चंदेश पटेल, दुधेश्वर यादव, मंजू देवी, रीता देवी, पूनम देवी, संगीता देवी, सीमा देवी, नीलम देवी, शिवकुमारी देवी, अजय पटेल, मनु चौधरी आदि उपस्थित थे।

## भाजयुमो ने जलाया हेमंत सरकार का पुतला

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रंका मोड़ पर जेएसएससी की ओर से आयोजित नगर पालिका सेवा संवर्ग नियुक्ति परीक्षा में धांधली मामले में हेमंत सरकार का पुतला जलाया। इससे पहले पुतले की शव यात्रा निकाली गई। मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि हेमंत सरकार झारखंड में खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है। युवाओं के अधिकारों को पैरों तले रौंदा जा रहा है। वहीं हेमंत सरकार सबकुछ सामने से देख रही है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में युवा रोजगार के लिए तड़प रहे हैं। युवाओं का भविष्य चौपट हो चुका है। चार साल से एक भी बहाली नहीं हुई है। अगर कुछ परीक्षा हो रही है तो उसे भी दलालों के हाथों बेच दिया जा रहा है। आखिर झामुमो सरकार में गरीब छात्रों को नौकरी कैसे मिलेगी। हर साल पांच लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा था लेकिन सरकार बनने के बाद हेमंत सरकार ने झारखंड को लूटने



का काम किया है। जनता आनेवाले दिनों में यही युवा हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि अगर परीक्षा को रद्द नहीं किया गया तो भाजयुमो कार्यकर्ता हेमंत सरकार का ईंट से ईंट बजाने का काम करेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुराज पांडेय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र दुबे, मिडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अरुण तिवारी, महामंत्री विकास तिवारी, मिडिया प्रभारी नवीन जायसवाल, कैलाश कश्यप सुप्रीत केशरी, अनवर साह अरविंद धर दुबे, मुरली श्याम तिवारी, बृजेंद्र पाठक, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री रविंद्र जायसवाल, दीपक तिवारी, दीपक चौधरी, राम उनय तिवारी, खुर्शीद आलम, विकास तिवारी, राजेंद्र गुप्ता, प्रिंस तिवारी, यशवंत मिश्रा, कृपाल सिंह, मिथलेश तिवारी, राजेश्वर बैठा, धनंजय विश्वकर्मा, मुंजकेश तिवारी, ओमप्रकाश पासवान, बृजेश धर दुबे, राजकुमार आदि मौजूद थे।

### पंडा नदी से अवैध बालू का उत्खनन लोग हो रहे परेशान

**केतार।** प्रखंड में इन दिनों पंडा नदी से अवैध बालू का उत्खनन धड़ल्ले से किया जा रहा है, जिससे माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। प्रखंड के ताली, खोनहर, मेरौनी, बक्सीपुर, केतार गांव के पंडा नदी से रात्रि के अंधेरे में अवैध बालू का उठाव कर भवनाथपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों में उच्चे दामों पर बिक्री की जा रही है। पंडा नदी का बालू मोटा होने के कारण भवनाथपुर में बालू की कीमत 3500 से 4000 रुपये तक मिलता है। वहीं बालू माफियाओं द्वारा दिन में नदी से बालू का उत्खनन कर गांव में स्टॉक किया जाता है और रात्रि के अंधेरे में बालू की ढुलाई भवनाथपुर थाना क्षेत्र में की जा रही है। सीमावर्ती इलाके के ग्रामीणों ने बताया कि बालू की ढुलाई करते वक्त ट्रैक्टर की आवाज से रात्रि में चैन से सो नहीं पा रहे हैं।

## गुरुड़ गांव में सेवानिवृत्त शिक्षिका को दी गई विदाई

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय गुरुड़ में मंगलवार को विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित कर



सेवानिवृत शिक्षिका शकुंतला कुमारी को भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय के छात्र, शिक्षक और अभिभावकों ने शकुंतला कुमारी को फूल माला पहनकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर समाजसेवी पंकज सिंह ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होते हैं। शिक्षक आजीवन समाज में शिक्षा का ज्योत जलाते रहते हैं। वहीं ग्रामीणों और अभिभावकों ने कहा कि शिक्षिका शकुंतला कुमारी अनुशासन में रहकर बच्चों को अनुशासन का पाठ पढ़ाती थीं। वो हमेशा समय पर विद्यालय आती थीं। प्रखंड के हुरका गांव की शकुंतला कुमारी 1991 में इस विद्यालय में पदस्थापित हुई थी और 32 वर्ष सेवा देने के उपरांत 31 अक्टूबर 2023 को सेवानिवृत हुई। वहीं शकुंतला ने कहा कि गांव के लोगों ने जो स्नेह दिया है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रवेश कुमार, अरबिंद मेहता, संतोष ठाकुर, दीनानाथ मेहता, रमेश कुमार, राजेश सिंह, दिनेश कुमार आदि मौजूद थे।

### प्रेस वार्ता | यज्ञ कमेटी ने सफल आयोजन के लिए जताया सभी का आभार

# चतुर्मास महायज्ञ में शामिल हुए 50 लाख श्रद्धालु

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में जीयर स्वामी महाराज के सानिध्य में आयोजित किए गए चतुर्मास महायज्ञ की सफलता को लेकर यज्ञ कमेटी ने आभार व्यक्त किया है।

अनिकेत पैलेस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान यज्ञ कमिटी के लेखा पदाधिकारी धीरेंद्र चौबे ने कहा कि इस महाकुंभ को सफल बनाने के लिए राज्य सरकार, जिला प्रशासन, जिला पुलिस, बिजली विभाग चिकित्सा विभाग, पीएचइडी, नगर पंचायत, व्यवसायियों, पत्रकारों के साथ साथ दूर-दराज से महायज्ञ में शामिल होने वाले सभी लोगो के प्रति यज्ञ समिति आभार व्यक्त करती है। साथ ही सभी राजनीतिक दल के लोगों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी यज्ञ में बढ़-चढ़कर अपना तन-मन-धन से सहयोग किया है, उसके लिए भी यज्ञ समिति आभार व्यक्त करती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का इस यज्ञ को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा है। सरकार से जो भी अपेक्षाएं




थी, सभी पूरा हुआ। जिला प्रशासन का भी शुरू से ही भरपूर सहयोग मिला। पुलिस के जवान दिन-रात 24 घंटे डटे रहे, कड़ी मेहनत से यज्ञ में शामिल 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं को सहयोग के साथ बेहतर सुरक्षा देने का काम किया। बिजली विभाग का योगदान काफी सराहनीय रहा। निर्बाध बिजली आपूर्ति की गई। पीएचइडी द्वारा शौचालय और जलापूर्ति की व्यवस्था ठीक से की गई। नगर पंचायत की ओर से स्वछता के साथ पर्याप्त रोशनी देने के लिए कर्मी 4 माह हर संभव सहायता करते रहे। सबका भरपूर सहयोग मिला। चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से शोभा यात्रा के दौरान कई व्यवस्था की गई थी। व्यवसायियों ने अतिथि सत्कार में कोई कमी नही रखी। विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर यज्ञ की सफलता में योगदान दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने निरंतर मेडिकल कैम्प का संचालन कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन बखूबी किया।

उन्होंने कहा कि झारखंड के समस्त लोगों का प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप सेसहयोग मिलता रहा। हरेक व्यक्ति ने महायज्ञ को बड़ा स्वरूप प्रदान करने में योगदान दिया है, जिससे जो बन पड़ा, उसमें सहयोग किया है। सकारात्मक पक्ष को जनता के बीच लाने में पत्रकारों का भी योगदान रहा है। इस यज्ञ में आयोजित जलयात्रा के दौरान 2 लाख लोगों ने शामिल होकर यज्ञ को भव्यता प्रदान की। पूरे आयोजन में 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस यज्ञ में धर्म सम्मेलन में विभिन्न धमार्चार्य ने हिस्सा लिया। सनातन संस्कृति के बारे में अपना पक्ष रखा। इस यज्ञ को लेकर पूरे शहर के साथ पूरे झारखंड में चर्चा हो रही है। स्वतःस्फूर्त आयी लाखो की भीड़ काफी अनुशासित थी। कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। यह अपने आप मे इतिहास है। प्रेस वार्ता मेंयज्ञ समिति के उपाध्यक्ष अमित शुक्ला, गुडू चौबे, धर्मेंद्र चौबे, उपेंद्र कुमार, विक्रांत उर्फ सोनू सिंह, राधेरमण चौबे उपस्थित थे।

## मजदूरी करने गया युवक चंडीगढ़ से गायब पिता की गुहार पर पुलिस नहीं दे रही ध्यान

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

थाना क्षेत्र के बजरमरवा निवासी मजदूर आकाशदीप गुप्ता पिछले डेढ़ माह से मोहाली से लापता है। लापता लड़के के पिता नंदलाल गुप्ता इसकी गुहार खरौंधी थाना तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से लगा चुके हैं, लेकिन किसी ने लापता लड़के का खोजने में रुचि नहीं ली।

गुप्ता ने बताया 20 वर्षीय आकाशदीप पिछले 3 सितंबर को गांव के ठेकेदार कुंजबिहारी यादव चंडीगढ़ के मोहाली में सरिया सेटिंग का काम करवाने ले गया था। वहां पहुंचकर 5 सितंबर से आकाशदीप गुप्ता काम करने लगा। लगातार 11 सितंबर तक काम भी किया, जिसका हाजिरी कार्ड भी है। वहीं से 12 सितंबर से गुम हो गया है। इसके बाद काफी खोजबीन की लेकिन अभी तक कहीं पता नहीं चला, जिससे हम काफी परेशान हैं। कुंजबिहारी यादव भी सही जानकारी नहीं दे रहा है। मैं



मोहाली यादव के पास गया। वहां जाने के बाद पता चला कि सभी मजदूर के साथ बिहार के तीन लड़के भी रहते थे। उक्त तीनों बिहारी लड़के भी आकाशदीप के साथ गायब हैं। ये ठेकेदार धर्मेंद्र यादव के अंडर में काम करते थे, जिसे यादव अच्छी तरह जानता है। वहां भी मुझे किसी ने आकाशदीप के बारे नहीं बताया। अंत में घर वापस आ गया। मुझे पूरा शक है कि गांव के ठेकेदार कुंज बिहारी यादव ही साजिश के तहत उसके लड़के को गायब किया है। लड़के की गुमशुदगी की सूचना 5 अक्टूबर को खरौंधी थाना तथा 17 अक्टूबर को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को आवेदन देकर दी है, लेकिन किसी ने इस गंभीर विषय पर रुचि नहीं ली। लड़का के साथ अप्रिय घटना घटित होने का डर लगा रहता है। वहीं विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव ने कहा बहुत गंभीर विषय है। प्रशासन को इसपर तत्काल संज्ञान लेना चाहिए, क्योंकि प्रखंड में इस तरह के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। वहीं ठेकेदार यादव ने कहा कि मैं आकाशदीप को नहीं ला रहा था। उसके पिता के आग्रह पर लाया था। चार दिन काम करने के बाद घर जाने की जिद करने लगा। इसके बाद वह साइड से गायब हो गया। उसी समय से हम लगातार खोजबीन कर रहे हैं। वहीं थाना प्रभारी खरौंधी पंकज सिंदुरिया ने कहा कि पहले इसकी जानकारी मुझे नहीं थी। कल मुझे इसके बारे में जानकारी हुई। पुलिस अपने स्तर से इसकी जांच पड़ताल कर रही है। ठेकेदार को थाना बुलाया गया है।

## गागर में सागर

### डीसी ने पटेल को श्रद्धासुमन अर्पित किया



**लातेहार।** लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती तथा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त हिमांशु मोहन ने पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने पदाधिकारियों तथा कर्मियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए योगदान देने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार समेत जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### 'स्वच्छता फ्रीडम रन' का हुआ आयोजन

**बालूमाथ।** फिट इंडिया के तहत मगध-संघमित्रा क्षेत्र की ओर से 'स्वच्छता फ्रीडम रन' का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस अभियान के तहत लगभग 4 किमी क्षेत्र कवर किया गया। मौके पर मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्रनाथ ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य फिटनेस को प्रोत्साहित करना है। साथ ही स्वच्छता के प्रति स्वयंसेवकों और अन्य नागरिकों को जागरूक करना है। आभियान में अधिकारियों, कर्मचारियों सहित स्थानीय लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

### युवक व युवती भ्रमण भेजे गए जम्मू

**लातेहार।** नेहरू युवा केंद्र व 11वीं बटालियन सीआरपीएफ के सौजन्य से सुदूरवर्ती क्षेत्रों के 20 आदिवासी युवक एंव युवतियों का चयन कर किनामार कैंप में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें 15वीं आदिवासी आदान-प्रदान कार्यक्रम के के तहत 30 अक्टूबर की रात्रि 10:30 बजे जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन से जम्मू भेजा गया। मौके पर वेद प्रकाश त्रिपाठी कमांडेंट 11वीं बटालियन, जुगल किशोर जोशी, द्वितीय कमान अधिकारी, मनिष कुमार, नेहरू युवा केंद्र लातेहार, निरीक्षक जितेंद्र कुमार पांडेय, निरीक्षक कृष्णा साहु, उप निरीक्षक रामाकांत सिंह आदि उपस्थित रहे।

### फसल राहत योजना कैंप में 150 आवेदन

**महुआडांड़।** रेगाई पंचायत में फसल राहत योजना से संबंधित आवेदन ऑनलाइन कराने को लेकर कैंप लगाया गया। अंचलाधिकारी संतोष बैठा की उपस्थिति में 100 से 150 किसानों का आवेदन ऑनलाइन कराया गया। मौके पर सीआई गौतम कुमार लकड़ा, पंचायत की मुखिया कमला किंडो, कम्प्यूटर आपरेटर सुवेब अख्तर आदि मौजूद थे।

### डॉ. अभिषेक की पदयात्रा पहुंची मनिका

**मनिका।** रांची के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सा और चतरा लोकसभा सीट से निर्दलीय सांसद प्रत्याशी डॉक्टर अभिषेक कुमार सिंह की पदयात्रा मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय पहुंची। उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर लोगों संवाद किया। कहा कि हमारा पदयात्रा 21 दिन से चल रही है, जो आज मनिका से ही समाप्त हो जायेगी। इस दौरान उन्होंने लोकसभा सीट से अपने आप को मजबूत दावेदार बताते हुए अपनी उपलब्धियां और लक्ष्य को बताने का काम किया। मौके पर सेठा यादव, संजय कुमार यादव, जगेश्वर यादव,कुंदन कुमार, अवधेश कुमार, गुलाबी यादव, बसंत भुईयां, नन्दन कुमार यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

### आयुष्मान मेले में 336 मरीज का इलाज

**बालूमाथ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मंगलवार को आयुष्मान मेला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रकाश बड़ाईक ने किया। मेले में अलग-अलग स्टाल लगाए गए थे, कुल 336 मरीजों की स्वास्थ्य जांच दवाई भी मुफ्त दी गई। मौके पर डेंटल स्पेशलिस्ट डॉक्टर अलीशा ने 48 मरीज का इलाज किया। वहीं आयुर्वैदिक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने 43 मरीजों का जांच कर मुफ्त दवा दी। मौके पर डॉ अमरनाथ, डॉ. शिधार्थ कुमार, राजीव रंजन, आवेद अख्तर, संदीप कुमार, एमपीडब्ल्यू अनिल कुमार, मिथिलेश कुमार, दीपांशु कुमार, गुलाम कुरैसु, संतोष कुमार, मो. मजहर, दीपक कुमार, सबीना प्रवीण, सीएचओ आदि उपस्थित रहे।

### दो पुलिस पदाधिकारी को विशिष्ट पदक

**चंदवा।** गृह मंत्रालय ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर झारखंड पुलिस के 16 अधिकारियों व कर्मियों को केंद्रीय गृह मंत्री के विशेष अभियान पदक से सम्मानित किया गया है। इनमें लातेहार एसपी अंजनी अंजन और बारेसाढ़ थाना के निवर्तमान थाना प्रभारी व वर्तमान में चंदवा थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर जमील अंसारी शामिल हैं। दोनों पदाधिकारी को 18 अगस्त 2022 से 1 फरवरी तक विशेष अभियान को लेकर दिया गया है।

### समाजसेवी सच्चिदानंद सिंह का निधन

**इटखोरी।** प्रखंड क्षेत्र के कोनी पंचायत अंतर्गत कुम्हारी गांव निवासी सुनील सिंह के भाई सच्चिदानंद सिंह की मौत बैंगलोर में इलाज के दौरान हो गई। दिवंगत सिंह समाज के रीढ़ थे। हर किसी की मदद के लिए सदैव आगे रहते थे। गोलकाबर में सकड़ों लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर वीरेंद्र सिंह, श्याम सिंह, अलख देव सिंह, शिव कुमार सिंह, भोला सिंह, सुजीत भारती, रामवधार राम, सुधीर राय, रंजय भारती आदि मौजूद थे। अंतिम संस्कार बुधवार सुबह 9 बजे मुहाने घाट पर किया जाएगा।

# अंतिम दिन डीएसपी कुजूर ने अधिकारियों से की मुलाकात




**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के पद पर कार्यरत डीएसपी राजेश कुजूर मंगलवार को सेवानिवृत्त के अंतिम दिन अपने कार्यालय पहुंच कर अपने कार्यों का निपटारा किया। इससे पूर्व कुजूर ने अनुमंडल पदाधिकारी बिपिन कुमार दुबे से अनुमंडल कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान दुबे ने कुजूर के उज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि आप जहां भी रहे अच्छे से आपका जीवन व्यतीत हो। आपने महुआडांड़ के लोगों के दिलों में जो जगह बनाई है और जो क्षेत्र के लिए कार्य किए हैं वो काफी सराहनीय हैं। वहीं कुजूर ने अपने महुआडांड़ में व्यतीत किये गए अनुभव को साझा करते हुए बताया कि यहां के लोग काफी मिलनसार हैं। हमें सभी लोगों का हमेशा सहयोग मिला है। साथ कुजूर ने सभी का आभार भी व्यक्त किया। इसके बाद वे भूमि सुधार उप समाहर्ता प्रभात रंजन चौधरी समेत अन्य अधिकारीयों से मुलाकात की। इस दौरान महुआडांड सर्किल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान भी मौजूद थे।

### बालूमाथ में कार्य करने का अनुभव अपने साथ ले जा रहा हूं : आलम

# थाना परिसर में पूर्व अंचल अधिकारी को दी गई विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

थाना परिसर में मंगलवार को समारोह आयोजित कर पूर्व अंचल अधिकारी आफताब आलम को विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता कर रहे पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजनकुमार ने कहा कि आलम ने बालूमाथ में कानून व्यवस्था कायम रखने में अपनी बेहतरीन भूमिका का निर्वहन किया।

वहीं थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो ने पूरे कार्यकाल में आफताब आलम से पुलिस को मिले सहयोग की जमकर सराहना की। बरियातू थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी व उप प्रमुख कामेश्वर राम ने आलम के उज्जवल भविष्य की कामना की।सद्भावना समिति के प्रेम प्रसाद गुप्ता ने आलम के कार्यकाल को शांति और व्यवस्था को बनाए रखने वाला करार दिया। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मो जुबेर, राजद के श्याम सुंदर यादव, भाजपा नेता शैलेश कुमार सिंह, झामूमो नेता मो इमरान, सब इंस्पेक्टर कैलाश बाड़ा, धीरज कुमार, दूती कृष्णा महतो, राहुल कुमार मेहता ने भी आलम के कार्यों की सराहना की। पुलिस पदाधिकारी एवं नागरिक समूह ने आलम को फूलों की माला पहनाकर एवं शॉल पहनाकर विदाई दी। वहीं आलम ने कहा कि बालूमाथ में कार्य करने का अनुभव एवं यहां के लोगों के सहयोग को अपनी यादों में समेट कर ले जा रहा हूं। मैं कहीं भी रहूं बालूमाथ के साथ जो संबंध है वह अटूट है। मौके पर कमरुल आरफी, हेरहंज के थाना प्रभारी नीतीश कुमार, युवा समाजसेवी मो मुजम्मिल हुसैन, राजू पासवान, प्रदीप यादव, मनोज यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात, सद्भावना समिति के मो. जमाल, प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक राजीव रंजन मौजूद रहे।

# एसडीएम के आश्वासन के बाद कफन सत्याग्रह हुआ समाप्त

### एसडीएम ने कहा, आरओबी व फुट ब्रिज निर्माण के लिए की जाएगी आवश्यक पहल

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

टोरी में आरओबी (ओवरब्रिज) और स्टेशन के पश्चिम में फुट ओवरब्रिज निर्माण को लेकर चल रहा कफन सत्याग्रह लातेहार के एसडीएम परवेज आलम के आश्वासन के बाद मंगलवार को समाप्त हो गया। आंदोलकारियों से वार्ता करने पहुंचे दल में प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार, अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक, प्रभारी थाना प्रभारी शुभम कुमार, आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार, पुलिस पदाधिकारी जमील अंसारी, आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार, स्टेशन अधीक्षक रंजीत कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर नीलिमा, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. प्रकाश बड़ाईक, डॉ. तरूण जोश लकड़ा शामिल थे। वहीं कफन सत्याग्रह आंदोलनकारियों की ओर से पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, माकपा जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान पचु गंझु, रसीद मियां, ललन राम, साजीद खान वार्ता में शामिल थे। लातेहार एसडीएम ने दिया आश्वाशन एसडीएम परवेज आलम ने यह आश्वासन दिया है कि टोरी चंदवा में फ्लाई ओवरब्रिज और फुट ओवरब्रिज



निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए जो भी आवश्यक कदम होगा उसे उठाया जाएगा। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों के साथ शीघ्र ही बैठक कराई जाएगी। स्टेशन अधीक्षक ने आश्वासन दिया है कि बिरला साइडिंग का बॉक्साइट का रेल मालगाड़ी का रैक काटकर खड़ी लोडिंग कराई जाएगी। फुट ओवरब्रिज बनने तक छात्र-छात्राओं को स्टेशन से पार करने में परेशान नहीं होना पड़ेगा।

**बीडीओ, स्टेशन अधीक्षक को सौंपा गया ज्ञापन :** वहीं प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, डीसी लातेहार के पदनाम ज्ञापन बीडीओ विजय कुमार को और रेल मंत्रालय भारत सरकार के नाम स्टेशन अधीक्षक टोरी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में टोरी जंक्शन, एनएच-99 न्यू 22 पर फ्लाई ओवरब्रिज व टोरी स्टेशन के पश्चिम में फुट ओवरब्रिज का तत्काल निर्माण कार्य शुरू करने, आरओबी और फुट ओवरब्रिज निर्माण कार्य शुरू करने में दो वर्ष से अधिक समय का विलंब करने वाले अधिकारीयों पर सख्त कार्रवाई करने की मांगें शामिल हैं।

**आंदोलनकारियों की हुई स्वास्थ्य जांच :** इसके पहले आंदोलन स्थल पर डॉक्टर तरुण जोश लकड़ा, अस्पताल कर्मी मनीष कुमार ने अयुब खान का रक्तचाप व ब्लड शुगर की जांच की। बीपी 160/100 व ब्लड शुगर तीन सौ पाया गया। एसडीएम के निर्देश पर बीडीओ, सीओ, प्रभारी थाना प्रभारी ने अयुब खान को एम्बुलेंस से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालांकि अस्पताल में भी वे कफन सत्याग्रह चला रहे थे। कफन सत्याग्रह में पंसस अयुब खान, माकपा जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, पूर्व पंचायत समिति सदस्य फहमीदा बीवी, आशा देवी, ग्राम प्रधान पचु गंझु, रसीद मियां, बैजनाथ ठाकुर, साजीद खान, द्वारिका ठाकुर, सोभन उरांव, सुलेंद्र गंझू, हसीब खान, हनुक लकड़ा, ललन राम, सनिका मुंडा, पैतू गझू, इदुल खान, संजय राम, बुटन गंझू, प्रेम उरांव, मनु उरांव, मो इम्तियाज, लहुल खान, सुलेद्र गंझू, गोपी गंझू, गुजरा गंझू, बुटन गंझू, मुन्ना गंझू, राजु साव, सईद खान, सहजीवन भोगता, संजय गंझू, सुधन गंझू आदि शामिल थे।

# कुंदा थाना क्षेत्र में मुख्य मार्ग किनारे मिला 25 साल के युवक का शव

**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा**

थाना क्षेत्र अंतर्गत जगरनाथपुर गांव के समीप प्रतापपुर मुख्य मार्ग के किनारे संदिग्ध हालात में कुंदा निवासी 25 वर्षीय रॉकी वर्मा, पिता मोहन वर्मा का शव पुलिस ने मंगलवार को बरामद किया। परिजनों ने भूमि विवाद के कारण हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस घटना की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचकर परिजनों को समझा बुझा कर शव को अपने कब्जे में ले लिया है। शव के पास से एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। वहीं पुलिस ने बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा कि यह बाइक दुर्घटना है या हत्या। फिलहाल सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार युवक श्री राम फाइनेंस कंपनी में कार्य करता था।

### परिजनों ने भूमि विवाद के कारण हत्या करने का लगाया आरोप

### दुष्कर्म व हत्या को लेकर दिया आवेदन

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के कुबरी गांव निवासी प्रसादी भुइया के पुत्र दशरथ भुइंया ने मंगलवार को अपनी मां अनिता देवी की दुष्कर्म व हत्या करने के आरोप में थाने में आवेदन दिया है। कहा गया है कि बीती 27 अक्टूबर को गिद्धौर थाना क्षेत्र के बरट निवासी इसराइल मियां ने मेरी मां को फोन कर ब्रह्मपुर चौक बुलाया। साथ में बहन सीमा भी आई, तो उसको पांच सौ रुपये देकर वापस घर भेज दिया। मां को इसराइल मियां ने अपनी बाइक पर बिठा कर काम करने की बात कह कर ले गया। उसके बाद मेरी मां घर वापस नहीं आई। काफी खोजबीन करने के बाद भी वह नहीं मिली। अचानक 29 अक्टूबर को पता चला कि सदर अस्पताल चतरा में एक महिला का अज्ञात शव है। सदर अस्पताल पहुंचे तो देखा कि वह मेरी मां का शव था। शव के साथ मोबाइल फोन भी मिला। पुत्र दशरथ ने यह भी आरोप लगाया है कि इसराइल मियां ने उसकी मां के साथ दुष्कर्म कर हत्या कर दी। इधर थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया कि आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच में पुलिस जुटी है।

# स्कूल लीग : एससीसी ने दी आरसीसी को चार विकेट से मात

### विजेता टीम के अमित मुंडा बने मैन ऑफ द मैच



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

लातेहार जिला क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित स्कूली क्रिकेट लीग में मंगलवार को दूसरा मैच शेरशाह स्ट्राइकर बनाम रातु क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। आरसीसी टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में सभी विकेट खोकर मात्र 84 रन पर ही सिमट गई, जिसमें अमित कुमार ने 25 रन और प्रणव चौधरी ने 15 रन का योगदान दिया। एसएससीसी की ओर से मृदुल रैतानी ने 4, अमित मुंडा ने 3 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसएससीसी ने 6 विकेट खोकर मैच को जीत लिया। सोनू प्रसाद नाबाद ने 22, शुभम तथा सुमित ने 13-13 रन का योगदान दिया। आरसीसी की ओर से राम प्रजापति ने 3 तथा विकास कुमार ने दो विकेट चटकाए। अंपायर श्रवण महली तथा कुमार शानू थे, जबकि स्कोरिंग धीरेंद्र सुरवार ने की। मैच पर्यवेक्षक श्रवण महलि थे। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार एसएससीसी के अमित मुंडा को शिक्षाकर्मी सुबोध कुमार द्वारा दिया गया। मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह, लाल आशीष नाथ सहदेव, समरेश बादल आदि उपस्थित थे।

### नीलांबर-पीतांबर विकास सोसाइटी के संगठन का विस्तार

**बरवाडीह।** झारखंड राज्य की स्वयंसेवी संस्था नीलांबर- पीतांबर विकास सोसाइटी की बैठक मंगलवार को बेतला में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उमेश उरांव ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता सोसाइटी के अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी ने की।

बैठक में संगठन का पुनर्गठन किया गया, जिसमें सरयू जिला परिषद सदस्य बुद्धेश्वर उरांव को सचिव, प्रदीप कुमार सिन्हा को कोषाध्यक्ष और दीपक राज को मीडिया प्रभारी बनाया गया। उरांव ने कहा कि सोसाइटी के माध्यम से सरकारी तंत्रों के साथ समन्वय स्थापित कर वंचितों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। बैठक में विक्टर केरकेट्टा, विनय कांत पांडेय, बबलू राही, रिजवान अली, मार्टिन, डीएन राम, महबूब आलम, जलाल अंसारी, मीना सिंह, सनरति होरो, एजुब कुजूर, नीरज बाखला, सबिता आदि उपस्थित थे।

# सुबोध कदगावां कला पैक्स के निर्विरोध अध्यक्ष घोषित




**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**

सुबोध कुमार सिंह मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के कदगावांकला पैक्स के निर्विरोध अध्यक्ष बने। निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी नीरज कुमार सिन्हा ने उन्हें विधिवत प्रमाणपत्र सौंपा। सिंह को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। सिंह ने कहा कि किसानों के हित में उचित निर्णय किसान ही ले सकता है। कार्यकारणी सदस्य में नैनशी देवी, ममता देवी, दीपक कुमार सिंह, मिथलेश रविदास, रामनिवास सिंह, रामप्रवेश सिंह, रामबल्लभ राणा, वरुण भुइयां, सुभाष दास चुने गए।

### अयोध्या में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में एएनएम ने लिया भाग



**मयूरहंड।** इटखोरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित एएनएम सुशीला कुमारी ने अयोध्या धाम में आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में भाग लिया। वाल्मीकि जयंती के अवसर पर श्रीराम की पौड़ी, अयोध्या धाम में कवि सम्मेलन का आयोजन की गई थी, जिसमें देश भर के कवि शामिल हुए थे। एएनएम ने कविता के माध्यम से युवाओं में बढ़ रही आत्महत्या की प्रवृत्ति पर प्रकाश डाला। उक्त मौके पर एएनएम ने अपनी काव्यसंग्रह बचपन की पचपन कविता पुस्तक सम्मेलन में आए कवियों को सप्रेम भेंट किया। मौके पर सरोज झा, संध्या रानी, सोनम झा, सुमन कुमार चाहत, अंजनी कुमार दुबे, रविकांत शुभम आदि कवि उपस्थित थे।

## कार्यक्रम — कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री व पूर्व उपप्रधानमंत्री को किया याद

# इंदिरा का शहादत दिवस व पटेल का जन्मदिवस मना

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा/बारियातु/बरवाडीह**

चंदवा प्रखंड कांग्रेस ने प्रखंड कार्यालय में देश की पहली महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गाधी का शहादत दिवस और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस मनाया। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने कहा कि इंदिरा गांधी की हत्या उनकी ही सुरक्षा में लगे सुरक्षाकर्मियों ने उनके आवास पर कर दी थी। मौके पर रामयश पाठक, श्रीराम शर्मा, निर्मल भारती, हरिनंदन दुबे, संजय दुबे, गंदरू उरांव, बाबर खान, मुकेश सिंह, गिदयोन खाखा, संतोष साहु, रामु उरांव, लछमन साहु, कैलाश बैठा, सरफुद्दीन मियां,




हाफिज शेर मोहम्मद, रिजवान राइन, रफीक मियां, नेजाम अंसारी, करनालुइस एक्का, दामोदर उपाध्याय, छटन राम, बालजी उरांव, संदीप टोप्पो, मो रसीद, संजय गोप, सागर प्रजापति, मंजु देवी, रंभा देवी, विजया लछमी देवी, ममता देवी आदि मौजूद थे।

वहीं बारियातु प्रखंड कांग्रेस कार्यालय परिसर में राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार के नेतृत्व में इंदिरा गांधी का शहादत दिवस व सरदार पटेल का जन्मदिवस मनाया गया। मौके पर लाल आशीषनाथ शाहदेव, मो मुमताज, भोगत उरांव, राजेश उरांव, नीरज यादव, कुलदीप राम, सुरेंद्र उरांव, इस्लाम मियां आदि मौजूद थे।

वहीं बरवाडीह प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का शहादत दिवस व सरदार पटेल का जन्मदिवस मनाया। कार्यक्रम में 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, प्रदेश कांग्रेस कार्य समिति सदस्य रविंद्र राम, अनिल कुमार सिंह, शिवानंद तिवारी दीपू, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष रंजीत कुमार राजू, नजमी अनवर, शेख निजामुद्दीन, संतोष चंद्रा, दुखन सिंह, अवधेश मेहरा, शुभम दुबे, हिमांशु गुप्ता, राहुल गुप्ता, अजीत कुमार, संजय कुमार यादव, ओम प्रकाश गुप्ता, लक्ष्मण सिंह, संतोष कुमार, मो. सईद अंसारी, पंकज पासवान, मनोज मांझी आदि मौजूद थे।

# सरकारी कर्मियों व स्कूली बच्चों ने दौड़ लगाकर दिया एकता व शांति का संदेश

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर मंगलवार को जिला प्रशासन द्वारा रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रन फॉर यूनिटी का यह कार्यक्रम जतराहीबाग मोड़ से प्रारंभ हुआ एवं समाहरणालय परिसर में सम्पन्न हुआ। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक, आपूर्ति पदाधिकारी मनेंद्र भगत, सहकारिता पदाधिकारी नीलम समेत काफी संख्या में पुलिस जवान, बच्चों ने दौड़ लगाया।




### टंडवा : ग्रामीणों ने बीजेपी विधायक पर लगाया झूठे वादे करने का आरोप, व्यक्त की नाराजगी

**टंडवा।** प्रखंड क्षेत्र के सनहा में मंगलवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148 वीं जयंती मनाई गई। दूसरी ओर ग्रामीण अशोक महतो ने वर्ष 2020 में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद रहे स्थानीय बीजेपी विधायक किसुन कुमार दास द्वारा लौह पुरुष की भव्य प्रतिमा बनाने तथा पटेल मैदान के समतलीकरण कराने की घोषणा को महज सब्जबाग बताते हुए खेद व्यक्त किया। साथ ही विधायक पर झूठे वादे करने के भी आरोप लगाये। वहीं राजेश महतो ने कहा कि वक्त आने पर इस छलावे का ग्रामीण भी जबाब देंगे। मौके पर सहायक अध्यापक सुमन भारतीय, रोहन महतो, नितेश अंबानी, धर्मनाथ महतो, बिजली महतो, मुनेश्वर महतो, प्रकाश महतो आदि मौजूद थे।

## गागर में सागर

### कांग्रेसियों ने इंदिरा गांधी व सरदार पटेल को किया याद



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शहादत दिवस एवं पूर्व गृह मंत्री सरदार पटेल के जन्मदिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इस मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि इंदिरा गांधी वर्ष 1966 से 1977 तक लगातार तीन बार प्रधानमंत्री रही। इनके कार्यकाल में देश ने विभिन्न आयामों को छुआ। प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि इंदिरा गांधी ने एक मजबूत और प्रगतिशील भारत के निर्माण में अपना महत्वपूर्व योगदान दिया। वहीं सरदार पटेल के योगदानों को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने आजादी के बाद पूरे राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधने का काम किया। मौके पर जगदीप भगत, पवन गौतम, शाहिद अहमद बेलु, दीपक महतो, सद्गुल अंसारी, सीमा परवीन, मुजजमिल अंसारी, संतोष महतो, परवेज सिद्दकी, विशाल डुंगडुंग, विनय उरांव, संभू प्रजापति, सत्यदेव भगत, विनोद खेरवार, रौनक इकबाल, आजाद खान तारिक अनवर, मिखाईल अंसारी, बबिता देवी, सुशीला देवी सरिता देवी सैफ अली, अरसद अयूब आदि उपस्थित थे।

### सेन्हा थाने में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर दिलाई गई शपथ

**सेन्हा।** थाना परिसर प्रांगण में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर थाना प्रभारी अभिनव कुमार की अगुवाई में मनाई गई। इस दौरान उनके मार्गदर्शन पर चलने तथा लोगों को प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। मौके पर एस आई गणेश कुमार यादव,पंकज यादव, एएसआई विरेंद्र, बाखला, एलबिना लकड़ा, राजेश राम लोहरा, रामचंद्र मांझी सहित सभी पुलिस पदाधिकारी एवं जवान उपस्थित थे।

### सेवन स्टार्स एकेडमी में विज्ञान प्रदर्शनी का किया गया आयोजन



**लोहरदगा।** सेवन स्टार्स एकेडमी हेहल रांची में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें वर्ग 4था से 12वीं तक के छात्र छात्राओं भाग लिया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक मॉडल बनाये। सभी की प्रदर्शनी विद्यालय परिसर में लगाया गया, जिसमें लगभग 54 मॉडल को दशार्या गया था। इसका निरीक्षण विद्यालय के निदेशक डॉक्टर बी. बेक, सचिव सीमा तिग्गा, प्रशाशक प्रफुल्ल कुमार बिड, उप प्राचार्य रीतू प्रिया ने किया। 15 सदस्यीय जूरी ने अपने अंकों के आधार पर 5 सबसे उत्कृष्ट मॉडलों का चयन किया, जिसमें सोलर सिस्टम, हेमोडायलिसिस, खेतीबारी, सेवन वंडर्स ऑफ वर्ल्ड, जी20 सम्मिट, सिस्मोग्राफ, कम्प्यूटर मेमोरी आदि विषय सहित 54 मॉडल बनाये गए थे। इसमें प्रथम कैलिस्ट स्पेस ग्रुप, दूसरा साइंस लीजेंड ग्रुप, तीसरा द रिशर्च रेंजर ग्रुप, चौथा वंडर वर्कर्स ग्रुप, पांचवां स्थान थियोरी टाइटंस ग्रुप ने हासिल किया। साथ ही बाकी सांत्वना पुरस्कार के हकदार बने। कार्यक्रम में नामलेंन पूर्ति, शीला कुमार, जुली कच्छप, कनकलता कच्छप, सुरेश सिंह, नरेश मुंडा, सुशील कुमार, ज्योत्स्ना प्रसाद, अमन कुमार लकड़ा, आशा पूनम, सुनीता चौधरी , पूजा कुमारी आदि मौजूद थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान भवः मेला का आयोजन

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयुष्मान भारत के तहत मुख्यमंत्री जन स्वास्थ्य आरोग्य योजना के अन्तर्गत आयुष्मान भवः मेला का आयोजन किया गया। आयोजित स्वास्थ्य मेला में मातृ स्वास्थ्य, टीबी उन्मूलन, कुष्ठ नियंत्रण, टीकाकरण, भारतीय आयुर्वेद चिकित्सा पध्दति, परिवार नियोजन, सामान्य चिकित्सा सहित अन्य तरह के बीमारियों के 10 स्टॉल लगाये गये थे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिव्या निशि ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी तरह की बीमारियों के लिये अलग-अलग चिकित्सकों का व्यवस्था है। इनके द्वारा इलाज कर मुफ्त में दवा दी जा रही है। मौके पर डॉ. दिव्या निशि,डॉ. परिणीता कुजूर,डॉ. राजीव रंजन, डॉ. निशिश्री के अलावे सभी एनएम और स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

### सेवानिवृति पर बीएसओ व अंचल निरीक्षक को दी गई विदाई

**सेन्हा।** सेवानिवृत होने पर प्रखंड सभागार में आपूर्ति पदाधिकारी अमूल कुमार तिर्की और अंचल निरीक्षक चंद्र प्रकाश मेहता के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर प्रखंड कर्मियों एवं पीडीएस संचालक तथा अंचल कर्मियों द्वारा श्रद्धा भाव से विदाई दी गई। कार्यक्रम के दौरान अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि आपूर्ति पदाधिकारी अमूल कुमार तिर्की ने अपने सरकारी कार्य के दायित्व को सही तरीके से निर्वाह्न कर पीडीएस संचालक के मार्गदर्शक के रूप में कार्य किया। सीओ राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि जीवन को तनाव मुक्त होकर परिवार समाज को जीवन के बाकी समय को लगाए।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर लोहरदगा व गुमला जिले में किया गया विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

# ‘रन फॉर यूनिटी’ से दिया एकता का संदेश

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर दोनों विभूतियों के सम्मान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम समाहरणालय सभागार लोहरदगा में आयोजित किया गया। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों और कर्मियों द्वारा दोनों विभूतियों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। जिले के सभी वरीय अधिकारियों एवं कर्मियों ने सरदार बल्लभ भाई पटेल के बहुमूल्य योगदान को याद किया। साथ ही उपायुक्त ने सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ ग्रहण करवाई। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल ने देश के हित के लिए जो योगदान दिया है उससे हम सभी को सिख लेते हुए अपने जीवन एवं कर्मों में उतारने की आवश्यकता है। इस दौरान जिले भर के सभी प्रखंडों में भी राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन करते हुए अधिकारियों एवं कर्मियों ने राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने की शपथ ली।





### ‘रन फॉर यूनिटी’ का किया गया आयोजन

सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती व राष्ट्रीय एकता दिवस पर समाहरणालय परिसर से बड़ा तालाब तक ‘रन फॉर यूनिटी’ का आयोजन जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से किया गया। इसकी शुरुआत उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। यह दौड़ समाहरणालय परिसर लोहरदगा से प्रारंभ हुई जो मैना बगीचा, बाबा मठ, पावरगंज, सोमवार बाजार होते हुए बड़ा तालाब के पास संपन्न हुई। बड़ा तालाब के पास एसडीओ, पुलिस उपाधीक्षक प्रमेश्वर प्रसाद समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में जिला स्तरीय पदाधिकारीगणों समेत, विभिन्न विद्यालयों के छात्र, युवा, सीआरपीएफ बटालियन के जवान समेत अन्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। वहीं सीआरपीएफ 158 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह की अगुवाई में फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0 अभियान का समापन एवं राष्ट्रीय एकता दिवस पर ‘रन फॉर यूनिटी’ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बटालियन के जवानों, अधिकारियों के साथ बटालियन मुख्यालय से दौड़ हुई।

## सद्भावना दौड़ के साथ राष्ट्र की एकता व अखंडता को अक्षुण्ण रखने का संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर गुमला जिले में राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत सद्भावना दौड़ आयोजित हुई। सीआरपीएफ के कमांडेंट संजय त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित इस दौड़ में बड़ी संख्या में सीआरपीएफ के जवान तथा खिलाड़ियों ने शिरकत की। शहर की हृदयस्थली कहलाने वाले शहीद चौक से लेकर जशपुर रोड स्थित बिरसा मुंडा एग्रो पार्क तक इस दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ में शामिल सीआरपीएफ के जवानों ने बिरसा मुंडा एग्रो पार्क पहुंचकर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और राष्ट्र की एकता तथा अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प दोहराया। सीआरपीएफ के कमांडेंट संजय त्रिपाठी ने इस मौके पर कहा कि देश की अखंडता और एकजुटता को बनाए बचाए रखने के लिए सरदार पटेल का जो योगदान है वह अपने आप में अतुलनीय है। लौह पुरुष सरदार पटेल के बताए रास्तों पर चलकर देश विरोधी ताकतों का मुकाबला करते हुए देश में एकता और एकजुटता बरकरार रखने की कड़ी में आज पूरे देश भर में सद्भावना दौड़ आयोजित की गई है। सीआरपीएफ अपने इस मुहिम के जरिए सरदार पटेल के योगदान और बलिदान को तो याद करता ही है। देशवासियों के भीतर राष्ट्र के प्रति निष्ठा व समर्पण की भावना को बल देने का प्रयास भी अपनी ओर से करता है।






**अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस :**

**चैनपुर।** मंगलवार को परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज के एन एस एस स्वयंसेवकों द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में प्राचार्य फादर इनोसेंट कुजूर, सहायक प्राध्यापक अमित कुमार, बुनदिप लकड़ा, पुस्पलता डुंगडुंग, फादर सुमन आदि मौजूद थे।

# विजय टेंट के मालिक ने की आत्महत्या

**चैनपुर (गुमला)**

चैनपुर के पीपल चौक स्थित अपने घर में विजय टेंट के मालिक 50 वर्षीय विजय टोप्पो ने सीलिंग पंखा के सहारे रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार की सुबह लगभग 10:00 बजे मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया व मामले की छानबीन करते हुए परिजनों एवं पड़ोसियों से पूछताछ कर रही है।

प्राप्त जानकारी अनुसार सोमवार को विजय टोप्पो अपनी पत्नी के साथ अपनी दुकान में था शाम करीब 4:00 बजे विजय अपनी दुकान से घर लौट गया। देर शाम जब विजय की पत्नी घर लौटी तो कमरे का दरवाजा बंद पाया। पत्नी ने कमरे का दरवाजा काफी खुलवाने का प्रयास किया पर विजय ने कमरे का दरवाजा नहीं खोला। पत्नी यह सोचकर निश्चित हो गई कि उसका पति नशे में होगा। कुछ देर बाद खुद बाहर आ जाएगा, क्योंकि पत्नी के अनुसार अक्सर ऐसा होता था। इसके बाद पत्नी खाना बनाने चली गई और देर रात खाना खाने के उपरांत बगल वाले कमरे में जाकर सो गई। सुबह उठी तो देखा कि कमरा अभी भी बंद है। इसके बाद उसने कमरा का दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया पर विजय ने ना तो दरवाजा खोला और ना ही आवाज दी, जिसके बाद पत्नी ने पड़ोस में रह रहे अपनी गोतनी एवं उसके लड़कों को जानकारी दी। इसके बाद लड़कों ने वेंटिलेटर से झांक कर देखा तो पाया कि कमरे की छत में लगे पंख से एक रस्सी लटक रही है, जिसके बाद अनहोनी की आशंका के बाद परिजनों ने थाना पहुंचकर सारी जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरे का दरवाजा तोड़कर खोला तो पाया कि विजय टोप्पो पंखे के सहारे रस्सी के फंदा में झूल रहा है और उसकी मौत हो चुकी है। पत्नी एवं परिजनों के अनुसार विजय काफी शराब पीता था। साथ ही पिछले कुछ दिनों से उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी।

### युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**घाघरा।** घाघरा थाना के शिवसेरेंग निवासी अमित कुमार टोप्पो पिता तेरस टोप्पो ने अपने घर में लगे कंडी में साड़ी के सहारे फांसी लगा आत्महत्या कर ली। घटना सोमवार की देर रात की बताई जा रही है। इस संबंध में गॉव के वार्ड सदस्य रोपना उरांव ने बताया कि गांव के समीप के गांव सेहल मेला अमित गया था और साढ़े सात - आठ बजे तक जब वह घर नहीं आया तो घर वाले खाना खाकर सो गए। सुबह में घर वालों ने अमित को कंडी से लटकते हुए देखा और उसे नीचे उतारते हुए घाघरा पुलिस को घटना की सूचना दी। बताया जा रहा है कि देर रात वह घर आया होगा और नशे की हालत में फांसी लगा ली होगी। अमित के पिता अक्सर बीमारी के कारण बेड पर ही रहते हैं। इधर पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गुमला भेज दिया।

## निंगनी गांव में छेड़छाड़ पर बवाल, देर रात सैकड़ों की संख्या में थाना पहुंचे ग्रामीण



**लोहरदगा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के निंगनी गांव में अपने खेत में धान काटने गई महिला के साथ छेड़छाड़, मारपीट और अभद्र व्यवहार पर ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा गया। देर रात पीड़ित महिला के साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण थाना पहुंच आवेदन देकर आरोपी की जल्द गिरफ्तारी का मांग करने लगे। जानकारी के अनुसार निंगनी गांव की रहने वाली महिला अपने खेत में धान काटने गई हुई थी तभी आरोपी हसू कुरैशी नामक व्यक्ति अपने बकरी को धान खेत में चराने ले आया। मना करने पर हसू कुरैशी महिला के साथ गाली गलौज और मारपीट करते हुए छेड़ छाड़ करने लगा। जब महिला द्वारा विरोध किया गया तो महिला का मंगलसूत्र छीनकर ले गया और महिला को धमकी देते हुए कहा किसी को बताएगी तो लड़का बुलाकर रेप करवा देंगे। महिला घर जाकर घटना की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद पूरे गांव से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण थाना पहुंच करवाई का मांग करने लगे। पीड़ित महिला ने प्रशासन से आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

## भाजयुमो ने हेमंत सोरेन का पुतला फूंका

**लोहरदगा।** भाजयुमो ने जेएसएससी की परीक्षा में भारी गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए स्थानीय पावरगंज चौक पर झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन का पुतला दहन अध्यक्ष मनीष शिखर के नेतृत्व में किया। शिखर ने कहा कि झारखंड म्युनिसिपल सर्विस कंबाइंड परीक्षा(जेएसएससी) में भारी अनियमितता प्रबंधन द्वारा किया गया। सरकार कहीं ना कहीं रोजगार देने में विफल तो रही, परंतु यदि किसी प्रकार से एक दो वैकेंसी चार साल में लाई भी तो वह विवादों से घिरी रही। झारखंड के जेएमएम और कांग्रेस की सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। दोषियों पर कार्रवाई न करते हुए 16 परीक्षार्थियों पर केस दर्ज किया गया है जो काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। पशुपतिनाथ पारस ने कहा कि हेमंत सोरेन हर एक वर्ग को ठगने के सिवा कुछ भी नहीं दिया है। मौके पर मुख्य रूप से ओम प्रकाश सिंह, राजकिशोर महतो, अजय कुमार पंकज, विश्वजीत सहदेव, ओम गुप्ता, जगनंदन पौराणिक, कलावती देवी, पशुपतिनाथ पारस, कमलेश कुशवाहा, जीवन उरांव, पप्पू पहलवान, शुभम पंकज, अपूर्व पोद्दार, रोहन गुप्ता, पवन प्रजापति, यशस्वी ओझा, दिनेश सिंह, विकास प्रजापति, शुभम जायसवाल, दिग्गत सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### हर पर्व व त्योहार का मकसद प्यार व खुशियां बांटना होता है : जयप्रकाश

**लोहरदगा।** हर कोई दीपावली पर्व की तैयारी में जुट गए हैं, वहीं मारवाड़ी युवा मंच हर चेहरे पर मुस्कान लाने और ‘दिवाली को खुशियों वाली’ बनाने की तैयारी में लगी हुई है। झारखंड प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार मंच की विभिन्न शाखाओं की सहभागिता से सवा लाख मिठाई के डिब्बे और ग्यारह हजार कंबल का स्नेहपूर्ण वितरण गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच किया जाना है। जय प्रकाश शर्मा के द्वारा हर होली और दीवाली पर शहर की अलग अलग बस्तियों में जा कर गरीब बच्चों के बीच मिठाईयां और उपहार बांटा जाता रहा है। इस वर्ष भी वो इन बच्चों के साथ खुशियां बाटेंगे साथ ही उन्होंने सभी से अपील भी की हर कोई कोशिश करे कि इस दिवाली कोई घर अंधेरे में ना रहे।

# चैनपुर पंप में एक महीना से नहीं है पेट्रोल डीजल, लोग हो रहे परेशान

**चैनपुर (गुमला)**

चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के छतरपुर में स्थित में गणपति बप्पा पेट्रोल पंप पिछले 1 माह से बंद है। इसके कारण स्थानीय वाहन चालक किसान एवं प्रशासन को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। चैनपुर प्रखंड में मात्र एक पेट्रोल पंप संचालित है जो पिछले एक सप्ताह से पेट्रोल डीजल नहीं होने के कारण बंद है। आगे कब पंप में पेट्रोल डीजल आएगा यह भी पंप के संचालक नहीं बता पा रहे हैं। इसके कारण लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र से लोग मोटरसाइकिल लेकर पेट्रोल पंप तेल भरने आते हैं और पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल नहीं मिलने से निराश होकर लौट जाते हैं।



मजबूरन लोगों को ब्लैक में पेट्रोल डीजल महंगे दामों में खरीदना पड़ रहा है। वहीं वाहन चालकों ने बताया कि पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल नहीं रहने पर ब्लैक में बेचने वाले दुकानदार मनमानी रेट वसूलते हैं और तो और माप में भी बहुत कम देते हैं। वहीं कुछ किसानों का कहना है की खेती बाड़ी का समय है। ऐसे में पेट्रोल पंप में डीजल नहीं मिलने से महंगे दामों पर डीजल खरीद कर सिंचाई करना बहुत मुश्किल हो जाता है। कुछ लोगों ने बताया कि 12 किलोमीटर जारी या फिर 30 किलोमीटर दूर माझा टोली जाने पर ही पेट्रोल डीजल मिल सकता है। चैनपुर पेट्रोल पेट्रोल पंप का आए दिन का यही रवैया है। अधिकांश दिन यहां पेट्रोल डीजल खत्म होने के कारण यह पेट्रोल पंप बंद ही रहता है। वैसे भी पेट्रोल के दाम आसमान छू रहे हैं। ऐसे में और महंगे दाम देकर पेट्रोल लेने में वाहन चालकों की जेब पर असर पड़ रहा हैं। इस संबंध में झामुमो के जिला उपाध्यक्ष सुशील दीपक मिंज ने कहा कि पूरे चैनपुर में एकमात्र पेट्रोल पंप पर हजारों की संख्या में वाहन चालक आश्रित हैं। ऐसे में पेट्रोल डीजल नहीं रहने पर लोगों को 10 से 20 रुपये अधिक देकर ब्लैक में पेट्रॉल डीजल खरीदना पड़ रहा है। चैनपुर में पेट्रोल पंप 1 माह से बंद रहने से वाहन चालक खासा परेशान हैं। प्रशासन इस पर पहल करे और चैनपुर के पेट्रोल पंप को जल्द चालू करवाये।

## खेलकूद

### लोहरदगा में बैडमिंटन चैंपियनशिप सह चयन प्रतियोगिता का शुभारंभ

# अनुशासन के साथ खेलें खिलाड़ी, सफलता मिलेगी : एसपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** महिला कॉलेज इंडोर बैडमिंटन कोर्ट लोहरदगा में जिला बैडमिंटन एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में यूनेक्स सनराइज झारखंड स्तरीय मिनी एवं सब जूनियर अंडर-11 बालक बालिका एवं अंडर-13 बालक बालिका बैडमिंटन चैम्पियनशिप सह चयन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा ने सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया और हौसला अफजाई की। एसपी ने कहा कि इतने छोटे-छोटे बच्चे इतना सुंदर खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। बच्चों का खेल से लगता है कि काफी प्रेक्टिस किए होंगे। इनके कोच, माता-पिता जिन्होंने प्रोत्साहित किया है, सभी के जज्बे की मैं प्रशंसा करता हूं।



उन्होंने अंडर 13 बालक वर्ग का पहला मैच अभिनव राज गुमला वर्सेस डी राजवीर गिरिडीह के बीच टॉस कराकर मैच प्रारंभ कराया। कहा कि खिलाड़ी नियम व अनुशासन के साथ खेलेगे तो निश्चित सफलता मिलेगी। इधर प्रतियोगिता में गिरिडीह के डी राजवीर ने गुमला के अभिनव राज, गिरिडीह के अंकित कुमार ने रांची के गॉडविन एक्का, गोड्डा के प्रिंस कुमार ने गुमला के समर चौरसिया, गुमला के प्रमेश्वर दास ने लातेहार के कृष कुमार तथा रांची के श्रीराम रतन ने धनबाद के श्रीधन चटर्जी को हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। मौके पर प्रवीण कुमार सिंह, जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद , सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, अविनाश कुमार, राजेश रंजन, नीरज कुमार, सचिव मलय दत्ता, उपाध्यक्ष मुरारी गोस्वामी, कोषाध्यक्ष नसीम अख्तर, प्रवीण पटेल, उत्तम कुमार, दुबराज यादव, नीरज खत्री, राहुल साहू, एवं मीडिया प्रभारी अरुण राम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। बैडमिंटन खेल सम्पन्न कराने में रेफरी वसीम अकरम, एम्पायर अजित कुमार राणा, रंजीत कुमार साहू एवं वाहिद अंसारी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## सीओ ने विकास योजनाओं की समीक्षा की



**भंडरा/लोहरदग्गा।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार भवन में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मनरेगा, पीएम आवास, बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य सहित कई बिंदुओं पर समीक्षा हुई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रखंड के विकास में सभी विभाग के अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भंडरा प्रखंड में जो भी योजनाएं संचालित की जा रही है। उसे अविलंब पूर्ण करें। उन्होंने मनरेगा से संचालित मुर्गी शेड, गाय शेड, बकरी शेड निर्माण कार्य को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करते हुए अभिलेख बंद करने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने पीएम आवास प्रखंड सम्मानीय नितेंद्र कुमार को निर्देश देते हुए कहा कि प्रखंड में जो भी अपूर्ण पीएम आवास योजनाएं हैं। उसे 15 नवंबर के अंदर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को पंचायत में संचालित बिरसा मुंडा आम बागवानी स्थल पर जल कुंड निर्माण करने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विकास परियोजना के अधिकारी को भी आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए योजनाओं की समीक्षा की। मौके पर मुखिया सुमित उरांव, टेले उरांव, इंद्रदेव उरांव, परमेश्वर महली, नीता सरकार, बीएचओ मनोज कुमार, नव प्रभात कुजूर, पंचायत सचिव श्यामदयाल उरांव, नितलेंद्र नारायण, रेहान अंसारी, नंदी रानी कच्छप, विजय प्रसाद, मनीष जायसवाल, आकिब अंसारी सहित पंचायत सचिव मौजूद थे।

## एपल आईफोन हैकिंग मामले में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले

# 150 देशों में एडवाइजरी जारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एपल आईफोन हैकिंग के विपक्ष के दावों को केंद्र सरकार ने मंगलवार को सिरे से खारिज कर दिया। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विन वैष्णव ने साथ ही कहा कि आरोपों की जांच के लिए आदेश दिए गए हैं। अश्विन वैष्णव ने कहा कि कुछ साथियों ने एपल अलर्ट के बारे में संदेश दिए हैं, ऐसे में हम मामले की तह तक जाएंगे। उन्होंने विपक्ष के आरोपों पर कहा, "कुछ हमारे आलोचक हैं जो झूठे आरोप हमेशा लगाते रहते हैं। ये देश की प्रगति नहीं चाहते। एपल ने 150 देशों में एडवाइजरी जारी की है। एपल ने अनुमान के आधार पर मैसेज भेजा है। एपल ने अपना स्पष्टीकरण जारी कर दिया है। वैष्णव ने कहा कि इनकी (विपक्षी दलों) आदत है कि जब भी कोई अहम मुद्दा नहीं होता तो कहते हैं कि निगरानी हुई है। इन्होंने ये आरोप कुछ साल पहले भी लगाने की कोशिश की थी। इसकी जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हुई, लेकिन कुछ नहीं निकला। प्रियंका गांधी ने भी दावा किया था कि उनके दो बच्चों का फोन हैक हुआ था, लेकिन कुछ नहीं



हुआ।" कांग्रेस नेता राहुल गांधी, शशि थरूर, शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा और आम आदमी पार्टी (आप) के राघव चड्ढा समेत विपक्ष के कई नेताओं ने मंगलवार को दावा किया कि उन्हें एपल से एक चेतावनी मिली है। इसी के साथ विपक्षी नेताओं ने सरकार पर जासूसी के आरोप लगाए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि जब भी अडानी से जुड़ा मामला उठाया जाता है तो एजेंसियों को जासूसी में लगा दिया जाता है। उन्होंने कहा, "नरेंद्र मोदी की आत्मा अडानी में है, तोता कहीं बैठा है, राजा कहीं और बैठा हुआ है। हकीकत यह है कि सत्ता अडानी के हाथ में हैं। इसमें कहा गया है कि "सरकार प्रायोजित हमलावर कहीं दूर से उनके आईफोन से छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं। ये हमलावर संभवतः आप कौन हैं या आप क्या करते हैं, इसके कारण आपको व्यक्तिगत रूप से निशाना बना रहे हैं। हैकिंग के दावों पर एपल ने कहा, "इस बारे में जानकारी नहीं दे सकते कि किस वजह से खतरे की चेतावनी दी जाती है क्योंकि इससे राज्य प्रायोजित हमलावरों को बचने में मदद मिल सकती है।

खतरे की चेतावनी के लिए किसी विशिष्ट राज्य-प्रायोजित हमलावर को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते। कंपनी ने कहा, "हमलावर आर्थिक व तकनीकी रूप से प्रभावशाली हैं, अकसर हमलों का पूर्ण तरीके से पता नहीं लग पाता है।"

## प्याज की बढ़ती कीमत के बीच सरकार ने उठाया एक और कदम

# 16 शहरों में बफर स्टॉक बेचेगी सरकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश के कई राज्यों में प्याज के दाम तेजी से बढ़ रहे हैं। दिल्ली एनसीआर समेत कई शहरों में प्याज के दाम 80 रुपये किलो के आसपास बिक रहे हैं। पिछले हफ्ते से लेकर अभी तक प्याज की कीमत दोगुनी हो चुकी है। जहां कभी प्याज 30 से 35 रुपये किलो बिक रहे थे, वहीं अब 75 से 80 रुपये किलो बिक रहे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि मानसून के कारण हुई आपूर्ति में कमी के कारण प्याज के दाम बढ़े हैं। वहीं केंद्र सरकार ने त्योहारी सीजन में उच्च मांग के कारण कीमतों को कम करने के लिए अपने भंडार से स्टॉक जारी करना शुरू कर दिया है। यह स्टॉक कई राज्यों में जारी किया गया है। दिवाली से पहले ही प्याज के साथ ही अन्य सब्जियों की मांग भी बढ़ी है। इस कारण प्याज के दाम कुछ दिन में दोगुने हुए हैं तो वहीं बाकी सब्जियों के दाम एक बार फिर बढ़ रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारी ने कहा कि सरकार मौजूदा महंगाई को रोकने के लिए अपने बफर स्टॉक से करीब 16 शहरों में प्याज बेचना जारी रखेगी। देश की राजधानी रिटेल मार्केट में एवरेज प्याज की कीमत 80 रुपये प्रति किलो पर बिक रहा है।


## श्रम अधीक्षक का कार्यालय, चतरा

### प्रेस विज्ञप्ति

ई–श्रम पोर्टल में निबंधित वैसे श्रमिक जिनकी दुर्घटना में मृत्यु 31.03.2022 को अथवा इसके पूर्व एवं 26.08.2021 के बाद हुई हो, के संबंध में अनुदान राशि के भुगतान हेतु ई–श्रम पोर्टल के अन्तर्गत एक ऑनलाईन मॉडयुल तैयार किया गया है जिसपर अर्हत्ता प्राप्त आवेदन को अपलोड किय जा सकेगा। इस पुरी प्रक्रिया अर्थात जिला स्तर पर ई–श्रम के तहत् अनुदान राशि के भुगतान का अनुश्रवण करने हेतु उपायुक्त, चतरा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया जा चुका है। समिति में पुलिस अधीक्षक, सिविल सर्जन, अपर समाहर्त्ता एवं श्रम अधीक्षक अन्य सदस्य है। अनुदान राशि के अन्तर्गत दुर्घटना से मृत्यु एवं पूर्ण विकलांगता की स्थिति में 2,00,000/–(दो लाख) रू0 एवं आंशिक विकलांगता की स्थिति में 1,00,000/–(एक लाख) रू0 का भुगतान किया जाएगा।

उक्त अनुदान की राशि के भुगतान हेतु निम्न दस्तावेजों को ऑनलाईन मॉडयुल पर अपलोड किया जाना हैः–

1. आवेदक का आधार कार्ड
2. मृतक का ई–श्रम कार्ड
3. मृत्यु प्रमाण – पत्र/विकलांगता प्रमाण–पत्र
4. मृतक का चिकित्सा प्रमाण–पत्र
5- FIR रिर्पोट
6. पोस्टमार्टम रिर्पोट
7. जिला न्यायालय द्वारा निर्गत अभिभावक प्रमाण–पत्र (आवेदक के अल्पवयस्क होने की स्थिति में) अनुदान राशि प्राप्त करने के लिए आवेदक को मार्च 2024 के पूर्व आवेदन करना अनिवार्य होगा। अनुदान राशि के लिए आवेदन हेतु श्रम अधीक्षक का कार्यालय, पकरिया, चतरा में सम्मर्क किया जा सकता है।

श्रम अधीक्षक,
चतरा

PR 310301 Labour Employment and Traning(23-24)#D


# सस्ता हुआ सोना, 72,500 के पास पहुंची चांदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मंगलवार अक्टूबर का आखिरी दिन था और आज से नवंबर की शुरूआत हो गई। नवंबर में भारत में त्योहारी सीजन के तहत कई बड़े त्योहार आने वाले हैं। 1 नवंबर को सुहागिनों का प्रमुख त्योहार करवा चौथ मनाया जाएगा। ऐसे में अगर आप करवा चौथ के मौके पर अपनी पत्नी के लिए गोल्ड या सिल्वर ज्वैलरी खरीदने के बारे में सोच रहे हैं तो आपके लिए खुशखबरी है। करवा चौथ से ठीक एक दिन पहले वायदा बाजार में सोना और चांदी दोनों सस्ते हो गए हैं। मंगलवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना गिरावट के साथ



कारोबार कर रहा है। करवा चौथ के बाद लोग धनतेरस, दिवाली और भाई दूज पर भी जमकर सोने की खरीदारी करते हैं तो सोने के दाम कम होने का फायदा ले सकते हैं। शुरूआती दौर में सोना जहां 61,117 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर खुला है। इसके बाद इसकी कीमत में कुछ सुधार देखा गया है और यह कल के मुकाबले 130 रुपये यानी 0.21 फीसदी सस्ता होकर 61,150 रुपये के स्तर पर बना हुआ है। सोमवार को सोना 61,020 रुपये पर बंद हुआ था। सोने के अलावा चांदी में भी आज गिरावट देखी जा रही है। वायदा बाजार में चांदी 31 अक्टूबर को कल के मुकाबले 266 रुपये यानी 0.37 फीसदी सस्ती होकर 72,489 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। वहीं सोमवार को सिल्वर 72,223 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। घरेलू बाजार के अलावा अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने-चांदी के भाव में गिरावट देखी जा रही है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
(E- Mail – ID – rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

### सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या **RDD/SD/LOHARDAGA/E-13/2023-24** जिसका पी0 आर0 सं0 **PR 307279 Lohardaga (23-24)D** है, के ग्रुप संख्या 05 को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा

PR 310247 Lohardaga (23-24)_D


## फिजिक्स वाला ने एनसैट दूसरे चरण की शुरूआत की

# पीडब्ल्यू विद्यापीठ सेंटर्स की संख्या 74 तक पहुंची

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पीडब्ल्यू ने पूरे भारत में फिजिक्स वाला नेशनल स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट का दूसरा चरण शुरू किया। इसमें 200 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। भारत की अग्रणी एडटेक कंपनी फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) के ऑफलाइन सेंटर्स विद्यापीठ की संख्या पूरे भारत के 50 शहरों में 74 तक पहुंच चुकी है। इनका उद्देश्य छात्रों को उनके गृहनगर के करीब ही उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा पहुंचाना है। इससे उन्हें दूसरे शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हम उनको आसानी से सीखने की हर सुविधा पहुंचाना चाहते हैं। पीडब्ल्यू विद्यापीठों में अपनी ऑफर के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए 10 विद्यापीठ सूचना केंद्र और 27 शहरों में 28 पाठशालाएं भी संचालित करता है, जहां हाइब्रिड कक्षाएं चलती हैं। इसके अतिरिक्त, पीडब्ल्यू




फिजिक्स वाला नेशनल स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट (पीडब्ल्यूएनसैट) के दूसरे चरण का भी शुभारंभ करेगा, जिसमें 200 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों और जेईई या नीट के इच्छुक छात्रों के लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड में परीक्षाएं कराई जाएंगी। जिसमें सौ फीसदी तक छात्रवृत्ति पाने का मौका है। ये 26 नवंबर से 10 दिसंबर तक (ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में) आयोजित की जाएंगी। पीडब्ल्यू में विद्यापीठ ऑफलाइन के सीईओ अंकित गुप्ता ने मंगलवार को पत्रकारों को कहा, हम इस बात के लिए प्रतिबद्ध हैं कि प्रत्येक छात्र को अपने गृहनगर में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मिले, जिससे अच्छी एजुकेशन के लिए उन्हें दूर न जाना पड़े। वे आराम से मन लगाकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे सकें और उनके माता-पिता पर आर्थिक बोझ कम हो सके। इसके अलावा, हमारा लक्ष्य भारत के हर शहर में एडुकेशन सेंटर स्थापित करना है। विद्यापीठों के विस्तार और पीडब्ल्य ूएनसैट के दूसरे चरण की शुरूआत के साथ, हम इस लक्ष्य की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं, जिससे छात्रों को दोनों दुनियाओं का सर्वश्रेष्ठ प्रदान किया जा सके।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

### आवश्यक सूचना
**(लापता मुन्ना भुईयाँ, उम्र–46 वर्ष)**



चिनियॉ थाना सनहा सं0–13/23, दिनांक–26.10.2023 में लापता व्यक्ति मुन्ना भुईयॉ, उम्र–46 वर्ष, पिता–स्व0 सोहर भुईयॉ, ग्राम–तुरीमुण्डा, थाना–चिनियॉ, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाले है। लापता व्यक्ति के पुत्र मंजय भुईयॉ के द्वारा आवेदन में बताया गया की इनके पिता मुन्ना भुईयॉ चेन्नई सेन्ट्रल प्लांट में कमाने गये थे परन्तु कुछ दिन काम करने के बाद इनका तबीयत खराब हो गया और वे दिनांक–16.10.2023 को चेन्नई सेन्ट्रल से घर आने के कम में गोन्दिया रेलवे स्टेशन पर उतर गये और उसके बाद से लापता है। उक्त लापता व्यक्ति मुन्ना भुईयॉ का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता व्यक्ति मुन्ना भुईयॉ के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 अथवा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

हुलियाः– रंग– सांवला, चेहरा–लम्बा, निशान चिन्ह–माथे पर चोट का निशान, लम्बाई–05 फीट 03 इंच।

पहनावा–काला रंग का शर्ट एवं पैन्ट।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 310287 Police(23-24)#D


## मेक्सिको में तूफान से तबाही, मृतकों व लापता लोगों की संख्या 100 के पार

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में पिछले सप्ताह आए ओटिस तूफान के कारण अकापुल्को शहर में मची तबाही के चलते मृतकों व लापता लोगों की संख्या बढ़कर 100 के पार हो गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बुधवार को 165 मील प्रति घंटे (266 किलोमीटर प्रति घंटे) की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ ओटिस तूफान ने अकापुल्को को तबाह कर दिया जिसके बाद आई बाढ़ से घरों, होटलों की छतें टूट गईं, वाहन डूब गए और संचार के साथ-साथ सड़क और हवाई संपर्क भी टूट गए। इस अव्यवस्था के चलते 900,000 की आबादी को भोजन और पानी की परेशानी के साथ लूटपाट की घटनाएं सामने आई हैं। अकापुल्को के गृह राज्य ग्युरेरो के गवर्नर एवलिन सालगाडो ने राज्य अभियोजकों के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 45 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। और 47 अन्य लापता हैं। मेक्सिको के संघीय नागरिक सुरक्षा अधिकारियों ने रविवार दोपहर को कहा कि 48 लोग मारे गए, जिनमें 43 अकापुल्को में और पांच पास के कोयुका डी बेनिटेज में थे। ग्युरेरो राज्य सरकार के अनुसार मृतकों में एक अमेरिकी, एक ब्रिटिश और एक कनाडाई नागरिक शामिल हैं। पर्यटन नौकाओं पर मछुआरे और कर्मचारी लापता सहकर्मियों और दोस्तों की तलाश के लिए रविवार दोपहर को अकापुल्को के प्लाया होंडा में एकत्र हुए, चिंतित अधिकारी पर्याप्त प्रयास नहीं कर रहे थे।


## झारखण्ड सरकार
### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, लोहरदगा

### रोजगार मेला संबंधी सूचना

दिनांक 02.11.2023 को "कार्यालय" जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई हैः–

| Sl. No | Name of the Employer & Address | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification Required | Age | Experience | Remarks (Pay Scale) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Medicare Environmental Management Pvt. Ltd., Lohardaga. | Driver | 01 | 10th and Commercial Heavy License. | 25-35 | 02 years | 14,000/- Jobs Location Daltonganj and Lohardaga. |
| 2 | Raxa Security Services Ltd., Andhra Pradesh | Security Guard | 500 | 10th Pass | 18-35 | | As per State Minimum Wages. Job Location All over India. |
| 3 | Uptoskills Palam, New Delhi. | Wireman | 50 | 10th /ITI | 18-25 | | 11,000-15,000/- Job Location U.P, Bihar, Delhi NCR |
| | | ISP Engineer | 20 | 10th/Diploma | 18-27 | 0 to 01 year | 14,000-20,000/- Job Location U.P, Bihar, Delhi NCR |
| | | Customer Services Associate | 70 | Graduate | 18-30 | 0 to 01 year | 15,000-25,000/- Job Location U.P, Bihar, Delhi NCR |
| 4 | Aamdhane Pvt. Ltd., Vaishnavi Building Road No. 36, Jubee Hill, Delhi. | Assembly Operator | 50 | 10th / Desirable Diploma | 18-28 | | 11,000-27,000/- Job Location Gujarat. |
| | | Picker Packer | 50 | 10th / Desirable ITI | 18-28 | | 11,000-15,000/- Job Location Hyderabad. |
| 5 | Bajaj Alliance Life Insurance Ltd., Lohardaga. | A.S.O (Agency Sales Officer) | 25 | Graduate | 21-35 | 1 year | 18,000/- Job Location Lohardaga. |
| | | Insurance Advisor | 20 | 10th Pass | 20-40 | 6 months | Commission Basis |
| | | S.S.M (Services Sales Manager) | 05 | Graduate | 22-35 | 1 year | 03 Lakh per year. |
| 6 | Life Insurance Corporation Of India, Lohardaga. | Financial Advisor. | 20 | 10th Pass | 18-35 | | Commission Basis. |
| 7 | Millennium Skill by G4S, NCR Delhi. | Security Guard | 450 | 10th Pass | 18-40 | | 14,000-21,000/- Job Location Bhuneshwar, NCR Delhi, Gujarat, Chennai, Bangalore. |
| | | Supervisor | 50 | 10th and above | 18-30 | Fresher | |
| 8 | Bharti Axa Life Insurance, Lohardaga. | Life Advisor | 30 | 10th Pass | 30 above. | | Commission Basis. |
| 9 | Gramin Shiksha Avam Prashishan Foundation, Ahmadabad, Gujrat. | Machine Operator | 80 | 10th /12th / ITI | 18-35 | | 15,000/- Job Location Ahmadabad. |
| | | Quality | 40 | ITI/Diploma | 18-35 | | 16,000/- Job Location Ahmadabad. |
| | | Assembly Line | 120 | 10th /12th / ITI | 18-35 | | 15,000/- Job Location Ahmadabad. |
| | | Mobilizer | 04 | Graduation | 25-40 | | 20,000/- Job Location Ahmadabad. |
| Total | | | 1585 | | | | |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in/www.ncs.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपी फोटो 4 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। साक्षात्कार सुबह 10:30 बजे से होगी। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तो के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है।

District Employment Officer,
Lohardaga.

PR 310243 Lohardaga(23-24)#D



## Office Nagar Parishad, Lohardaga

### Notice Inviting Short Tender

**e-Tender Reference No. LNP/ 11/2023-24** **Date- 30-10-2023**

The Undersigned invites overall Percentage rate bids for the work mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved contractor registered in appropriate class in Urban Development and Housing Department, Jharkhand. The bid shall be submitted online in the website *http://jharkhandtenders.gov.in* The bidders(s) should have necessary portal enrolment with their own digital.

| S. No. | Gr. No. | Name of the Work | Approx Value of work (in Rs.) | Earnest Money (Through Online Payment getway of jharkhandtenders.gov.in) | Cost of Bid Document (Through Online Payment getway of jharkhandtenders.gov.in) | Period of completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | Construction of RCC drain with slab From Gulam house to Urdu middile school via bashir house (1315'), & Sakil house to Sonu house via firoj house (350'), & Construction of RCC culvert near Ursh maidan at W.N. -12 | 46,36,614.00 | 92,732.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 2 | 2 | Construction of P.C.C. road from Jainathpur Akhra to Bhola Mahato house, Fuldew oraon house to Sikha house and Chandan Rajgariya house to Sager Mandel house in ward no 18 | 52,88,413.00 | 1,05,768.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 3 | 3 | Construction of drain & Repairing of PCC Road from (1) Bagdu road Eidgah to Jubair ansari house via manir ansari house (drain= 1715', PCC= 980') (2) Emamuddin house to bashir house (drain= 530', PCC= 340'), (3) Gulam rasul house to Soyeb house (drain= 230', PCC=295'), Islamnagar, Lohardaga at Ward NO- 11 | 54,17,916.00 | 1,08,358.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 4 | 4 | Construction of RCC drain with slab From Sanjay sahu house to Usha kumari house (Kisko More 700') & Vinay agarwal house to Jayshil prasad house (Kisko more 530') W.N -06 | 31,01,608.00 | 62,032.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 5 | 5 | Construction of RCC drain with slab from Koka Pan Dukan to Rinku house (Powerganj Chowk) and Construction of drain & Repairing of PCC Road from (1) Tipu house to Dhoda toli road (2) Girwar Shishu sadan school to Naim khan house (Near Choti Masjid) at Ward NO- 03 | 29,28,355.00 | 58,567.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 6 | 6 | Construction of RCC drain with slab From (1) Block more to Rajiv ranjan house ( Block colony 1050') & Construction of PCC Road from Mahatam yadav house to arvind dubey house ( block colony 150' ) & Repairing of PCC Road from (1) Pramod sahu hose to anita devi house ( 250' block colony ), (2) Prakash sharma house to arvind mishra house ( 400' block colony), (3) Laldev bhagat house to shashi badaik house ( block colony 275' ) at W.N. -04 | 40,15,634.00 | 80,313.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 7 | 7 | Construction of RCC drain with slab near Taj Banquet Crocery Shop to Shoe Mahal New Road, Whali jee house to Shashi Sahu house, Sayad Kalim house to Shakil khan house and Sohel Medical Shop to Anu Battel Shop in ward no 13 | 41,47,153.00 | 82,943.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 8 | 8 | Construction of drain & Repairing of PCC Road from ( 1 ) Surendra Say house to Shashi Badaik house & Anil Sinha house to Ramjee Sahu house, Block Colony ( Drain= 1120', PCC=1305' ), (2) Ravi Sinha house to Master sahab house, Dhoratoli ( drain= 150' ), at Ward NO- 04 | 34,90,955.00 | 69,819.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 9 | 9 | Construction of PCC road & RCC Drain from Budhu oraon house to livelihood centre (Patratoli) at W.N. -05 | 43,58,945.00 | 87,179.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 10 | 10 | Construction of P.C.C. road from Fulmani Toppo house to Irdan Ekka house via Gulsan Ekka house and Roshan Toppo house to Sanjay Rajak house via Ramchander Rajak house in ward no 23 | 27,91,631.00 | 55,833.00 | 10,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 11 | 12 | Construction of RCC drain with slab From Barwatoli chowk to Radha Marble(Collage Road) at Ward no -19 &23 | 24,75,262.00 | 49,600.00 | 5,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 12 | 12 | Construction of PCC Road near SDO Office under nagar parishad lohardaga at Ward NO- 06 | 24,74,472.00 | 49,500.00 | 5,000.00 + 18% GST | 60 Days |

**Note: Updated estimated cost should be considered for earnest Money.**

| Sl. No. | Procurement Officer | date of tender publish on website | Availability of tender on line for bidding | | Place, Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| 1. | Executive officer Nagar Parishad, Lohardaga | 03-11-2023 Time 10:30 AM | Bid downloading Date-03-11-2023 Time 11:00 A.M To Date 16-11-2023 Time 5:00 P.M. | Bid submission Date- 03-11-2023 Time 11:30 P.M To Date 16-11-2023 Time 5:00 P.M. | N.P. Lohardaga Date- 17-11-2023 Time 05:00 P.M |

**Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in**

**Administrator**
**Nagar Parishad, Lohardaga**

PR 310278 (Lohardaga) 23-24 (D)

इस दुनिया में रहने की दो ही सबसे अच्छी जगह है किसी के दिल में और दूसरा किसी की दुआओं में ।
- अज्ञात



# मौसम का मिजाज

***झारखंड*** में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। नवंबर महीने की शुरूआत हो गयी। यही कारण है कि मौसत में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले कुछ दिनों में ठंड में और बढ़ोतरी की संभावना है। जबकि आने वाले चार-पांच दिनों में आसमान साफ और मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। वहीं सुबह में कुछ स्थानों पर धुंध देखने को मिलेगा। ऐसे में गर्म कपड़े और रजाई बक्से से बाहर निकलने शुरू हो गये हैं। घर के आंगन या छतों पर गर्म कपड़े सूखने के लिए डाला जा रहा है। राज्य के कई इलाकों का न्यूनतम तापमान 15 डिगी सेल्सियस से नीचे आ गया है। वहीं उत्तर से आ रही सर्द हवाओं के कारण सुबह और शाम में ठंड का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले पांच दिनों तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। जबकि कुछ स्थानों पर सुबह में धुंध और कोहरा का भी असर देखने को मिल सकता है। साथ ही दीपावली और छठ की दस्तक देने के बाद आम आदमी के जीवन व दैनिक दिनचर्या में फेरबदल होने से काम करने के तरीके में भी बदलाव आया है। ऐसे में हर व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना जरूरी है। ऐसे मौसम में बीमारी का खतरा बनी रहती है। सर्दी व खांसी का होना आम बात है। सुबह वॉक पर जाने वाले लोगों को सावधानी की जरूरत है। चिकित्सकों की मानें तो लोग कान और पैर को कपड़े से अच्छे तरीके से ढंक कर रखें। कारण ठंड हवा के शरीर में प्रवेश करने की वजह से तबीयत खराब होने का खतरा रहता है। बहरहाल मौसम का आना और जाना प्रकृति का नियम है। इसका स्वागत किया जाना चाहिए। लेकिन हर मौसम का अपना एक अलग अंदाज होता है। उस अंदाज को आत्मसात करने की जरूरत है। कारण मौसम का आकाश बदलते समय के अनुसार रंग चेंज करता रहता है। बस ख्याल रखना चाहिए कि आकाश के आकार और कलर को समझा जाये। ऐसा नहीं समझने पर वह परेशानी का सबब भी बन सकती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए इसका आनंद लेने की जरूरत है। जाड़ा,गर्मी और बरसात यह बतलाने के लिए आते हैं कि जीवन में सब कुछ स्थायी नहीं होता है। परिवर्तन जीवन का नियम है। ये मौसम यह बतलाते हैं कि गर्मी किसी की नहीं रहती है। यह प्रकृति का दिया अनुपम उपहार है। जिसे स्वीकार करने की जरूरत है। ऐसे में सर्दी का आनंद लेने के लिए हम सब तैयार हो जायें। यह देखा गया है कि मौसम के बदलते वक्त जहां हमारी दिनचर्या पर असर पड़ता है,वहीं शरीर को उसके अनुसार बनने में समय लगता है। इसी अवधि में सावधानी की जरूरत है। ऐसा नहीं करने पर परेशानी सामने दस्तक देने लगती हैं। कारण हमारी जिन्दगी की पतवार प्रकृति के हाथों में है। उसकी अवहेलना करने से जिन्दगी के आंगन में परेशानियां डेरा जमा लेती हैं।

**मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले कुछ दिनों में ठंड में और बढ़ोतरी की संभावना है। जबकि आने वाले चार-पांच दिनों में आसमान साफ और मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। वहीं सुबह में कुछ स्थानों पर धुंध देखने को मिलेगा। ऐसे में गर्म कपड़े और रजाई बक्से से बाहर निकलने शुरू हो गये हैं।**

# अमृतकाल व अखंड भारत का प्रतिबिंब





जी. किशन रेड्डी

***लाल*** किले की प्राचीर से 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था- 'यह देश प्राचीन सांस्कृतिक विरासत की ऐसी आधारशिला पर बना है, जहां वैदिक काल में हमें केवल एक ही मंत्र बताया जाता था, जिसे हमने सीखा है, जिसे हमने याद किया है-**'संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम।'** अर्थात हम साथ चलते हैं, हम साथ आगे बढ़ते हैं, हम साथ मिलकर सोचते हैं, हम मिलकर संकल्प लेते हैं और हम साथ मिलकर इस देश को आगे ले जाते हैं। प्रधानमंत्री ने तब एक ऐसे भारत के लिए अपना दृष्टिकोण अर्थपूर्ण तरीके से सामने रखा जिसमें प्रत्येक भारतीय का साझा लक्ष्य था। उन्होंने ऐसे भविष्य का संकेत दिया था, जहां जनभागीदारी सबसे मजबूत हथियार के रूप में और विश्व गुरु के रूप में सत्ता के शिखर पर उभरेगी। इसके बाद प्रधानमंत्री ने कैलेंडर पर एक महत्वपूर्ण तिथि अंकित की 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में 31 अक्टूबर। यह भारत के लौह पुरुष और देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत के प्रति एक श्रद्धांजलि है। इसका मतलब सिर्फ एक तारीख से कहीं अधिक है। इसने सरदार पटेल परिकल्पित एकता और अखंडता के सार को फिर जागृत करने की पवित्र प्रतिबद्धता को मूर्त रूप दिया। यह उनके दिखाए रास्ते पर चलने का एक वादा था तथा एकजुटता और सामूहिक प्रयासों के शाश्वत मूल्यों पर आगे बढ़ने की प्रतिज्ञा थी। एक दशक बाद आज हमने फिर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया। इसी के साथ भारत ने एकता के स्थायी सिद्धांत और सहयोग की मजबूत ताकत से आलोकित पथ पर की गई उल्लेखनीय यात्रा को पुर्नजीवित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोक-केंद्रित शासन के लोकाचार के तहत, भारत विश्व का एक अग्रणी देश बन गया है। आज का भारत 2023 में 3.75 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ, 2004-2014 के 'खोये हुए दशक' से उबरते हुए तेजी से चमक रहा है। यह जानना दिलचस्प है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, वार्षिक वित्तीय बजट मात्र एक वित्तीय रूपरेखा से परिवर्तित होकर एक गतिशील नीति दस्तावेज बन चुका है। यह लोगों की आकांक्षाओं पर आधारित है। हमारी उल्लेखनीय वृद्धि ने राष्ट्रीय गौरव, नवीनीकृत गरिमा और साझा स्वामित्व की भावना को जागृत किया है। लोगों ने सरकार पर भरोसा जताते हुए व्यापक विकास को गति दी है। 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत लगभग 12 करोड़ शौचालय बनाये गये हैं तथा खुले में शौच की प्रथा की समाप्त हुई है। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत लड़कियों के अधिकारों को प्रोत्साहन दिया गया है। और 'गिव इट अप' अभियान के अंतर्गत एक करोड़ से अधिक परिवारों ने कम विशेषाधिकार प्राप्त लोगों का समर्थन करने के लिए स्वेच्छा से एलपीजी सब्सिडी छोड़ दी है। यह 'जनभागीदारी' और 'राष्ट्रीय एकता' के कुछ शानदार उदाहरण हैं। 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' ने हमारी भारतीयता को पुर्नजीवित किया है। इससे एक राष्ट्रव्यापी लोकप्रिय भागीदारी-केन्द्रित अभियान की शुरूआत हुई है। हमने अपने एमएसएमई को बढ़ावा दिया, युवा उद्यमिता को प्रेरित किया और भारत के अद्वितीय कौशल और प्रचुर संसाधनों का लाभ उठाया। भारत ने 2014 के बाद से खुद को इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण में 300 प्रतिशत की वृद्धि के साथ एक शुद्ध आयातक से एक प्रमुख वैश्विक मोबाइल फोन निर्माता के रूप में स्थापित किया है। भारत के पास अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको सिस्टम है। पेटेंट आवेदनों की संख्या में तेज वृद्धि दर्ज की गई है और वित्त वर्ष 2022-23 में 448 बिलियन डॉलर के मूल्य का रिकॉर्ड माल निर्यात हुआ है। 'डिजिटल इंडिया' कार्यक्रम डिजिटल क्रांति का प्रतिनिधित्व करता है, जो 'कैशलेस' अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ने का एक अभियान है। यह कार्यक्रम आम नागरिकों के साथ सरकार की सहयोग आधारित साझेदारी को रेखांकित करता है तथा डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देता है। फिनटेक को अपनाने की 87 प्रतिशत की दर के साथ भारत आज दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल बाजारों में से एक है, जो दुनिया के औसत 64 प्रतिशत से बहुत अधिक है। 2014 के बाद से, भ्रष्टाचार विरोधी अभियान एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में उभरा है। 2015 से 2022 तक, जेएएम (जन धन, आधार और मोबाइल फोन) के माध्यम से 2.73 लाख करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि अंतरित की गई, जिससे नकली लाभार्थी उजागर हुए और वितरण प्रणाली में लीकेज को रोका गया, जो 2014 से पहले बड़े पैमाने पर मौजूद थे। कोविड-19 महामारी के दौरान, भारत की एकजुटता और जनभागीदारी एक बार फिर उजागर हुई। प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता ने देश को निवारक उपायों को तेजी से लागू करने के लिए प्रेरित किया। सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए कोविड योद्धा उभरकर सामने आए और महामारी का मुकाबला करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बाद, वैक्सीन के तेजी से हुए टीकाकरण ने एक सशक्त भारत का प्रदर्शन किया, जो आत्मरक्षा में सक्षम है और विश्व को समर्थन भी प्रदान कर रहा है। भारत की जी-20 अध्यक्षता ने अपने एक करोड़ से अधिक नागरिकों के समर्थन से आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से, 'राष्ट्रीय एकता' का प्रदर्शन किया। शिखर सम्मेलन ने वैश्विक शासन को फिर से स्वरूप प्रदान करने तथा 'लोगों की जी-20' में समावेश और जन-केंद्रित नेतृत्व को सुनिश्चित करने के लिए भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा और 'वसुधैव कुटुंबकम' की पुष्टि की। 'राष्ट्रीय एकता दिवस' केवल एक स्मरणोत्सव नहीं है; यह लोगों को सशक्त बनाने और पुरानी प्रथाओं से मुक्ति दिलाने वाला एक गहन दर्शन है। यह व्यावहारिक लोकतंत्र है, जो मां भारती के विशाल भू-सांस्कृतिक-राजनीतिक परिदृश्य के भव्य एकीकरण से संबंधित सरदार पटेल के दृष्टिकोण के अनुरूप है। प्रत्येक आवाज को शासन में एकीकृत करने से जुड़ा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आह्वान इसी भावना को दर्शाता है। यह राष्ट्रीय गौरव और एक विविध राष्ट्र को एकजुट करने से संबंधित है। यह सरदार पटेल के अखंड भारत के सपने को प्रतिबिंबित करता है। प्रत्येक नागरिक की भागीदारी हमारे भाग्य को आकार देती है तथा समावेश, विविधता और सामूहिक शक्ति का पोषण करती है। इस राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सच्चे लोकतंत्र का आधार बनकर अमृतकाल के आशा से भरे युग में प्रवेश कर गया है। **(लेखक, केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास, पर्यटन एवं संस्कृतिमंत्री हैं।)**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोक-केंद्रित शासन के लोकाचार के तहत, भारत विश्व का एक अग्रणी देश बन गया है। आज का भारत 2023 में 3.75 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ, 2004-2014 के 'खोये हुए दशक' से उबरते हुए तेजी से चमक रहा है।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने गोवर्धन पूजा की विधि व कथा*

***धार्मिक*** मान्यताओं अनुसार भगवान कृष्ण ने गोकुल वासियों को गोवर्धन पूजा के लिए प्रेरित किया था। इस पर्व पर गौ माता की पूजा का भी विशेष महत्व है। मान्यता है जो गोवर्धन पूजा करने से धन, संतान और गौ रस की वृद्धि होती है। गोवर्धन पूजा प्रकृति और भगवान श्री कृष्ण को समर्पित पर्व है। इस दिन कई मंदिरों में धार्मिक आयोजन और अन्नकूट यानी भंडारे होते हैं। पूजन के बाद लोगों में प्रसाद बांटा जाता है।

**गोवर्धन पूजा विधि :** सबसे पहले घर के आंगन में गोबर से गोवर्धन का चित्र बनायें। इसके बाद रोली, चावल, खीर, बताशे, जल, दूध, पान, केसर, फूल और दीपक जलाकर गोवर्धन भगवान की पूजा करें। कहा जाता है कि इस दिन विधि विधान से सच्चे दिल से गोवर्धन भगवान की पूजा करने से सालभर भगवान श्री कृष्ण की कृपा बनी रहती है। भगवान श्री कृष्ण का अधिक से अधिक ध्यान करें। इस दिन भगवान को 56 या 108 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाने की परंपरा भी है। एक बार देव राज इंद्र को अपनी शक्तियों का घमंड हो गया था। इंद्र के इसी घमंड को दूर करने के लिए भगवान कृष्ण ने लीला रची। एक बार गोकुल में सभी लोग तरह-तरह के पकवान बना रहे थे और हर्षोल्लास के साथ नृत्य-संगीत कर रहे थे। यह देखकर भगवान कृष्ण ने अपनी मां यशोदा जी से पूछा कि आप लोग किस उत्सव की तैयारी कर रहे हैं? भगवान कृष्ण के सवाल पर मां यशोदा ने उन्हें बताया हम देव राज इंद्र की पूजा कर रहे हैं। तब भगवान कृष्ण ने उनसे पूछा कि, हम उनकी पूजा क्यों करते हैं? यशोदा मैया ने उन्हें बताया कि, भगवान इंद्र देव की कृपा हो तो अच्छी बारिश होती है जिससे हमारे अन्न की पैदावार अच्छी होती है और हमारे पशुओं को चारा मिलता है।

**(क्रमशः)**

# भारतीय विपक्ष ले रहा हमास का पक्ष



मृत्युंजय दीक्षित

***फिलिस्तीन*** के आतंकी संगठन हमास ने सात अक्टूबर को इजराइल पर भीषण हमला कर उसके लगभग 1400 नागरिकों को मौत के घाट उतार दिया। लगभग 200 लोगों को बंधक बनाकर गाजा ले गया। मानवता के इन दुश्मनों ने इस हमले में क्रूरता की सारी सीमाएं लांघ दीं। बच्चों के सामने माता-पिता को मार देने फिर मासमूं को जलाकर कोयले में बदल देने जैसी जघन्य हरकत की। ऐसी बर्बरता और अपने नागरिकों की दुर्दशा को देखकर इजराइल का शोक और क्रोध में डूबना स्वाभाविक है। इजराइल का हमास को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प नैतिक है। गाजा पट्टी पर इजराइल के कहर से घबराये हमास के चालाक आतंकी अब आम नागरिकों के पीछे छुपकर उनको अपनी ढाल बना रहे हैं। हमास समर्थक संगठन और कुछ देश आतंकवादियों की तरफ से विक्टिम कार्ड खेल रहे हैं। इस प्रकरण में भारत ने आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता (जीरो टॉलरेंस) की नीति का पालन करते हुए इजराइल को समर्थन देने की घोषणा के साथ फिलिस्तीन और इजराइल के मध्य वार्ता के माध्यम से समस्या के स्थायी शांतिपूर्ण समाधान की पक्षधरता की है। संयुक्त राष्ट्र में जॉर्डन द्वारा लाये गये प्रस्ताव पर भारत के प्रतिनिधि ने इसे रेखांकित भी किया। इस प्रस्ताव में हमास के आतंकी हमले की निंदा न होने के कारण स्वयं को मतदान से अलग रखा। भारत के इस संतुलित कदम की सभी जगह प्रशंसा हो रही है। स्वाभाविक रूप से इस अंतरराष्ट्रीय घटना का प्रभाव भारत की आंतरिक राजनीति में भी दिखाई पड़ रहा है। विरोधी दलों का इंडी गठबंधन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा को हराने के लिए इसका राजनीतिक लाभ उठाने के प्रयास में है। सात अक्टूबर को जब हमास ने इजराइल पर एयर स्ट्राइक की तो भारत के किसी भी विरोधी दल के नेता ने इस आतंकी घटना की निंदा नहीं की। किंतु जैसे ही इजराइल की सेना ने हमास के आतंकवाद को समाप्त करने के लिए अपना अभियान प्रारम्भ किया वैसे ही ये सोते से जाग गये और फिलिस्तीन के नाम पर अपने मुस्लिम वोट बैंक को साधने का प्रयास करने लगे। यह सभी लोग अच्छी तरह से जानते हैं कि हमास व हिजबुल्लाह जैसे संगठन बहुत ही खतरनाक और क्रूर आतंकवादी संगठन हैं। भारत में क्योंकि अगले कुछ माह में पांच राज्यों और उसके बाद लोकसभा चुनाव होने वाले हैं, इसलिए कांग्रेस सहित सभी विरोधी दल मुसलमानों के वोट पाने के लिए हमास जैसे आतंकवादी संगठन का साथ देते दिख रहे हैं। वोट बैंक को रिझाने के लिए ये कितना नीचे जा सकते हैं इसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि इजराइल पर हमला करने के बाद हमास के जिन आतंकवादियों ने एक महिला के नग्न शव की परेड निकाली, भारत में मुस्लिम वोट बैंक को प्रसन्न करने में जुटी 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' का नारा देने वाली कांग्रेस की एक नेता फिलिस्तीन के पीछे छुपकर उसी हमास के समर्थन में खड़ी दिखाई दे रही हैं और इस कुकृत्य की निंदा करने के बजाय इजराइल द्वारा आत्मरक्षा के लिए गाजा पर की जा रही बमबारी की निंदा कर रही हैं। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर तो कुछ अन्य विरोधी दलों के नेताओं के साथ फिलिस्तीन के दूतावास तक पहुंच गये। बाटला हाउस एनकाउंटर पर आंसू बहाने वालीं सोनिया गांधी संयुक्त राष्ट्र में भारत के रुख का विरोध करते हुए लेख लिख रही हैं। बीच के कुछ वर्षों को छोड़ दें तो 2013 तक भारत में कांग्रेस या उसके सहयोग वाली सरकारें ही रहीं किंतु इन सरकारों ने एक बार भी पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर एक शब्द भी नहीं कहा। भारत में कश्मीरी हिन्दुओं का पलायन, 1984 में सिखों का नरसंहार जैसी घटनाएं हुईं, तब भी ये चुप रहीं। आज यही पार्टियां वोट बैंक के लिए फिलिस्तीन के नाम पर हमास का साथ दे रही हैं।

**इजराइल का हमास को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प नैतिक है। गाजा पट्टी पर इजराइल के कहर से घबराये हमास के चालाक आतंकी अब आम नागरिकों के पीछे छुपकर उनको अपनी ढाल बना रहे हैं।**

**पक्ष-विपक्ष**

## फोटो की दुनिया




## फेसबुक वॉल से

"इंसान को कठिनाइयों की आवश्यकता होती है, क्योंकि सफलता का आनंद उठाने के लिए यह जरूरी है।"

# हवा के रुप में जहर खींचने की विवशता कब तक?



ललित गर्ग

***इस*** वर्ष फिर से दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में पराली एवं वायु प्रदूषण से उत्पन्न दमघोटू माहौल का संकट जीवन का संकट बनता जा रहा हैं। दिल्ली-एनसीआर में हवा की क्वालिटी बेहद खराब यानी जानलेवा बनती जा रही है। अभी सर्दी शुरू भी नहीं हुई है, इस मौसम में ऐसा दूसरी बार हुआ है। हालांकि तात्कालिक वजहों से कभी-कभार राहत भले मिल जाय, लेकिन दिल्ली--एनसीआर ही नहीं, उत्तर भारत के बड़े इलाके में रहने वाले जनजीवन के लिए यह एक स्थायी समस्या एवं जीवन संकट बनती जा रही है, जो बच्चों, बुजुर्गों और सांस की बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए बेहद खतरनाक एवं जानलेवा साबित हो रही है। सरकारें भले ही इस मुद्दे को लेकर गंभीर नजर आने लगती हैं, भले ही इस जटिल से जटिलतर होती समस्या के समाधान का पूरा एक्शन प्लान तैयार भी है लेकिन इसके प्रभावी परिणाम देखने को नहीं मिलना, कहीं-ना-कहीं सरकार की नाकामी को ही दर्शा रहा है। दिल्ली और पंजाब सरकारें ने अनेक लुभावने तर्क एवं तथ्य दिये, सरकारें जो भी तर्क दें, पर हकीकत यही है कि लोगों का दम घुट रहा है। अगर वे सचमुच इससे पार पाने को लेकर गंभीर हैं, तो वह व्यावहारिक धरातल पर दिखना चाहिए। वायु की गुणवत्ता का खराब होना एवं प्रदूषण का ऐसा विकराल जाल है जिसमें मनुष्य सहित सारे जीव-जंतु फंसकर छटपटा रहे हैं, जीवन सांसों पर छाये संकट से जूझ रहे हैं। अस्पतालों के बाहर लम्बी कतारें देखने को मिलने लगी है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अनुसार लोगों को अगले कुछ दिनों तक खराब वायु में कमी आने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, अगर वायु गुणवत्ता शून्य से 50 के बीच रहे तो इसे 'अच्छा' माना जाता है। अगर एक्यूआई 51 से 100 के बीच रहे तो इसे 'संतोषजनक' और 101 से 200 के बीच एक्यूआई को 'मध्यम' माना जाता है। अगर एक्यूआई 201 से ऊपर चला जाए और 300 तक रहे तो इसे 'खराब', 301 से 400 के बीच रहे तो 'बहुत खराब' और अगर 400 से ऊपर पहुंच जाए तो इसे 'गंभीर' माना जाता है। दिल्ली-एनसीआर में 22 अक्टूबर को एक्यूआई 313 यानी बहुत खराब स्तर पर गया था। उसके बाद से हवा की गति धीमी होने और तापमान में गिरावट के कारण वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है। यह समस्या साल-दर-साल गंभीर होती जा रही है। इस गंभीर होती समस्या से पार पाने के लिए दिल्ली सरकार ने कई उपाय आजमाए, प्रदूषण पर नियंत्रण के लिये निर्देश जारी किये गये मगर वे कारगर साबित नहीं हो पा रहे। दिल्ली-एनसीआर में जगह-जगह जल छिड़काव करती सरकारी गाड़ियां भी दिखने लगी हैं, जो हवा में धूल की मात्रा कम करती हैं। मगर इन कदमों का स्वरूप ही बताता है कि सरकार समस्या के लक्षणों को कम करने में जुटी है लेकिन अभी तक समस्या को सुलझाने या इसकी गंभीरता को कम करने में कोई खास सफलता नहीं मिली है। इसके एक प्रमुख कारण के रूप में पंजाब और आसपास के राज्यों में पराली जलाने के चलन को कई साल पहले चिह्नित किया जा चुका है। मगर उस मोर्चे पर राजनीतिक कारणों से खास प्रगति के संकेत नहीं मिल रहे हैं। प्रदूषण जानलेवा स्तर तक खतरनाक हो गया है। प्रश्न है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रही दिल्ली-एनसीआर को कोई स्थायी समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती? सरकारें एवं राजनेता एक दूसरे पर जिम्मेदारी ठहराने की बजाय समाधान के लिये तत्पर क्यों नहीं होते? इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा। क्या हमें किसी चाणक्य के पैदा होने तक इन्तजार करना पड़ेगा, जो जड़ों में मठ्ठा डाल सके।...नहीं, अब तो प्रत्येक राजनीतिक मन को चाणक्य बनना होगा।

**दिल्ली-एनसीआर में 22 अक्टूबर को एक्यूआई 313 यानी बहुत खराब स्तर पर गया था। उसके बाद से हवा की गति धीमी होने और तापमान में गिरावट के कारण वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है।**

**वायु प्रदुषण**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# न्यू लैंग्वेज सीखने की रखते हैं चाहत तो फॉलो करें ये अमेजिंग टिप्स




किसी दूसरी भाषा को सीखना इतना आसान नहीं होता है। लेकिन प्रोफेशनल ग्रोथ के चलते कुछ लोगों दूसरी लैंग्वेज सीते हैं, तो वहीं कुछ लोग अपनी पसंद से दूसरी लैंग्वेज सीखते हैं। ऐसे में अगर आप भी न्यू लैंग्वेज सीखना चाहते हैं तो यह टिप्स आपके बहुत काम आएंगे। किसी दूसरी भाषा को सीखना इतना आसान नहीं होता है। लेकिन प्रोफेशनल ग्रोथ के चलते कुछ लोगों दूसरी लैंग्वेज सीखते हैं, तो वहीं कुछ लोग अपनी पसंद से दूसरी लैंग्वेज सीखते हैं। ऐसे में अगर आपके साथ भी इन दोनों में से कोई स्थिति है और आप न्यू लैंग्वेज सीखना चाहते हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके साथ कुछ आसान टिप्स शेयर करने जा रहे हैं। इन टिप्स को फॉलो कर आप आसानी से दूसरी लैंग्वेज सीख सकते हैं।

### न्यू लैंग्वेज सीखने के आसान टिप्स

अगर आप भी न्यू लैंग्वेज सीखना चाहते हैं, तो सबसे पहले आपका टारगेट बिल्कुल क्लीयर होना चाहिए। आपको यह पता होना चाहिए कि आप दूसरी लैंग्वेज क्यों सीखना चाहते हैं। जैसे अगर बिजनेस को एक्सपेंड करना चाहते हैं, तो आपको लोकल वेंडर से कम्युनिकेट करना होगा। इसके अलावा अगर आपको संबंधित लैंग्वेज के साहित्य में इंट्रेस्ट है, जिस कारण आप न्यू लैंग्वेज सीखना चाहते हैं। इसलिए न्यू लैंग्वेज सीखने से पहले आपका उद्देश्य क्लियर होना चाहिए। जब आपका उद्देश्य क्लियर होता है, तो फिर आप न्यू लैंग्वेज सीखने की कोशिश करें। आप जो लैंग्वेज सीखना चाहते हैं, उस भाषा से रिलेडेट ड्रामा, सॉन्ग, मूवी और बुक्स पढ़ सकते हैं। किसी भी न्यू लैंग्वेज को सीखने के लिए यह सबसे असरदार टिप्स होते हैं। आप नई भाषा सीखने के लिए अपने चारों ओर वैसा ही माहौल बना लें। इससे आप न्यू लैंग्वेज जल्द से जल्द सीख सकेंगे।

नई भाषा सीखने के लिए आप क्लासेस भी ज्वॉइन कर सकते हैं। क्लासेस करने के लिए आप अच्छे से रिसर्च करने के बाद ऑनलाइन व ऑफलाइन का ऑप्शन चुनें। इसके लिए आप एप की मदद भी ले सकते हैं। किसी भी भाषा को सीखने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी होता है कि आप इसे बोलने की ज्यादा से ज्यादा प्रैक्टिस करें। इसलिए प्रयास करें कि आप जो भी भाषा सीख रहे हैं। उससे संबंधित पार्टनर ढूंढकर उससे बातचीत करें।

न्यू लैंग्वेज सीखने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि आपकी वोकेब और ग्रामर अच्छी हो। नए शब्दों को जानने के लिए ज्यादा से ज्यादा उस लैंग्वेज की किताबों को पढ़ें। इससे आपकी न्यू लैंग्वेज को सीखने में काफी मदद मिलेगी।

# म्यूजिक फील्ड में कॅरियर के शानदार मौके

अगर आपके अंदर म्यूजिक के प्रति जुनून, जोश और दीवानगी का होना बहुत ज्यादा जरूरी है। अगर आप में यह सारी खूबियां हैं, तो आप इस फील्ड में बेहद शानदार कॅरियर की शुरूआत कर सकते हैं। अगर आपको भी म्यूजिक पसंद है और आपके गले की पुकार आपके साथ है, तो बता दें कि म्यूजिक का चमचमाता फील्ड आपके लिए ही बना है। लेकिन इस फील्ड में कॅरियर बनाने के लिए आपके अंदर म्यूजिक के प्रति जुनून, जोश और दीवानगी का होना बहुत ज्यादा जरूरी है। अगर आप में यह सारी खूबियां हैं, तो आप इस फील्ड में बेहद शानदार कॅरियर की शुरूआत कर सकते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको म्यूजिक क्षेत्र में कॅरियर की विभिन्न संभावनाओं के बारे में बताने जा रहे हैं।



### जरूरी हैं ये स्किल्स

अगर आप म्यूजिक के फील्ड में अच्छा कॅरियर बनाना चाहते हैं, तो आपके अंदर कुछ गुणों का होना बहुत जरूरी है। सबसे ज्यादा अहम है कि आपको संगीत और सुरों की अच्छी जानकारी होनी चाहिए। क्योंकि अगर आपके अंदर यह खूबियां हैं, तभी आप म्यूजिक इंडस्ट्री में अपना कॅरियर बनाने की सोच सकते हैं।

### कॅरियर स्कोप

म्यूजिक फील्ड में कोर्स करने के बाद आप फिल्म इंडस्ट्री, टेलीविजन इंडस्ट्री, रेडियो, एफएम चैनल्स, एजुकेशन फील्ड, रिएलिटी शोज, विज्ञापन इंडस्ट्री, इवेंट इंडस्ट्री, प्रोडक्शन हाउस, साउंड इंडस्ट्री, सांस्कृतिक विभागों और म्यूजिक सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री में अच्छी जॉब पा सकते हैं। इन सभी इंडस्ट्री में शुरूआती तौर पर आपको 20 से 30 हजार रुपए महीने की इनकम होगी।

### कोर्स

आपको बता दें कि वर्तमान समय में म्यूजिक फील्ड में सर्टिफिकेट से लेकर डिग्री कोर्स तक कई तरह के कोर्स उपलब्ध हैं। अगर आप सर्टिफिकेट कोर्स करना चाहते हैं तो आप बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स, डिप्लोमा इन परफॉर्मिंग आर्ट्स, सर्टिफिकेट इन म्यूजिक, बैचलर ऑफ म्यूजिक जैसे कोर्स कर सकते हैं। सर्टिफिकेट कोर्स की अवधि 6 महीने की होती है। इसके अलावा इस फील्ड में डिप्लोमा कोर्स 6 महीने की अवधि का तो वहीं डिग्री कोर्स 3 साल की अवधि का होता है। इन कोर्सेज को करने के बाद आप म्यूजिक इंडस्ट्री में 15-20 हजार रुपए महीने की सैलरी से अपना कॅरियर शुरू कर सकते हैं।

# डेटा साइंटिस्ट फील्ड में ऐसे बनाएं कॅरियर

डेटा साइंस शब्द से अक्सर आप रूबरू होते होंगे। जाहिर सी बात है लोगों के दिमाग में डेटा साइंस को लेकर कई सवाल भी रहते होंगे। वहीं कुछ लोग इन सवालों का जवाब पाने के लिए इंटरनेट का सहारा भी लेते हैं। अगर आप भी डेटा साइंट के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी हासिल करना चाहते हैं तो फिर यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि इस आर्टिकल के जरिए हम आपको डेटा साइंस से जुड़े सभी सवालों के जवाब देने की कोशिश करेंगे। आपको बता दें कि जैसे-जैसे देश-दुनिया में डेटा का महत्व बढ़ रहा है। उसी तेजी के साथ डेटा साइंटिस्ट, डेटा एनालिटिक्स जैसे जॉब के अवसर भी सामने आ रहे हैं। वहीं आने वाले 10-15 सालों में इस कोर्स का स्कोप काफी ज्यादा होगा। इस सेक्टर में नौकरियों की भरमार होने वाली है। ऐसे में अगर आपको लैपटॉप और कंप्यूटर की अच्छी खासी जानकारी है। तो डेटा साइंस से जुड़ा कोई भी कोर्स आपके लिए है। इस फील्ड में आप अपना शानदार कॅरियर बना सकते हैं।



**12वीं के बाद डेटा साइंस का कोर्स**

इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी के बढ़ते इस दौर में डेटा का महत्व काफी बढ़ गया है। ऐसे में डेटा साइंस एक उभरती हुई फील्ड है। वहीं इससे जुड़े कोर्सेज में एडमिशन लेने और पढ़ाई करने की दौड़ भी तेज हो गई है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि 12वीं के बाद डेटा साइंस की पढ़ाई के लिए कौन से कोर्सेज में दाखिला लिया जा सकता है। साथ ही यह भी जानेंगे कि इसमें कॅरियर की क्या संभावनाएं हैं। 12वीं के बाद छात्रों के सामने कई ऑप्शन हैं। 12वीं के बाद इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए BTech, Bsc और BCA जैसे कोर्सेज किये जा सकते हैं। BTech- Data Science का कोर्स चार साल का होता है। इसे आप रेगुलर मोड में भी किया जा सकता है। इस कोर्स में स्टूडेंट्स को डेटा से जुड़े टूल्स और टेक्निक्स सिखाये जाते हैं। जिसकी मदद से डेटा का इस्तेमाल किया जा सकता है। इस कोर्स में यह भी बताया जाता है कि उस डेटा को कैसे काम में लाया जाता है। साथ ही इंजीनियरिंग फिजिक्स से लेकर अलग-अलग थ्योरीज को पढ़ाया जाता है। BTech करने के लिए PCM के साल 12वीं में 50% अंक होना अनिवार्य है। हांलाकि कई अच्छे कॉलेजों में ढउट के साथ 60% अंक मांगते हैं। लेकिन अगर आप IT। जैसे संस्थान में दाखिला लेना चाहते हैं तो आपको BTech करने के लिए 75% नंबर होना जरूरी है। यह डिग्री कोर्स तीन साल का है। डेटा साइंस में बिग डेटा एनॉलिटिक्स, मशीन लर्निंग और स्टैटिस्टिक्स जैसे कई कॉन्सेप्ट्स पढ़ाए जाते हैं। जिनके इस्तेमाल से आम लोगों से जुड़ी समस्याओं को हल किया जाता है। डेटा साइंस में डूर करने के लिए छात्रों के 12वीं में 50 फीसदी अंक होना अनिवार्य है। इस कोर्स को करने से लिए 12वीं में साइंस स्ट्रीम का होना जरूरी है। अन्य स्ट्रीम वाले स्टूडेंट्स को भी कुछ कॉलेज एडमिशन देते हैं। यहां पर कॅरियर ऑप्शन की कमी नहीं है। बैंकिंग जैसे क्षेत्र में डेटा साइंटिस्ट, प्रोसेस एनॉलिस्ट, बिजनेस, हेल्थकेयर और बिजनेस एनालिस्ट की नौकरियां उपलब्ध हैं।

BCA भी तीन साल का अंडरग्रेजुएट कोर्स है। इस कोर्स में कंप्यूटर और मैथमैटिकल साइंस से जुड़ा करिकुलम छात्रों को पढ़ाया जाता है। आज की तेजी से बदलती IT इंडस्ट्री को ध्यान में रख कर ये कोर्स बनाया गया है। इस कोर्स में छात्रों को डेटा साइंस से जुड़े कॉन्सेप्ट्स को और उनके एप्लिकेशन को समझाने पर जोर दिया जाता है। इस कोर्स में दाखिला लेने के लिए स्टूडेंट्स के 12वीं में 50 फीसदी अंक होने जरूरी हैं। इस कोर्स में साइंस स्ट्रीम वाले छात्रों को भी सुविधा दी जाती है। छात्रों को कॅरियर बनाने के लिए अनेक मौके यहां पर उपलब्ध हैं। विप्रो, अमेजॉन और लउछ जैसी बड़ी कॉरपोरेट कंपनियों में डेटा इंजीनियर, डेटा आर्किटेक्ट और डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर के पदों पर काम करने का मौका मिलता है।

**डिप्लोमा इन डेटा साइंस :** डेटा साइंस में डिप्लोमा दो साल का हो सकता है। इसमें स्टूडेंट्स को डेटा एनॉलिटिक्स और डेटा साइंस में ट्रेंड किया जाता है। बता दें कि डिग्री के मुकाबले डिप्लोमा कोर्स में कम खर्च होता है। इस कोर्स को करने से कम समय में ज्यादा स्किल्स सीखने का मौका मिलता है। 12वीं के बाद छात्र यूजी के बाद भी डिप्लोमा कर सकते हैं। डिप्लोमा कोर्स करने के बाद बिजनेस इंटेलीजेंस एनॉलिस्ट, रिसर्च एनॉलिटिक्स और एनॉलिटिक्स मैनेजर जैसे पदों पर काम करने के मौके हैं।

**सर्टिफिकेट कोर्स :** तकनीक के बढ़ते ब्यूग में ऑनलाइन कोर्सेज की काफी भरमार है। दुनिया की कई बड़ी कम्पनियां ऐसे कोर्सेज को लेकर आ रही हैं। इसी लिस्ट में डेटा साइंस का सर्टिफिकेट कोर्स भी शामिल है। इस ऑनलाइन कोर्स कराने वाली कोर्सएरा, उडेमी जैसी कंपनियां इस कोर्स को करवाती हैं। इस कोर्स को करने के लिए छात्रों को कंप्यूटर साइंस और प्रोग्रामिंग लैंग्वेज का आना अनिवार्य नहीं है। इस कोर्स में छात्रों को डेटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग और डेटा विजुअलाइजेशन जैसे कॉन्सेप्ट्स पढ़ाये जाते हैं।

❖ **अनन्या मिश्रा**

# रेडीमेड नेता और शवयात्रा



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',**
**मो. नं. 73 8657 8657**
**(प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार)**

साफ-सुथरी सड़क पर अभी-अभी कचरा डाला गया था। हवा खुद बेशर्म हो चली थी। उससे यह देखा नहीं गया। रह-रहकर उस कचरे को उड़ाने में बदमतीज होती जा रही थी। अधिकारी इस बदमतीजी से परेशान हो-होकर कचरा कहीं उड़ न जाए उसके लिए अपने चमकीले जूतों से रोकने का प्रयास कर रहे थे। नेता जी आए झाड़ू लगाने का ऐसा ढोंग किया कि फोटो में असली वाली फील आ गयी। वैसे घोषणा यह हुई थी कि पुतले की शवयात्रा निकाली जाएगी, लेकिन इरादों के अनुसार नेता जी शक्ति प्रदर्शन करना चाहते थे। हांलाकि उनके पास कितनी शक्ति है इस विषय पर विशेषज्ञों और जानकारों में काफी मतभेद है। कहते हैं प्रदर्शन बाद में निकलते हैं शक्ति पहले दिखानी पड़ती है। इसका मतलब यह है कि प्रदर्शन ही शक्ति है। नेता जी प्रदर्शन का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं, बल्कि मौके को आने में देर हो तो पकड़ कर घसीट लाते हैं। ऐसा ही घसीटा जा रहा मौका इस समय उनका रुतबा बढ़ा रहा है।

बहुत समय से नेता जी अपनी पूरी ताकत झोंके जा रहे हैं। लेकिन उन्हें कौन बताए कि झोंकना तभी सफल माना जाता है जब वह देखने वाले को दिखता है। शक्ति प्रदर्शन में तमाम महिलाएं शामिल हैं और सबने एक जैसी साड़ी पहन रखी है। पुरुष, यानी जिनकी जवानी अब जाती रही, सफेद कुर्ते में हैं। युवाओं ने, जिनमें ज्यादातर बारह तेरह साल से सत्रह अठारह साल के हैं लाल टी-शर्ट पहने हुए हैं। चर्चा है कि जोरदार तरीके से नारे लगाए तो शाम को दो-दो सौ रुपए और मिलेंगे सबको। हर हजार बारह सौ फुट की दूरी पर स्वागत-मंच बने हुए हैं, जिस पर नेता जी के पट्ठे दो क्विंटल फूलों के साथ तैनात हैं। सारा मार्ग बड़े-बड़े पोस्टरों से अंटा पड़ा है। सबमें जीवित और दिवंगत राष्ट्रीय नेता अभी-अभी उभर रहे रातों रात इंस्टेट रेडी नेता के साथ उनका समर्थन करते दिखाई दे रहे हैं। मंचों पर उनके पोस्टरों का जलवा अलग है। इनमें रेडीमेड नेता जी सीना ताने, हाथ जोड़े, मां-भैन एक कर देने की मुद्रा में मौजूद हैं। ये खासतौर पर उनके विरोधियों के लिए हैं जो कल अखबार में उनकी फोटो देखने वाले हैं।

शवयात्रा के आसपास की भीड़ हाय-हाय के नारे लगा रही है ताकि उन्हें भ्रम बना रहे, शेष नेता जी की जयजयकार लगा रहे हैं कि उन्हें भी भ्रम बना रहे। उन्होंने एक युवा-सेना भी बना रखी है जो इस वक्त लाल टी-शर्ट में दिखाई दे रही है। वे सबसे आगे नारे लगाते चल रहे हैं कि जो नेता जी से टकराएगा, उसका ऐसा-वैसा हो जाएगा। यह भी कि जब तक सूरज चांद रहेगा, उससे ज्यादा नेता जी का मंगल रहेगा। जिस भी मंच के सामने से शक्ति प्रदर्शन हो रहा है वहाँ खूब तोड़-फोड़ हो रही है। पट्ठे फूल मालाएं नेता जी के गले में ठूंसे जा रहे हैं और वे बराबर गधे की तरह लदे-फंदे से नजर आ रहे हैं। लेकिन मजे की बात यह है कि उन्हें मजा आ रहा है, वे छा रहे हैं। उन्हें लग रहा है कि यदि कहीं स्वर्ग है तो बस यहीं है, यहीं है। वे फूले तो पहले से ही थे अब समा भी नहीं रहे हैं। कल से वे सोए नहीं हैं लेकिन चेहरे सुस्ती नहीं है। सारा माहौल उनके पक्ष में फुदक रहा है। शवयात्रा अगर प्रतिक्रिया दे पाती तो पता चलता कि वह कितनी खिन्न और लाचार है। उसे लग रहा है कि शक्ति भगवान में नहीं नेता जी में है और वे शवयात्रा को अपराधी की तरह जलाने जा रहे हैं।

शक्ति प्रदर्शन के पीछे बहुत कुछ छूट रहा है। फूल जो नेता जी के चरणों में फेंके गए थे, अब भीड़ द्वारा रौंदे जाने के कारण गन्दगी की श्रेणी में थे। पूरे रास्ते पर पानी के खाली पाउच और इसी तरह का बहुत सा कूड़ा-कचरा बिखरा पड़ा था। इससे ज्यादा कचरा पोस्टरों के रूप में उपर टंगा हुआ था। नारे लिखी हुई दीवारे भी शिकायत करती नजर आ रही थी। लोगों के मन में बहुत कुछ भरा है लेकिन निकल कुछ नहीं रहा है, मुंह सबके एयर टाइट हैं। वहीं कहीं एक वैद्यराज अपने रोगी से बोल रहे थे कि बीमारी तब तक खत्म नहीं होती जब तक कि उसकी जड़ को खत्म नहीं किया जाए।

## सूडोकु नवताल- 6870

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6869 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

## दैनिक पंचांग

**01 नवम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 07.20 ब.से |
| चंद्र | वृष में | धनु | 09.36 बजे से |
| मंगल | तुला में | मकर | 11.42 बजे से |
| बुध | तुला में | कुंभ | 13.28 बजे से |
| गुरु | मेष में | मीन | 15.01 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मेष | 16.31 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृष | 18.12 बजे से |
| राहु | मीन में | मिथुन | 20.10 बजे से |
| केतु | कन्या में | कर्क | 22.23 बजे से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | सिंह | 00.39 बजे से |
| | | कन्या | 02.51 बजे से |
| | | तुला | 05.02 बजे से |

**बुधवार** 2023 वर्ष का 305 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्थी 21.20 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** मृगशीर्ष 04.36 बजे प्रातः को समाप्त। **योग** परिघ 14.06 बजे को समाप्त। **करण** बव 09.20 बजे तदनन्तर बालव 21.20 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 17.3 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 14° 16' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871784 **जूलियन दिन** 2460249.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 16 **विशेष** करवा चौथ, संकष्टी चतुर्थी, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7932

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | | ■ | 6 | 7 |
| | ■ | 8 | | 9 | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | | ■ | 11 | | |
| ■ | ■ | 12 | | ■ | 13 | | ■ | ■ |
| 14 | | | ■ | 15 | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | ■ | 18 | | 19 | | ■ | |
| 20 | 21 | ■ | | ■ | | ■ | 22 | |
| ■ | 23 | | | ■ | 24 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1.सरस्वती-3
3.किनारा,तट-3
5.मूल्य,कीमत-2
6.उस समय-2
8.प्रबंध,व्यवस्था-4
10.नमक-3
11.अधीन,मातहत-3
12.संज्ञा,संबोधन-2
13.मार्ग,रास्ता-2
14.तीर्थ,धार्मिक यात्रा-3
16.धुन,आसक्ति-3
18.जमानत-4
20.रहस्य-2
22.पुत्र,तनय-2
23.मुलायम-3
24.गंवार,अनपढ़-3

**ऊपर से नीचे**

1.संध्या,सांझ-2
2.असुर,दैत्य-3
3.शोरबा,रसा-3
4.बुरी आदत-2
5.प्रवेश,एडमिट-3
7.वर यात्रा,दूल्हे का जुलूस-3
8.प्रियतम,साजन-4
9.अनाज-2
11.सनसनी,रोमांच-4
14.तृतीय-3
15.सच्चाई,सत्य-2
17.जिसकी नाक कटी हो, वादा फरामोश-3
18.मुंशी,दीवान-3
19.रवैया,तरीका-3
21.आम जनता-2
22.लता,लतिका-2

**शब्द पहेली -7931 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ना | ह | र | ■ | ■ | आ | ■ | सी |
| गॅ | ■ | म | ■ | फ | स | ल | ■ | ल |
| क | म | ला | क | र | ■ | म | ही | न |
| ■ | ■ | व | ■ | क | म | ■ | र | ■ |
| ब | ना | र | स | ■ | द | र | क | ना |
| ■ | जु | ■ | म | य | ■ | ख | ■ | ■ |
| अ | क | ल | ■ | ती | मा | र | दा | री |
| स | ■ | क | र | म | ■ | खा | ■ | स |
| ली | ■ | वा | ■ | ■ | ह | व | न | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**वृष राशि :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुन राशि :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कर्क राशि :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**सिंह राशि :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**कन्या राशि :** 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**तुला राशि :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**वृश्चिक राशि :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**धनु राशि :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**मकर राशि :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**कुंभ राशि :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें।

**मीन राशि :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com







## गागर में सागर

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लद्दाख के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचीं

**जम्मू।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार दो दिवसीय दौरे पर लद्दाख पहुंचीं। उपराज्यपाल ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा, लेह स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद के प्रतिनिधि, सेना, वायुसेना व प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका लेह के तकनीकी हवाई अड्डे पर स्वागत किया। आज केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख का स्थापना दिवस है। स्थापना दिवस समारोह में प्रदेश की संस्कृति की झलक दिखेगी। स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। राष्ट्रपति मुर्मू बुधवार को सियाचिन ग्लेशियर जाएंगी। वहां वो कठिन हालात में देश की सेवा में लगे सैनिकों से बातचीत कर उनका मनोबल बढ़ाएंगी। वो सेना के शीर्ष अधिकारियों से भी मिलेंगी। राष्ट्रपति लेह जिले के दूरदराज नुब्रा इलाके में स्वयंसेवी संगठनों के सदस्यों से भी भेंट करेंगी।

### आप पार्टी के विधायक कुलवंत सिंह के ठिकानों पर ईडी का छापा

**चंडीगढ़।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी के मोहाली (पंजाब) से विधायक कुलवंत सिंह के ठिकानों पर मंगलवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दबिश दी है। कुलवंत रियल एस्टेट कंपनी जनता लैंड प्रमोटर लिमिटेड के एमडी हैं। उल्लेखनीय है कि पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने आम आदमी पार्टी सरकार के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखकर कुलवंत सिंह की कंपनी जनता लैंड प्रमोटर लिमिटेड को पर्यावरण क्लीयरेंस दिए पर सवाल उठा चुके हैं। इस बीच आज सुबह ईडी की टीम ने कुलवंत सिंह के मोहाली स्थित आवास और दफ्तरों में छापा मारा है। यह कार्रवाई करीब चार घंटे से चल रही है।

### चंद्रबाबू नायडू को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, अंतरिम जमानत मंजूर

**अमरावती।** टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू को कौशल विकास मामले में अंतरिम जमानत मिल गई है। हाई कोर्ट ने मंगलवार को चार सप्ताह के लिए सशर्त अंतरिम जमानत दी है। सशर्त जमानत में यह भी कहा कि चंद्रबाबू को 24 नवंबर को कोर्ट में आत्मसमर्पण करना होगा। पिछले 52 दिनों से जेल में बंद चंद्रबाबू के मंगलवार शाम जमानत पर बाहर आने की संभावना है। आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट न्यायमूर्ति तल्लाप्रगदा मल्लिकार्जुन राव ने फैसला सुनाया। चंद्रबाबू नायडू ने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए इलाज के लिए जमानत की मांग की थी। हाई कोर्ट ने कहा कि चंद्रबाबू नायडू अपने खर्च पर अपनी पसंद के अस्पताल में इलाज कराएंगे और आत्मसमर्पण के समय इलाज व अस्पताल का विवरण सीलबंद कवर में राजामुंदरी सेंट्रल जेल अधीक्षक को प्रस्तुत करना होगा। हाईकोर्ट नियमित जमानत याचिका पर 10 नवंबर को सुनवाई करेगा।

# तुष्टीकरण की राजनीति देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा : मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। प्रधानमंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर गुजरात के केवडिया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के नजदीत आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम में कहा कि पिछले कई दशकों से यह देखा गया है कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले लोग आतंकवाद के प्रति भी आंखें मूंद लेते हैं और मानवता के दुश्मनों के साथ खड़े हो जाते हैं। उन्होंने ऐसी सोच के प्रति आगाह किया जो देश की एकता को खतरे में डालती है। वर्तमान और आगामी चुनावों के संदर्भ में, प्रधानमंत्री ने उस गुट के प्रति आगाह किया जो पूरी तरह से सकारात्मक राजनीति से रहित है और असामाजिक और राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में लिप्त है। मोदी ने कहा, हमें विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश की एकता को बनाए रखने के लिए अपने प्रयास हमेशा जारी रखने होंगे। हम जिस भी क्षेत्र में हों, हमें उसमें अपना 100 प्रतिशत देना होता है। आने वाली पीढ़ियों को बेहतर भविष्य देने का यही एकमात्र तरीका है।

प्रधानमंत्री ने कहा, आज भारत की पहुंच से परे कोई लक्ष्य नहीं है। सबका प्रयास की शक्ति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाए जाने का जिक्र किया और कहा कि आज कश्मीर और देश के बाकी हिस्से के बीच खड़ी धारा 370 की दीवार ढह गई है और इससे सरदार साहब, जहां भी होंगे, प्रसन्न हुए होंगे। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि अगले 25 साल देश के लिए इस सदी के सबसे महत्वपूर्ण 25 साल हैं क्योंकि इस अवधि के दौरान भारत को एक समृद्ध और विकसित देश बनना है। उन्होंने देश के लिए समर्पण की उसी भावना का आह्वान किया जो आजादी से ठीक पहले 25 वर्षों में देखी गई थी। उन्होंने विश्व में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, हमें गर्व महसूस हो रहा है क्योंकि हम सबसे बड़े लोकतंत्र के कद को एक नई ऊंचाई पर ले जा रहे हैं। उन्होंने सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, विज्ञान, स्वदेशी रक्षा उत्पादन और प्रमुख वैश्विक कंपनियों और खेलों में भारतीयों द्वारा प्रदान किए जा रहे वैश्विक कॉर्पोरेट नेतृत्व में भारत की मजबूत स्थिति का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने आगे बढ़ने और गुलामी की मानसिकता को त्यागने के संकल्प का जिक्र करते हुए कहा कि भारत बढ़ भी रहा है और अपनी विरासत को बचाकर भी रख रहा है।' उन्होंने नौसेना ध्वज से औपनिवेशिक प्रतीक चिन्ह को हटाने, औपनिवेशिक काल के अनावश्यक कानूनों को हटाने, आईपीसी को प्रतिस्थापित करने और इंडिया गेट पर औपनिवेशिक प्रतिनिधियों की जगह लेने वाली नेताजी की प्रतिमा का उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने सरदार सरोवर बांध का भी उल्लेख किया जो 5-6 दशकों से लंबित था लेकिन पिछले कुछ वर्षों में पूरा हुआ। उन्होंने केवड़िया-एकता नगर के बदलाव को संकल्प से सिद्धि का उदाहरण बताया। उन्होंने कहा, आज एकता नगर को वैश्विक हरित शहर के रूप में पहचाना जाता है। विभिन्न पर्यटक आकर्षणों के अलावा, प्रधानमंत्री ने बताया कि पिछले 6 महीनों में ही एकता नगर में 1.5 लाख से अधिक पेड़ लगाए गए हैं। इलाके में पहले से ही मजबूत सौर ऊर्जा उत्पादन और शहरी गैस वितरण का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज एकता नगर में एक हेरिटेज ट्रेन का आकर्षण जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले 5 वर्षों में 1.5 करोड़ से अधिक पर्यटक आए हैं, जिससे स्थानीय आदिवासी समुदायों को रोजगार के अवसर मिलने में मदद मिली है।

आंतरिक सुरक्षा के प्रति लौह पुरुष सरदार साहब की अटूट चिंता का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने इस संबंध में पिछले 9 वर्षों में उठाए गए कदमों को सूचीबद्ध किया और बताया कि कैसे विनाश की ताकतों को पहले जैसी सफलता से वंचित करके चुनौतियों का दृढ़ता से मुकाबला किया जा रहा है। उन्होंने देश की एकता पर हो रहे हमलों के प्रति सतर्क रहने की जरूरत पर बल दिया।

## भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की नई यात्रा शुरू करें : पीएम



**प्रधानमंत्री** ने मंगलवार को कर्तव्य पथ पर 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के समापन पर देशवासियों से कहा कि 'आजादी का अमृत महोत्सव' के समापन के साथ आइए 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में 'अमृत काल' की यात्रा शुरू करें। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान 'अमृत महोत्सव स्मारक और अमृत वाटिका' की आधारशिला रखी। उन्होंने देश के युवाओं के लिए 'मेरा युवा भारत' (माय भारत) प्लेटफॉर्म का भी शुभारंभ भी किया। प्रधानमंत्री ने देशभर से कार्यक्रम में शामिल होने वाले हजारों अमृत कलश यात्रियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल की जयंती पर हम सभी कर्तव्य पथ पर एक ऐतिहासिक 'महायज्ञ' के साक्षी बन रहे हैं। 12 मार्च, 2021 को महात्मा गांधी की प्रेरणा से साबरमती आश्रम से शुरू हुआ आजादी का अमृत महोत्सव अब 31 अक्टूबर, 2023 के दिन सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर समापन का पल है। उन्होंने कहा कि जैसे दांडी यात्रा शुरू होने के बाद देशवासी उससे जुड़ते गए, वैसे ही आजादी के अमृत महोत्सव ने जनभागीदारी का ऐसा हुजूम देखा कि नया इतिहास बन गया। 75 साल की ये यात्रा समृद्ध भारत के सपने को साकार करने वाला कालखंड बन रहा है। मोदी ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान भारत ने कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। इस दौरान उन्होंने चंद्रयान मिशन की सफल लैंडिंग, वंदे भारत ट्रेनें और भारत के 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का उदाहरण दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महोत्सव का मेरी माटी मेरा देश अभियान के साथ समापन हो रहा है। आज आजादी का अमृत महोत्सव एक याद के लिए स्मारक का शिलान्यास भी हुआ है। ये स्मारक आने वाली पीढ़ियों को हमेशा इस ऐतिहासिक आयोजन की याद दिलाएगा। उन्होंने कहा कि आज मेरा युवा भारत संगठन, यानी माई भारत की नींव रखी गई है। 21वीं सदी में राष्ट्र निर्माण के लिए मेरा युवा भारत संगठन, बहुत बड़ी भूमिका निभाने वाला है। भारत के युवा कैसे संगठित होकर हर लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान है। उन्होंने कहा कि जो अमृत कलश यहां आए हैं, इनके भीतर मिट्टी के हर कण अनमोल हैं। ये मिट्टी हमें विकसित भारत के अपने संकल्प की सिद्धि के लिए और अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि बड़ी-बड़ी महान सभ्यताएं समाप्त हो गईं लेकिन भारत की मिट्टी में वो चेतना है, जिसने इस राष्ट्र को अनादिकाल से आज तक बचा कर रखा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अमृत महोत्सव ने एक प्रकार से इतिहास के छूटे हुए पृष्ठ को भविष्य की पीढ़ियों के लिए जोड़ दिया है। देश के करोड़ों परिवारों को पहली बार यह एहसास हुआ है कि उनके परिवार और गांव का भी आजादी में सक्रिय योगदान था। उसका जिक्र भले ही इतिहास की किताबों में नहीं हुआ लेकिन अब वो गांव-गांव में बने स्मारकों और शिलालेखों में हमेशा के लिए अंकित हो चुका है।

## मिग-21 बाइसन ने बाड़मेर में उत्तरलाई शहर के ऊपर आखिरी बार उड़ान भरी

### उत्तरलाई में कार्यरत 4 नंबर स्क्वाड्रन को अब सुखोई-30 एमकेआई में बदला गया

### आखिरी बार उड़ान भरने वाले मिग-21 बाइसन का साथ लड़ाकू सुखोई-30 ने दिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रूसी मिग लड़ाकू विमानों के युग के अंत को चिह्नित करते हुए मिग-21 बाइसन ने राजस्थान के बाड़मेर में उत्तरलाई शहर के ऊपर आखिरी बार उड़ान भरी। मिग-21 बाइसन लड़ाकू विमान के लिए वायु सेना स्टेशन उत्तरलाई में कार्यरत 4 नंबर स्क्वाड्रन को अब सुखोई-30 एमकेआई में बदल दिया गया है। इसका जश्न मनाने के लिए वायु सेना स्टेशन में एक समारोह आयोजित किया गया। यहां से आखिरी बार उड़ान भरने वाले मिग-21 बाइसन का साथ सुखोई-30 ने दिया। विंग कमांडर आशीष



मोघे ने बताया कि वायु सेना ने अपने उत्तरलाई एयरबेस से मिग-21 बाइसन की दो स्क्वाड्रन का संचालन जारी रखा है लेकिन अब यहां कार्यरत 4 नंबर स्क्वाड्रन को सुखोई-30 एमकेआई में बदल दिया गया है। इसके लिए एक समारोह आयोजित करके जश्न मनाया गया। वायु सेना ने एक बयान में बताया कि रूसी मिग लड़ाकू विमानों के एक युग का अंत चिह्नित करने के लिए मिग-21 बाइसन विमान ने आखिरी बार राजस्थान के बाड़मेर जिले के उत्तरलाई एयरबेस से उड़ान भरी। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए सुखोई-30 एमकेआई ने आसमान में मिग-21 बाइसन का साथ दिया।

### हरदोई में मार्ग दुर्घटना में पांच की मौत

**हरदोई।** यूपी में जनपद हरदोई के बिल्हौर-कटरा मार्ग पर खमरिया मोड़ के पास सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात को बेकाबू कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार 5 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पिता-पुत्र भी शामिल थे। मुख्यमंत्री योगी ने हरदोई में हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। हादसे में पिता-पुत्र सहित 5 लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर सवायजपुर कोतवाली प्रभारी दिलेश कुमार सिंह के साथ ही एसपी केसी गोस्वामी, एएसपी पश्चिमी दुर्गेश सिंह समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंच गये।

### सड़क हादसे में 4 की मौत, दस अन्य घायल

**कुपवाड़ा।** कुपवाड़ा जिले के करनाह के नवागाबरा इलाके में मंगलवार को एक वाहन के खाई में गिरने जाने से 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि करनाह के नवागाबरा इलाके में वाहन अचानक सड़क से फिसल गया और खाई में गिर गया, जिससे 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि वाहन में सवार 10 अन्य लोगों को भी चोटें आई है। अधिकारी ने कहा कि घायलों का इलाज एसडीएच तंगधार में किया जा रहा है। कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्यवाही जारी है। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

## बच्चों में निमोनिया की दवाएं हो रहीं बेअसर, गंभीर रोगों का खतरा

**आरएनएम। नई दिल्ली**

द लैंसेट जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में लिखा है कि एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस की बढ़ती समस्या के कारण बच्चों-शिशुओं में आम संक्रमण के इलाज के लिए दी जाने वाली कई दवाएं अब भारत सहित दुनिया के बड़े हिस्सों में प्रभावी नहीं हैं। इस स्थिति में हल्के संक्रमण से भी गंभीर रोग का जोखिम हो सकता है। एंटीबायोटिक दवाओं के काम न करने से संक्रमण के शरीर में बढ़ने और ऑर्गन फेलियर तक का खतरा है। इस बारे में ऑस्ट्रेलिया में सिडनी विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के नेतृत्व वाली टीम ने पाया कि निमोनिया, सेप्सिस (रक्त प्रवाह संक्रमण) और मेनिनजाइटिस जैसे बचपन में होने वाले संक्रमणों के इलाज के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा अनुशंसित कई एंटीबायोटिक दवाएं अब 50 प्रतिशत से भी कम प्रभावी साबित हो रही हैं। ये बड़ा खतरा है, जिससे बच्चों में गंभीर रोगों के विकसित होने का जोखिम हो सकता है।अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया, दक्षिण पूर्व एशिया और प्रशांत क्षेत्र एंटीबायोटिक दवाओं के कम होते प्रभावों के सबसे ज्यादा शिकार हैं, यहां हर साल एंटीबायोटिक प्रतिरोध के कारण लाखों बच्चों की अनावश्यक मौतें होती हैं। डब्ल्यूएचओ ने यहां तक कहा है कि एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) मानवता के सामने आने वाले शीर्ष 10 वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरों में से एक है। नवजात शिशुओं में, हर वर्ष वैश्विक स्तर पर सेप्सिस के अनुमानित तीन मिलियन मामले सामने आते हैं, जिसमें 570,000 (5.7 लाख) मौतें हो जाती हैं। इनमें से कई मामले बैक्टीरिया के इलाज के लिए प्रभावी एंटीबायोटिक, दवाओं के कम होते असर के कारण हैं। अध्ययन से इस बात के प्रमाण मिले हैं कि बच्चों में सेप्सिस और मेनिनजाइटिस के लिए कारक माने जाने वाले बैक्टीरिया, इसकी एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति प्रतिरोधी साबित हो रहे हैं।

### कृतज्ञ राष्ट्र ने सरदार पटेल को किया याद

## राष्ट्रपति ने दिल्ली, प्रधानमंत्री ने केवड़िया में पुष्पांजलि अर्पित की

**एजेंसी। नई दिल्ली/केवड़िया**

देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 148वीं जयंती के मौके पर आज (मंगलवार) केवड़िया (गुजरात) में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और कई गणमान्य लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें याद करते हुए एक्स पर लिखा, सरदार पटेल की जयंती पर हम उनकी अदम्य भावना, दूरदर्शी राजनेता और असाधारण समर्पण को याद करते हैं। उन्होंने हमारे देश की नियति को आकार दिया। राष्ट्रीय एकता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हमारा मार्गदर्शन करती रहती है। हम उनकी सेवा के सदैव ऋणी रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी गुजरात दौरे के दूसरे दिन सुबह केवड़िया में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी पहुंचे। यहां उन्होंने देश के पहले गृहमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने इस दौरान रैंप से स्टेच्यू ऑफ यूनिटी के बराबर गए और वहां से सरदार पटेल को फूल चढ़ाए। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के पटेल चौक पर आयोजित विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति धनखड़, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और अन्य लोगों ने भारत के पहले गृह मंत्री की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## FILMY हलचल

## शेफाली शाह ने खाई कसम- 'कभी अक्षय की मां का रोल नहीं करूंगी'




**बॉलीवुड** में कई अभिनेत्रियों ने अपने से बड़े अभिनेताओं की मां का किरदार निभाया है। हाल ही में आई फिल्म जवान में 39 साल की रिद्धि डोगरा ने 57 साल के शाहरुख खान की मां का किरदार निभाया था। ऐसी ही एक अभिनेत्री शेफाली शाह ने फिल्म वक्त में अक्षय की मां का रोल निभाया था। अब शेफाली ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा कि अब वह कभी भी अक्षय की मां का किरदार नहीं निभाएंगी। एक सवालों के जवाब में शेफाली शाह ने कहा कि, मैं ईमानदारी से आपको बता सकती हूं कि मुझे इतने सारे अच्छे लोगों के साथ काम करने का मौका मिला, मैं खुश हूं। मैं ऐसा इसलिए नहीं कह रहा हूं कि ऐसा जवाब सुनकर अच्छा लगता है, बल्कि यह सच है। मैंने एक ऐसे निर्देशक और अभिनेता के साथ काम किया, जो बहुत मतलबी थे। इसके अलावा, मैंने उन सभी निर्देशकों के साथ काम किया है, जो महसूस करते हैं कि अभिनेता सहयोगी होते हैं, सिर्फ अभिनेता नहीं। शेफाली ने मंच पर कहा, मैं वादा करती हूं कि मैं अपनी जिंदगी में कभी भी अक्षय कुमार की मां का किरदार नहीं निभाऊंगी।

### रेमो डिसूजा की अपकमिंग फिल्म में नजर आएंगी नोरा फतेही




**अभिनेत्री**-डांसर नोरा फतेही कोरियोग्राफर-निर्देशक रेमो डिसूजा की आगामी फिल?म में नजर आने वाली हैं। इस आगामी उद्यम के बारे में लगभग कोई विवरण उपलब्ध नहीं है, लेकिन 'हिप-हॉप इंडिया' सहयोगी द्वारा उन्हें विवरण दिए जाने के बाद डांसिंग सनसनी ने तुरंत इस विचार पर विचार किया। फिल्म के डेवलपर्स में से एक ने कहा, 'बी हैप्पी' के बाद अगले कदम के लिए कई चर्चाएं हुईं और रेमो के पास एक विचार था जिसे नोरा ने तुरंत स्वीकार कर लिया। हमें उम्मीद है कि इसका समापन होगा क्योंकि यह निश्चित रूप से एक रोमांचक परियोजना होगी, जो 'बी हैप्पी' से बहुत अलग होगी।" रेमो की फिल्म 'स्ट्रीट डांसर' में उनका गाना 'गर्मी' लोगों के लिए पसंदीदा गाना बन गया।

## कार्यक्रम: जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का 48 दिनों तक होगा विशेष पूजन

# 17 जनवरी को नगर भ्रमण पर निकलेंगे रामलला

**एजेंसी। लखनऊ**

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर निमार्णाधीन भव्य एवं दिव्य मंदिर के गर्भगृह में रामलला की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के अगले 48 दिनों तक उनका विशेष पूजन होगा। राम सबके हैं इसलिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने योजना बनाई है कि गर्भगृह में रामलला के विराजमान होने के बाद उनकी पूजा का अवसर सबको मिलना चाहिए। इसलिए 48 दिनों तक चलने वाले विशेष पूजा अनुष्ठान में देश के सभी प्रांतों के विद्वान अलग-अलग दिनों में आकर पूजा में सहभागी बनेंगे। सम्पूर्ण देश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की रचना के अनुसार 48 प्रांत



हैं। इसलिए एक दिन में एक प्रांत के 11 लोग आएंगे। इन 11 लोगों में धर्म एवं सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले ऐसे लोग होंगे जो अपने-अपने बल पर समाज सेवा का कोई न कोई प्रकल्प चला रहे हों। 48 दिनों तक चलने वाला यह अनुष्ठान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि जी महाराज की देखरेख में संपन्न होगा।

तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला विराजमान होने से पहले 17 जनवरी को अयोध्या के नगर भ्रमण पर निकलेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक हिस्सा लेंगे। नगर भ्रमण का रूट क्या होगा इसका निर्धारण 05 नवंबर को अयोध्या में होने वाली श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में होगा। नगर भ्रमण के दौरान शोभायात्रा के रथ में रखी जाने वाली श्रीराम की मूर्ति का निर्माण कारसेवकपुरम में चल रहा है। ट्रस्ट के सदस्यों के अनुसार कारसेवकपुरम में तीन मूर्तियां बनाई जा रही हैं। इनमें एक मूर्ति फाइनल की जाएगी। नगर भ्रमण के बाद उस मूर्ति को राम मंदिर के किसी स्थान पर स्थापित कर दी जाएगी।

### पांच दिनों तक चलेगा प्राण प्रतिष्ठा का विशेष अनुष्ठान

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान पांच दिनों तक विशेष अनुष्ठान होगा। समारोह के अनुष्ठान का शुभारम्भ 17 जनवरी को रामलला के नगर भ्रमण के साथ होगा। जिसके अगले चार दिनों में जलाधिवास, अन्नाधिवास, शैयाधिवास और पुष्पाधिवास पूर्ण किए जाएंगे। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत समेत देश के विभिन्न हिस्सों से करीब 10 हजार प्रतिनिधि समारोह में शामिल होंगे।

## भोजपुरी फिल्म 'छठ के बरतिया' का ट्रेलर रिलीज

**लोक** आस्था के महापर्व छठ की शुरूआत इस साल 17 नवंबर से हो रही है। छठ पर्व भगवान सूर्य की उपासना का सबसे बड़ा पर्व माना जाता है। इसकी महिमा को ध्यान में रखते हुए एआरके वर्कस चैनल रत्नाकर कुमार प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म छठ के बरतिया का धार्मिक और मार्मिक ट्रेलर वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। ट्रेलर में भोजपुरी एक्ट्रेस स्मृति सिन्हा को छठी मैया की भक्त के रूप में




दिखाया गया है, वहीं अभिनेत्री माही श्रीवास्तव को छठ मैया का किरदार अदा करते हुए नजर आ रही हैं। जिसमें भक्त और भगवान की महिमा का बड़े सुंदर तरीके से चित्रण किया गया है। ट्रेलर में सभी कलाकारों ने अपने दम अभिनय से दर्शकों का मन जीत लिया है। ट्रेलर की बात करें तो इसमें स्मृति सिन्हा को छठ मैया याने माही श्रीवास्तव की भक्त के रूप में दशार्या गया है। जो अपनी हर इच्छा और मनोकामना मां को बताती हैं। अभिनेता अंशुमन मिश्रा स्मृति सिन्हा के पति के रूप में नजर आ रहे हैं। समर्थ चतुवेर्दी और रितु पांडेय ट्रेलर में विलेन का किरदार निभाते हुए दिखाई दे रहे हैं। जो अंशुमन मिश्रा के मामा और मामी होते हुए भी उसका घर नहीं बसने देना चाह रहे हैं।

## गागर में सागर

### राज्यपाल ने सरदार पटेल की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया



रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राज भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान राज्यपाल ने पटेल के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### लोकहित अधिकार पार्टी की सामाजिक न्याय यात्रा आज से

**रांची।** लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू ने बताया कि शोषित उपेक्षित और अपने अधिकारों से वंचित लोगों में सजगता लाने के लिए 1 नवम्बर से 22 दिसम्बर तक के लिए सामाजिक न्याय यात्रा करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू पार्टी का झण्डा दिखाकर यात्रा का शुभारंभ करेंगे ! उक्त मौके पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मो. अजहर आलम, जिलाध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता, जिला समिति के पदाधिकारी मुकुल नायक, जनक प्रजापति, सुनीता उरांव, सुनीता मुंडा, रीना देवी मुंडा, पार्वती देवी, कंचन रानी, देवपुजन ठाकुर, डा. दानेश्वर साहू, दीपक चौरसिया, सत्यानंद उरांव, गणेश लोहार रामानंद ठाकुर, संजय लोहरा, अजित साहू, लालू महतो समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहेंगे।

### पुलिस मुख्यालय में मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय में मंगलवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर डीजीपी अजय कुमार सिंह ने पुलिस मुख्यालय में सभी उपस्थित वरीय, कनीय पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए शपथ दिलाया। इस अवसर पर एडीजी मुरारी लाल मीणा, संजय आनन्दराव लाठकर, प्रिया दूबे, मनोज कौशिक, एवी होमकर, प्रभात कुमार, विजया लक्ष्मी, डॉ. शम्स तबरेज, माईकल एस राज सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए राज्य पुलिस एवं अन्य वदीर्धारी बलों की ओर से आज के दिन मार्चपास्ट, शपथ ग्रहण एवं अन्य प्रकार से इस दिवस को मनाये जाने की परम्परा रही है।

### राज्यपाल से मिले झारखंड विधानसभा अध्यक्ष

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने राजभवन में मुलाकात की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने राज्यपाल को झारखंड विधानसभा के स्थापना दिवस के लिए आमंत्रित किया। उल्लेखनीय है कि 22 नवंबर को झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस मनाया जाता है।

## 74 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ धूमधाम से संपन्न

# मंदिर परिसर में सैकड़ों भक्तों ने भक्ति भाव से किया पाठ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 74 वां कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। अवसर था 74 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। इस मौके पर श्री हनुमान चालीसा पाठ का भी किया गया। श्री हनुमान चालीसा पाठ से गूंज रहा था। ''दीन दयाल विरुद्ध संभारी हरहु नाथ मम संकट भारी जो यह पढ़े हनुमान चालीसा हुए सिद्धि साखी गौरीसा तुलसीदास सदा हरि चेरा कीजै नाथ हृदय महु डेरा'' के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। इस मौके पर सुनील मोदी, आशा मोदी, बलराम मोदी, शिखा मोदी ने हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके केसरिया पेड़ा, गुड़, चना, संतरा फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न



करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा मनीष मित्तल एवं राजेंद्र अग्रवाल ने गिरीगोला सेवा निवेदित की। सुनील मोदी ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचको का चंदन वंदन किया। श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक डफली झांझ करताल के सुरताल के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। मंदिर परिसर में उपस्थित सैकड़ों भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया। बजरंगबली की जय जयकारों से हरमू रोड गूंज रहा था। पाठ के समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय संकीर्तन करके महाआरती की गई। सभी भक्तजनों को केसरिया पेडा चना गुड़ संतरा फल व नारियल का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्रवण ढानढनिया स्नेह पोद्दार श्याम सुंदर जोशी आदि उपस्थित थे।

**खाटू नरेश का केशर चंदन तिलक श्रृंगार।** बुधवार 1 नवंबर को खाटू नरेश का केसर चंदन तिलक का श्रृंगार किया जाएगा ज्ञातव्य है कि इस बार शरद पूर्णिमा के दिन चंद्र ग्रहण होने के कारण दूसरे दिन खाटू नरेश का महास्नान किया गया था। उसी दिन से बाबा श्यामल रूप में दर्शन दे रहे थे खाटूधाम के परंपरा के अनुसार कल बुधवार को खाटू में एवं हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में केसर चंदन तिलक का श्रृंगार किया जाएगा। संध्या 4:30 बजे भक्त तिलक श्रृंगार का दर्शन कर सकेंगे।

**शनिवार को श्री श्याम भंडारा :** 4 नवम्बर शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 85 वा श्री श्याम भंडारा सायं 5:00 बजे से होगा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्तों का आमंत्रित किया है। उपरोक्त जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## ठंड को देखते हुए मदरसे के बच्चों को दिया गया कंबल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मदरसे के बच्चों को कंबल वितरण किया गया। अभी ठंड की शुरूआत है। ठंड से बचने के लिए पहले ही कंबल दे दिया गया है ताकि बच्चों को ठंड में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। कंबल वितरण का कार्यक्रम मेरी आवाज मेरी पहचान के द्वारा हिन्दपीढ़ी स्थित मदरसा रहमानिया के बच्चों को दिया गया। एम ए एम पी के अध्यक्ष एक्टर देवेश खान ने हाफिज मिकाईल के कामों की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि ये बच्चों को अच्छी तालीम दे रहे हैं। यह बच्चों के प्रति काफी गंभीर रहते हैं। रहमानी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष हाफिज मिकाईल ने मेरी आवाज मेरी पहचान के सभी पदाधिकारी का स्वागत किया और अच्छे कामों को सराहा। एम ए एम पी के सचिव बुलंद अख्तर ने बच्चों से कहा कि बच्चों किस्मत से नहीं मेहनत से कामयाबी मिलती है। तालीम से ही तरक्की मुमकिन है। सारे बच्चे एक नमूना बन कर रहे। महासचिव कुमार गहलोत ने मदरसा के बच्चों से कहा कि खूब मन लगाकर पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही आप समाज में और पूरे देश में अपनी पहचान बना सकते हैं।

# जम्मू कश्मीर व लद्दाख दोनों भारत का स्वर्ग है : राज्यपाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को राज भवन में आयोजित केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह क्षेत्र भारत का स्वर्ग है और इन प्रदेशों ने अपने प्राकृतिक सुंदरता एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से दुनिया को आकर्षित किया है। हमारे देश में अलग-अलग क्षेत्रों में भाषा एवं संस्कृति में विविधता है। वहां के रहन-सहन एवं पहनावा में भी विविधता हैं। उनके अपने लोक गीत, लोक नृत्य एवं लोक उत्सव हैं। यहाँ विविधता में एकता है और हम सब एक हैं। हम सभी को अपनी भाषा, समृद्ध संस्कृति एवं परंपरा से स्नेह करने के साथ दूसरों की भाषा, संस्कृति व परंपरा का आदर करना चाहिए। राज्यपाल महोदय ने कहा कि जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख के लोगों ने पर्यटन एवं आतिथ्य सत्कार के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उनका साहस और राष्ट्र प्रेम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख का सर्वांगीण विकास के लिए विशेष पहल की जा रही है। एक भारत श्रेष्ठ भारत₹ कार्यक्रम के माध्यम से भारत के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को जानने का अवसर मिलेगा और संस्कृतियों का भी आदान-प्रदान होगा। जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर लोक गीत एवं लोक नृत्य की प्रस्तुति भी की गई।

## उपायुक्त ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर पदाधिकारियों संग ली शपथ, कहा-

# देश की सुरक्षा बनाए रखने के लिए स्वयं को करें समर्पित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त ने मंगलवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में सभी अधिकारी/ पदाधिकारी/कर्मियों के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ली। शपथ के दौरान अपर समाहर्ता रांची, राहुल कुमार बरवार, अपर जिला दंडाधिकारी (विधी-व्यवस्था) रांची, राजेश्वर नाथ आलोक, नजारत उप-समाहर्ता रांची, केवल कृष्ण अग्रवाल, उप-निदेशक सामाजिक सुरक्षा रांची, रवि शंकर मिश्रा एवं सभी अधिकारी/ पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सभी अधिकारी/ पदाधिकारी/कर्मियों के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करुंगा और अपने देशवासियों के बीच यह





संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करुंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूं। उपायुक्त ने कहा की सरदार वल्लभ भाई पटेल जिनकी भारत के राजनीतिक एकीकरण में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए पूरा देश कृतज्ञ हैं। जब भारत आजाद हुआ था तब देश 550 से ज्यादा रियासतों में बंटा था। इन्हें भारत में मिलाने में सरदार पटेल ने सबसे अहम भूमिका निभाई। इसके लिए पूरा देश हमेशा उनको याद और नमन करेगा।

# सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे सरदार वल्लभ भाई पटेल : बाबूलाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। मरांडी ने कहा कि सरदार पटेल भारत की राष्ट्रीय एकात्मता एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों से भारत को मिली आजादी के बाद सरदार पटेल ने 500 से अधिक रियासतों को एक भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अगर वह नहीं होते तो शायद आज भारत इस तरह का नहीं होता। उन्होंने इसके लिए काफी अपनी मेहनत से भारत को सिंचा है। सरदार पटेल भारत माता की सांस्कृतिक पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखना चाहते थे। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरदार पटेल के सपनों का भारत एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहे। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का व्यक्तित्व जितना महान था उनका कृतित्व भी उतना ही महान रहा। वे केवल कुशल राजनेता ही नहीं, बल्कि कुशल प्रशासक भी थे। उन्होंने अपने देश को एक स्वर्ग बनाना चाहते हैं और उन्होंने अंग्रेजों की लड़ाई में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। सरदार पटेल ने राष्ट्रीय एकता को मजबूती प्रदान करते हुए भारतीय प्रशासनिक तंत्र को भी विकसित किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, प्रदेश मंत्री काजल प्रधान प्रतुल शाहदेव, राजीव रंजन मिश्र, अशोक बड़ाइक, तारिक इमरान आदि शामिल रहे।

# नवयुवकों ने जेसीबी मशीन से पशुपतिनाथ छठ घाट की सफाई की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्राचीन पशुपतिनाथ मन्दिर के उत्तर स्थित जुमार नदी किनारे पशुपतिनाथ छठ घाट की सफाई नवयुवकों द्वारा जेसीबी मशीन लगाकर की गई। सफाई अभियान आरवीसी परिसर में रहने वाले अमरजीत पासवान, विशु मंडल और दिलीप उरांव के नेतृत्व में चलाया गया। सफाई के दौरान आरवीसी से जुमार नदी पुल जाने वाली सड़क के दोनों और बड़ी मात्रा में मेडिकल वेस्ट डंप किया हुआ पाया गया। सफाई अभियान दल द्वारा सड़क के दोनों किनारे मेडिकल वेस्ट डंप किये जाने पर कार्रवाई किये जाने का बोर्ड भी लगा दिया गया है। सफाई दल में मिथलेश यादव, कन्हैया पासवान, अंकित राम, विशेष कुमार, सोनू पंडित, रोहित कुमार राम, निखिल सिंह, रॉकी राम, विनोद राम, आयुष कुमार, राजू कुमार राम, निखिल कुमार पासवान, पंकज गाड़ी आदि शामिल थे। सफाई अभियान में शामिल लोगों द्वारा बीएयू के सुरक्षा पदाधिकारी को पशुपतिनाथ मन्दिर, छठ घाट और नदी किनारे आसपास के अस्पतालों द्वारा मेडिकल वेस्ट डंप किए जाने की जानकारी दी गयी जिसके बाद सुरक्षा पदाधिकारी रंजीत कुमार सिंह ने कांके थाना में लिखित शिकायत की कि कांके ब्लॉक और अरसंडे क्षेत्र में अवस्थित अस्पतालों द्वारा बड़ी मात्रा में नदी किनारे मेडिकल कचरा डंप किया जा रहा है जो पर्यावरण संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन है। इससे आसपास अवस्थित बीएयू के पशु पक्षी प्रक्षेत्र में महामारी का खतरा उत्पन्न हो सकता है। शिकायत की प्रति आसपास अवस्थित अस्पतालों को भी दी गई है।

# हाई कोर्ट ने नक्शा स्वीकृति मामले में रांची नगर निगम से मांगा ब्योरा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य के नगर निकायों में नक्शे स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में स्वतः संज्ञान की मंगलवार सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम की ओर से मौखिक रूप से कोर्ट को बताया गया कि इस वर्ष दो अगस्त से अक्टूबर माह तक 6000 नक्शा स्वीकृति के लिए के लिए आवेदन आए, जिसमें से करीब 5000 नक्शा आवेदन को स्वीकृति प्रदान कर दी गई। न्यायाधीश एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। इस पर कोर्ट ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि रांची निगम एवं आरआरडीए में कर्मियों की कमी है। ऐसे में इतनी बड़ी संख्या में नक्शा के आवेदन कैसे स्वीकृत हो गए। कोर्ट ने रांची नगर निगम एवं आरआरडीए को अगली सुनवाई के पूर्व शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि नक्शा स्वीकृत पर हाई कोर्ट की लगी रोक हटाने के बाद से रांची नगर निगम एवं आरआरडीए में नक्शा स्वीकृत के लिए कितने आवेदन आए, इनमें से कितने आवेदन स्वीकृत हुए और अब तक नक्शा स्वीकृत के लिए आए कितने आवेदन अबतक लंबित हैं।

कोर्ट ने इसका पूरा विस्तृत विवरण रांची नगर निगम और आरआरडीए से मांगा है। अगली सुनवाई आठ नवंबर को होगी। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन सहदेव ने पैरवी की। आरआरडीए की ओर से अधिवक्ता प्रशांत कुमार सिंह ने पैरवी की। इससे संबंधित खबर रांची के स्थानीय समाचार पत्र में छपी थी, जिस पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था।

## पृष्ठ एक के शेष

**हाईकोर्ट ने दारोगा रूपा तिर्की मौत मामले में...**

रोहितस्य रॉय और विभोर मयंक ने बहस की। इस केस में साहिबगंज जिले के बोरियो थाना में मामला (कांड संख्या 127/2021) दर्ज किया गया है। शिव कुमार कनौजिया फिलहाल जमानत पर हैं। उन्हें झारखंड हाई कोर्ट ने जमानत की सुविधा प्रदान की है। साहिबगंज महिला थाना प्रभारी रूपा तिर्की आत्महत्या मामले में साहिबगंज पुलिस ने 2018 बैच के दारोगा शिव कनौजिया को नौ मई, 2021 को गिरफ्तार किया था। इस पूरे मामले की जांच सीबीआई ने की है।सीबीआई ने इस मामले में अपनी क्लोजर रिपोर्ट भी दाखिल कर दी है। सीबीआई के केस टेकअप करने से पहले पुलिस ने भी चार्जशीट दाखिल की थी। शिव कुमार कनौजिया 2018 बैच के एसआई (सब इंस्पेक्टर) हैं। शिव कुमार और रूपा के बीच दोस्ती थी। मोबाइल पर दोनों के बीच अक्सर बात होती थी।

**बूढ़ा पहाड़ को मुक्त कराने वाली पूरी...**

जगुआर अनूप बिरथरे, एसपी शिवानी तिवारी, लातेहार एसपी अंजनी अंजन, तत्कालीन गढ़वा एसपी अंजनी कुमार झा, सेकेंड कमांडेंट विवेकानंद सिंह, सहायक कमांडेंट कमलेश कुमार, इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, एसआई गौतम कुमार, जमील अंसारी, मनोहर राम, हवलदार राजकुमार उरांव, आरक्षी रतन कुमार यादव और विष्णु शंकर को स्पेशल ऑपरेशन मेडल मिला है।

**रेलवे राज्य के यात्रियों को 11 दिसंबर से...**

जमालपुर, किऊल, जमुई, झाझा, चितरंजन, कुल्टी, राउरकेला, झारसुगुड़ा और संबलपुर से सवार हो सकते हैं। आरसीटीसी के अनुसार यात्रियों की श्रेणी के अनुसार उनके रहने की व्यवस्था की जायेगी, जहां श्रेणी के हिसाब से यात्रियों को वातानुकूलित और गैर वातानुकूलित होटल में रात्रि विश्राम की सुविधा देगी। दिन में तीन बार शाकाहारी भोजन की व्यवस्था, सुबह की चाय और दिन में दो बोतल पीने का पानी दिया जायेगा। घूमने के लिए श्रेणी के हिसाब से सामान्य व वातानुकूलित बस की व्यवस्था भी दी जायेगी।

**रांची तेजी से उभरता हुआ...**

बढ़ेगा, उभरते शहरों में लोगों के लिए कई नए अवसर खुलेंगे।रिपोर्ट के अनुसार - इंजीनियरिंग, कला ,विज्ञान में भारत के 60% स्नातक छोटे शहरों में हैं। इन शहरों में 140 से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्रों के कुछ न कुछ काम हो रहे हैं। यह इन स्थानों में वैश्विक उद्यमों की बढ़ती रुचि को उजागर करता है। टियर-2 शहर नवाचार के भी बढ़ने वाले स्थल बन रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार देश के कुल स्टार्टअप (7,000 से अधिक) में से लगभग 39% इन उभरते टियर-2 शहरों में काम करते हैं, जो डीप टेक से लेकर बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेंट (बीपीएम) तक के उद्योगों में फैले हुए हैं। डेलॉय इंडिया के अनुसार कहा, "अतीत में बड़े शहरों पर ध्यान केंद्रित किया जाता था, लेकिन महामारी के बाद देश भर में काम का उल्लेखनीय विकेंद्रीकरण देखा गया। ये स्थान जहां वर्तमान में 10-15 प्रतिशत तकनीकी प्रतिभा हैं, यदि विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा व सरकार की मदद मिले तो आशाजनक विकास में सक्षम हैं।

**समस्याओं का अंबार...**

के लिए चुनाव करा लिया जाना था। बकायदा निकायों में मेयर व अध्यक्षों के साथ वार्ड पार्षदों की आरक्षण रोस्टिंग भी जारी कर दी गई थी। जिसके तहत संभावित उम्मीदवारों ने तैयारी भी शुरू कर दी गई थी। शहरों में प्रत्याशियों के होर्डिंग-बैनर लगाने के साथ प्रचार टोली भी उतार दिये गये थे। किंतु राजनीतिक सरगर्मी उफान पर आने के पूर्व ही प्रदेश कैबिनेट के फैसले ने उनके अरमानों पर पानी फेर दिया।

**समझ से परे है राजनीतिक दलों की उदासीनता :** प्रदेश में नगर निकाय चुनाव जैसे अहम मुद्दे के प्रति राजनीतिक दलों की उदासीनता समझ से परे है। न तो सत्तासीन न ही विपक्षी दलों में इसे लेकर कहीं कोई सुगबुगाहट नजर आ रही है। भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा के दौरान भी इसकी चर्चा सुनने को नहीं मिली। नगर निकायों को ब्यूरोक्रेट के हवाले कर सरकार भी इस पर चुप्पी साधे हुए है। जबकि आमजन लाल फीताशाही तले कराह रहे हैं।

## कार्यक्रम — राष्ट्रीय एकता दिवस पर तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन में कहा-

# भारत सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें

**नवीन मेल संवाददाता। नगड़ी**

मंगलवार को केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, प्रादेशिक कार्यालय, रांची द्वारा रांची के नगडी प्रखंड में तीन दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता दिवस, मेरी माटी मेरा देश, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, हर घर जल- हर घर नल, स्वच्छता आदि विषयों पर आयोजित किया गया। चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन हटिया विधानसभा के विधायक नवीन जायसवाल ने फिता काटकर किया। साथ ही साथ विधायक, केंद्रीय संचार ब्यूरो के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा व अन्य आमंत्रित अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। अतिथियों का स्वागत केंद्रीय संचार ब्यूरो रांची द्वारा शॉल व मोमेंटो देकर किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में स्वागत गान सैक्रेड मिशन हाई स्कूल नगड़ी के छात्राओं द्वारा गया गया। विधायक नवीन जायसवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की भारत सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ उठाएं। यहां चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से सभी को जागरूक किया जा रहा है



### केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के स्टॉल प्रदर्शनी स्थल पर लगाए गए

### पदम-श्री मधु मंसूरी जी ने सभा को संबोधित किया और अपना प्रसिद्ध गीत गाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया

व सभी विषयों के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दिया जा रहा है। हर घर जल, हर घर नल के तहत स्वच्छ जल को सभी के घर तक पहुंचाने के लिए लगातार काम हो रहा है। अपने देश को विश्व के तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए हम सभी युवाओं को आगे बढ़कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया, साथ ही साथ चारों तरफ स्वच्छता को बनाए रखने पर जोर दिया। हटिया विधानसभा विधायक नवीन जयसवाल ने आगे कहा की स्वतंत्रता के बाद जम्मू-कश्मीर के भारत में एकीकरण की बागडोर यदि लौह पुरुष सरदार पटेल के हाथों में होती तो यह मुद्दा बहुत पहले ही सुलझ गया होता। श्री जायसवाल ने अपने सम्बोधन भाषण में यह भी कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना भारत सरकार की एक नई योजना है इसका पूरा पूरा लाभ उठाएं। वही जिला परिषद सदस्य पूनम देवी ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर लोगों को संबोधित किया तथा राष्ट्र के निर्माण में अपना-अपना योगदान देने को कहा, साथ ही साथ स्वच्छता के प्रति लोगों को भी प्रेरित करने को कहा। नगड़ी के अनुमंडल विकास पदाधिकारी दीपावली भगत ने भारत सरकार के योजनाओं से संबंधित जानकारी देते हुए इसका लाभ उठाने के लिए लोगों को प्रेरित किया, वहीं अंचलाधिकारी राकेश कुमार ने प्रदर्शनी को उपयोगी बताया और बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने को कहा। कार्यक्रम के दौरान पदम-श्री श्री मधु मंसूरी ने सभा को संबोधित किया और अपना प्रसिद्ध गीत गाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। केंद्रीय संचार ब्यूरो के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान ने जनकल्याणकारी सभी योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कराया और कहा की सरकार के योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाने का कार्य केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा निरंतर हो रहा है।



# पाक ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया

## अब्दुल्ला-फखर ने जड़े शानदार अर्धशतक




**एजेंसी। कोलकाता**

पाकिस्तान ने आखिरकार ईडन गार्डन के मैदान पर बांग्लादेश को क्रिकेट विश्व कप 2023 के महत्वपूर्ण मुकाबले में 7 विकेट से हरा दिया। भले ही पाकिस्तान के लिए विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचना लगभग असंभव है लेकिन चिर प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश के खिलाफ जीत दर्ज करना उनके लिए वर्चास्व की लड़ाई की तरह था। पाकिस्तान इस जीत के साथ प्वाइंट टेबल में 7वें स्थान से ऊपर आ गया है। मैच की बात करें तो बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। पाकिस्तानी गेंदबाजों शाहीन अफरीदी (3/20), हारिस रऊफ (2/36) और मोहम्मद वसीम जूनियर (3/31) ने शानदार गेंदबाजी से बांग्लादेश को 45.1 ओवर में 204 रन पर ढेर कर दिया। बांग्लादेश की तरफ से महमूदुल्लाह ने 56, लिटन दास ने 45, शाकिब अल हसल ने 43 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की ओर से अब्दुला शफीक ने 68 तो फखर जमान ने 81 रन बनाकर पाकिस्तान को 7 विकेट से जीत दिलाने में मदद की। बांग्लादेश इसी के साथ क्रिकेट विश्व कप की सेमीफाइनल रेस से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई है।

इससे पहले ईडन गार्डन में आज बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरूआत बेहद खराब रही और शाहीन अफरीदी ने पहले ओवर की 5वीं गेंद पर तंजीद हसन को शून्य पर पगबाधा आउट कर बंगलादेश को पहला झटका दिया। इसके बाद अपने दूसरे ओवर में उन्होंने नजमुल हुसैन शांतो 4 रन को उसामा मीर के हाथों कैच कराया। छठे ओवर में 23 के स्कोर पर हारिस रऊफ ने मुशफिकुर रहीम 5 रन को रिजवान के हाथों कैच कराया। बंगलादेश का 102 के स्कोर पर चौथा विकेट गिरा।

लिटन दास को इफ्तिखार अहमद ने आगा सलमान के हाथों कैच कराया। उन्होंने 64 गेंद पर 6 चौके की मदद से 45 रन बनाए। लिटन ने महमूदुल्लाह के साथ चौथे विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी की।

### वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | नेट प्वाइंट्स | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 6 | 6 | 0 | 12 | +1.405 |
| सा. अफ्रीका | 6 | 5 | 1 | 10 | +2.032 |
| न्यूजीलैंड | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.232 |
| ऑस्ट्रेलिया | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.970 |
| पाकिस्तान | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.024 |
| अफगानिस्तान | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.718 |
| श्रीलंका | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.275 |
| नीदरलैंड्स | 6 | 2 | 4 | 4 | -1.277 |
| बांग्लादेश | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.446 |
| इंग्लैंड | 6 | 1 | 5 | 2 | -1.652 |

### स्कोर बोर्ड

| बांग्लादेश | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| तंजिद हसन | 0 | 5 | 0 | 0 |
| लिटन कुमार दास | 45 | 64 | 6 | 0 |
| नजमुल शान्तो | 4 | 3 | 1 | 0 |
| मुशफि कुर रहीम | 5 | 8 | 1 | 0 |
| महमुदउल्लाह | 56 | 70 | 6 | 1 |
| शाकिब अल हसन | 43 | 64 | 4 | 0 |
| मो. तौहीद हृदोय | 7 | 3 | 0 | 1 |
| मेहदी हसन मिराज | 25 | 30 | 1 | 1 |
| तस्किन अहमद | 6 | 13 | 0 | 0 |
| मुस्तफि जुर रहमान | 3 | 7 | 0 | 0 |
| शोरिफुल इस्लाम | 1 | 4 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 09, **कुल :** 204/10 (45.1 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-0, 2-6, 3-23, 4-102, 5-130, 6-140, 7-185, 8-200, 9-201, 10-204 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** शाहीन शाह अफरीदी 9-1-23-3, इफ्तिखार अहमद 10-0-44-1, हारिस रउफ 8-0-36-2, मोहम्मद वसीम 8.1-1-31-3, उसामा मीर 10-0-66-1

| पाकिस्तान | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अब्दुल्लाह शफीक | 68 | 69 | 9 | 2 |
| फखर जमान | 81 | 74 | 3 | 7 |
| बाबर आजम | 9 | 16 | 1 | 0 |
| मोहम्मद रिजवान | 26 | 21 | 4 | 0 |
| इफ्तिखार अहमद | 17 | 15 | 2 | 0 |

**अतिरिक्त :** 04, **कुल :** 205/3 (32.3 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-128, 2-160, 3-169. डीआरएस
**गेंदबाजी :** तस्किन अहमद 6-1-36-0, शोरिफुल इस्लाम 4-1-25-0, मेहदी हसन मिराज 9-0-60-3, मुस्तफि जुर रहमान 7-0-47-0, शाकिब अल हसन 5.3-0-30-0, नजमुल शान्तो 1-0-5-0

## मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इतने रन और शतक बनाऊंगा : कोहली



**एजेंसी। मुंबई**

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने अपने अब तक के शानदार करियर को दशार्ते हुए कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह इतने वर्षों में इतने रन और शतक बनाएंगे। भारत का अगला आईसीसी क्रिकेट विश्व कप मैच 2 नवंबर को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ है। विराट को श्रीलंका के खिलाफ खेलना पसंद है, उन्होंने उनके खिलाफ वनडे में 10 शतक लगाए हैं, जो किसी भी देश के खिलाफ उनका सबसे ज्यादा शतक है। जैसा कि विराट ने सचिन तेंदुलकर के 49 एकदिवसीय शतकों के रिकॉर्ड का पीछा करना जारी रखा है, प्रशंसकों को उम्मीद होगी कि वह श्रीलंका के खिलाफ अपने रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला शतक लगाएंगे।
स्टार स्पोर्ट्स से विशेष रूप से बातचीत में विराट ने अपने करियर के बारे में अपने विचार दिए, उन्होंने कहा, ₹अगर हम क्रिकेट के बारे में बात करते हैं, तो मैंने कभी भी सब कुछ हासिल करने के बारे में नहीं सोचा था, जैसे कि मेरा करियर कहां है और भगवान ने मुझे कैसे आशीर्वाद दिया है। मैंने हमेशा सपना देखा था कि मैं ऐसा करूंगा, लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि चीजें इस तरह से आगे बढ़ेंगी, कोई भी इन चीजों की योजना नहीं बना सकता है, जिस तरह से आपकी यात्रा चल रही है, और जिस तरह से चीजें आपके सामने आती हैं .मैंने नहीं सोचा था कि मैं इतने सालों में इतने शतक और इतने रन बनाऊंगा।''

अपने फोकस के बारे में बात करते हुए विराट ने कहा कि उनका ध्यान हमेशा अपनी टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने और कठिन परिस्थितियों में मैच जीतने पर रहा है। उन्होंने कहा, मेरा एकमात्र ध्यान इस बात पर था कि मैं टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करूं और कठिन परिस्थितियों में टीम को मैच जिताऊं। इसके लिए मैंने अनुशासन और जीवनशैली में काफी बदलाव किए। मुझमें हमेशा से ही जोश था, लेकिन मुझमें व्यावसायिकता की कमी थी। अब मेरा पूरा ध्यान इस बात पर है कि मैं खेल को कैसे खेलना चाहता हूं और उसके बाद, मैंने जो परिणाम हासिल किए हैं, वे उसी तरह से खेलने से प्राप्त हुए हैं। ईमानदारी से कहूं तो, मैंने अपने करियर से सीखा है। मैंने मैदान पर अपना सौ फीसदी देकर क्रिकेट खेला है और इससे मुझे जो आशीर्वाद मिला है वह भगवान ने मुझे दिया है और मैंने कभी नहीं सोचा था कि चीजें इस तरह से सामने आएंगी।'
विराट ने अब तक विश्व कप 2023 के छह मैचों में 88.50 की औसत और 88 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 354 रन बनाए हैं। उन्होंने अब तक एक शतक और तीन अर्धशतक बनाए हैं, जिसमें 103* का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। वह टूनामेंट में अब तक छठे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

## राष्ट्रीय खेलों का मेरे दिल में विशेष स्थान है : रानी रामपाल




**एजेंसी। पणजी**

भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने कहा है कि उनका राष्ट्रीय खेलों से विशेष जुड़ाव है क्योंकि इन खेलों में उनके प्रदर्शन के कारण ही उन्हें राष्ट्रीय शिविर में जगह मिली। भारतीय सीनियर टीम के लिए डेब्यू करने वाली सबसे कम उम्र की महिला हॉकी खिलाड़ी होने का रिकॉर्ड रखने वाली रानी को पहली बार 2007 में राष्ट्रीय टीम के लिए चुना गया था, जब वह असम के गुवाहाटी में आयोजित खेलों में सिर्फ 14 साल की थीं और उनका करियर इसके बाद तेजी से आगे बढ़ा।

28 वर्षीय खिलाड़ी ने तब से भारत के लिए 250 से अधिक मैच खेले हैं और अपने शानदार करियर के दौरान 120 से अधिक गोल किए हैं। लेकिन राष्ट्रीय खेलों का मंच अभी भी रानी के जीवन में एक विशेष स्थान रखता है। रानी अपना चौथा राष्ट्रीय खेल खेल रही है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय खेलों का मेरे दिल में एक विशेष स्थान है। मैंने पहली बार 2007 में राष्ट्रीय खेलों में भाग लिया था और वहां मेरे प्रदर्शन के आधार पर मुझे राष्ट्रीय शिविर के लिए चुना गया था। यह वही टूर्नामेंट है जिसने मेरे लिए राष्ट्रीय टीम के दरवाजे खोले। अपने देश के लिए खेलना किसी भी खिलाड़ी के जीवन का सबसे गौरवपूर्ण क्षण होता है। लेकिन यह याद रखना हमेशा विशेष होता है कि यह सब कहां से शुरू हुआ।

उन्होंने पिछले साल टोक्यो ओलंपिक खेलों में भारतीय टीम को चौथे स्थान पर पहुंचाने के तुरंत बाद गुजरात में राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा टीम का नेतृत्व किया था। अपने राज्य की टीमों के लिए वरिष्ठ अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के खेलने के महत्व के बारे में बोलते हुए रानी ने कहा, जब हम उभरते हुए खिलाड़ी थे, तो टीम में एक वरिष्ठ अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी होने से हमें अतिरिक्त प्रेरणा मिलती थी। हरियाणा की इस टीम ने युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बनाया है और अगर मैं उपस्थिति उन्हें उत्कृष्टता हासिल करने में किसी भी तरह से मदद कर सकती है तो हॉकी के लिए इससे बेहतर योगदान क्या हो सकता है। रानी इस बात से खुश थी कि गोवा इस साल राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी कर रहा है और उन्होंने कहा कि यह देश भर में बढ़ती खेल संस्कृति को दशार्ता है और उम्मीद है कि राज्य निकट भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय सितारे पैदा करेगा।

## निशानेबाज श्रियांका साडंगी ने हासिल किया ओलंपिक कोटा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

श्रियांका साडंगी ने कोरिया के चांगवोन में चल रही एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस (3पी) में चौथे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक के लिए भारत का 13वां कोटा हासिल किया। श्रियांका ने 440.5 स्कोर किया लेकिन 45 शॉट के फाइनल में 43वें शॉट के बाद बाहर हो गई। कोरिया की अनुभवी ली युंसियो ने स्वर्ण पदक जीता जबकि चीन की हान जियाउ को रजत पदक मिला। चीन की शिया सियु को कांस्य पदक मिला। सिर्फ रैंकिंग अंक के लिए खेल रही भारत की नंबर एक निशानेबाज सिफत कौर सामरा ने क्वालीफिकेशन में 592 स्कोर किया जबकि आशी चौकसी ने 591 का स्कोर बनाया।

श्रियांका और आयुषी पोद्दार ने 588 और 587 स्कोर करके शीर्ष आठ में जगह बनाई। मानिनी कौशिक दसवें स्थान पर रही। फाइनल में श्रियांका ने 10.9 के साथ शुरूआत की। पहल पांच नीलिंग शॉट के बाद उसका स्कोर 51.3 था जबकि आयुषी और आशी क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर थे। प्रोन में आशी ने अच्छी शुरूआत की जबकि श्रियांका चौथे स्थान पर रही। आयुषी सातवें स्थान पर खिसक गई। चौथे शॉट पर श्रियांका ने 10.8 और आशी ने 8.7 स्कोर किया। स्टैंडिंग पोजिशन में पहले दस शॉट के बाद ही भारत का कोटा तय हो गया। कोरिया की बाए सांघी और आयुषी क्रमश : आठवें और सातवें स्थान से बाहर हो गए।

## आज न्यूजीलैंड-दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों में होगा मुकाबला




**एजेंसी। पुणे**

सेमीफाइनल में प्रवेश की प्रबल दावेदार न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका विश्व कप के मैच में बुधवार को आमने सामने होंगी तो यह दोनों टीमों के बल्लेबाजों के बीच का मुकाबला होगा। मौजूदा विश्व कप के अधिकांश मुकाबले एकतरफा रहे हैं लेकिन अगर दो करीबी मुकाबले चुने जायें तो चेन्नई में दक्षिण अफ्रीका की पाकिस्तान पर एक विकेट से जीत और न्यूजीलैंड तथा आस्ट्रेलिया के बीच खेला गया रोमांचक मैच था जिसमें 388 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड टीम पांच रन पीछे रह गई।

दोनों टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश की दावेदार हैं और अगर बल्लेबाज चल निकले तो यह रोमांचक मैच होगा। न्यूजीलैंड के छह मैचों में आठ अंक है। लगातार चार जीत के बाद धर्मशाला में नतीजे उसकी अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहे। ऐसे में एक पराजय से अफगानिस्तान (छह अंक) और पाकिस्तान (चार अंक) के रास्ते खुल सकते हैं। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका (छह मैचों में दस अंक) के जीतने पर 12 अंक हो जायेंगे और वह भारत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा।

### टीमें इस प्रकार हैः-

**दक्षिण अफ्रीका :** टेम्बा बावुमा (कप्तान), गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, रीजी हेंड्रिक्स, मार्को जेनसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एंडिले फेहलुकवायो, कागिसो रबादा, तबरेज शम्सी, रेस वान डेर डुसेन , लिजाद विलियम्स।

**न्यूजीलैंड :** टॉम लाथम (कप्तान), डेवोन कॉनवे, विल यंग, मार्क चैपमैन, डेरिल मिशेल, जेम्स नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिशेल सेंटनर, ईश सोढी, टिम साउथी, ट्रेंट बोल्ट, लॉकी फर्ग्युसन और मैट हेनरी।

## लियोनल मेसी ने 8वीं बार बेलोन डी'ओर जीतकर रचा इतिहास




**एजेंसी। पेरिस**

फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी लियोनल मेसी ने 8वीं बार बेलोन डी'ओर का खिताब अपने नाम किया है। जबकि स्पेन की एताना बोनमती ने महिला पुरस्कार जीता। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर ने पिछले साल कतर विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए पुरस्कार जीता, जब उन्होंने सात गोल के साथ अर्जेंटीना को ट्रॉफी दिलाई थी और उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। मेसी ने एर्लिंग हालैंड और किलियन एम्बाप्पे जैसे स्टार खिलाड़ियों को पछाड़कर ये खिताब अपने नाम किया।

मेसी ने 2009, 2010, 2011, 2012, 2015, 2019, 2021 और अब 2023 में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्तिगत फुटबॉल पुरस्कार जीता है। मेसी ने कहा, हमने जो हासिल किया उसके लिए यह पूरी अर्जेंटीना टीम के लिए एक उपहार है। विश्व चैंपियन बनना वह खिताब था जिसे हम खो रहे थे। मैं उन सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने अर्जेंटीना को विश्व चैंपियन टीम बनाने में मदद की।

एताना बोनमती ने अगस्त में स्पेन का पहला महिला विश्व कप खिताब जीतने के लिए ऑस्ट्रेलिया की सैम केर और हमवतन सलमा पारलुएलो को पीछे छोड़ते हुए महिला बैलन डी'ओर जीता। अन्य पुरस्कारों में इंग्लैंड के जूड बेलिंगहैम को सर्वश्रेष्ठ अंडर-21 खिलाड़ी नामित किया गया, जबकि हालैंड ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर का पुरस्कार जीता। मेसी की राष्ट्रीय टीम के साथी एमिलियानो मार्टिनेज ने सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का लेव यशिन पुरस्कार जीता।

## राष्ट्रीय खेलों में दौड़ की कई स्पर्धाओं में टूटे रिकार्ड



**एजेंसी। पणजी**

29 अक्टूबर से शुरू हुए राष्ट्रीय खेलों में दौड़ की विभिन्न स्पर्धाओं में कई रिकार्ड टूटे। सोमवार सुबह के सत्र में उत्तर प्रदेश की अंतरराष्ट्रीय धाविका प्रियंका गोस्वामी ने पैदल चाल स्पर्धा में 1:36:35 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो पिछले साल गुजरात में मुनिता प्रजापति के नाम बनाए गए 1:38.20 के पिछले राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड से बेहतर था। मुनिता इस बार तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं शाम के सत्र में महाराष्ट्र के बाधा धावक तेजस अशोक शिरसे और एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी ने अपनी-अपनी स्पर्धाओं में पिछले राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड में सुधार किया! पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण जीतने की राह पर, 21 साल के शिरसे ने 13.71 सेकंड का समय निकाला और 2015 में महाराष्ट्र के सिद्धांत थिंगलाया द्वारा बनाए गए 13.83 सेकंड के पिछले राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड को तोड़ा।

शिरसे ने कहा, मैं अपने समय में और सुधार कर सकता था, लेकिन दौड़ के पहले 60 मीटर में कम से कम बाधाएं आईं, जिससे मुझे बेहतर समय नहीं मिला। जबकि ज्योति ने 2022 में गुजरात में बनाए गए 13.30 सेकंड के अपने ही राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड में सुधार किया। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने रेस के बाद कहा, मैं रेस में कुछ नया आजमाना चाहती थी। उन्होंने कहा, जब मैं अपना 2024 सीजन शुरू करूंगी तो प्रत्येक दौड़ में थोड़ा सुधार एक बड़ा फायदा होगा। ज्योति का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 12.78 सेकंड है और वह अभी तक पेरिस ओलंपिक खेलों का क्वालीफिकेशन समय हासिल नहीं कर पाई हैं। डिकैथलॉन के पहले दिन दिल्ली के तेजस्विन शंकर 4062 अंक के अग्रणी रहे।

## फीफा पुरुष विश्व कप 2034 की मेजबानी से पीछे हटा ऑस्ट्रेलिया




**सिडनी।** फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को 2034 फीफा पुरुष फुटबॉल विश्व कप की बोली से इनकार कर दिया, जिससे सऊदी अरब के लिए संभावित रूप से टूर्नामेंट की मेजबानी का रास्ता साफ हो गया। 2023 में रिकॉर्ड तोड़ने वाले फीफा महिला विश्व कप की सफलतापूर्वक मेजबानी करने के बाद ऑस्ट्रेलिया की 2034 पुरुष विश्व कप की मेजबानी की संभावना कम लग रही थी जब एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने सऊदी बोली का समर्थन किया। फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, हमने फीफा विश्व कप की मेजबानी के लिए बोली लगाने के लिए काफी सोचा और सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए, हम 2034 प्रतियोगिता के लिए ऐसा नहीं करने के निष्कर्ष पर पहुंचे हैं।

## टेनिस प्रीमियर लीग का पांचवां सीजन 12 दिसंबर से

**पुणे।** टीपीएल का पांचवां सीजन 12 दिसंबर से शुरू होगा और ग्रैंड फिनाले 17 दिसंबर 2023 को खेला जाएगा। टीपीएल के पांचवें सीजन में पुणे जगुआर, मुंबई लियोन आर्मी, दिल्ली बिन्नी ब्रिगेड, गुजरात पैंथर्स, पंजाब टाइगर्स, बंगाल विजाड्र्स, हैदराबाद स्ट्राइकर्स और बेंगलुरु स्पार्टन्स की टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनमें तापसी पन्नू, सोनू सूद, सोनाली बेंद्रे, रकुल प्रीत सिंह जैसी प्रमुख हस्तियां शामिल हैं और इनके साथ लिएंडर पेस और सानिया मिर्जा भी जुड़े हैं। शीर्ष भारतीय टेनिस प्रतिभाएँ जैसे सुमित नागल फ्रेंचाइजी द्वारा नीलामी में सबसे महंगा खिलाड़ी बनाए जाने के बाद गुजरात पैंथर्स के लिए खेलेंगे।

**प्रतियोगिता 2023-24** | **राज्यस्तरीय खेलो झारखंड संपन्न**

# एथलेटिक्स में रांची ओवरऑल चैंपियन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वाधान में रांची के खेल गांव स्थित बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में राज्य स्तरीय खेलो झारखंड कार्यक्रम संपन्न हुआ। खेलो झारखंड अंतर्गत राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2023-24 में रांची 335 अंक के साथ चैंपियन बनी। रांची की टीम ने 36 स्वर्ण, 24 रजत 13 कांस्य पदक के साथ ओवरऑल चैंपियन बनी, दूसरे स्थान पर 5 स्वर्ण, 7 रजत 7 कांस्य पदक के साथ हजारीबाग की टीम रही।

27 से 31 अक्टूबर तक चले राज्य स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में तीनों आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं के बीच प्रतिस्पर्धा हुई, जिसमे प्रतिभागियों ने शानदार परफॉर्मेंस दिया।

उक्त प्रतियोगिता के प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023-24 में राज्य टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।
पदक विजेताओं को राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, जे एस एस पी एस के सी ई ओ गिरीश कुमार राठौड़, मुकुल टोपनो, पूर्व अंतरराष्ट्रीय एथलीट पुष्पा हस्सा, अजय कुकरेती, चंचल भट्टाचार्य, संजीव रंजन, सुनील कुमार एवं सुशील सिंह मंटू ने पदक विजेताओं को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया।

इस प्रतियोगिता में लगभग 2300 से अधिक खिलाड़ी समेत 288 कोच मैनेजर भाग ले रहे है।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के विद्या कुमारी, एम मोदस्सर, समीर कुमार, शंकर पाल, उमेश दास, जगजीत सिंह, जावेद अंसारी, चंद्रदेव सिंह, कलावती कुमारी एवं जितेंद्र कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई है।